RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 289
फरीदाबाद, बुधवार, 29 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



स्मिथ और जम्पा तीसरे टी-20 मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया लौटे
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66174 | ▲ | 204.16 |
| निफ्टी | 19889 | ▲ | 95 |
| सोना | 61335 | ▼ | 05 /10 gm |
| चांदी | 74490 | ▼ | 316 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 14.00°C

## क्विक न्यूज

### मुंबई में ट्रेनी अग्निवीर महिला ने सुसाइड किया



**मुंबई।** मुंबई में इंडियन नेवी के लिए अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रही महिला ने आत्महत्या कर ली। 20 साल की यह ट्रेनी अग्निवीर आइएनएस हमला में नेवी के हॉस्टल में रहती थी। सोमवार 27 नवंबर को महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मंगलवार (28 नवंबर) को घटना की जानकारी दी। ट्रेनी अग्निवीर महिला केरल की रहने वाली अपर्णा नायर थी और पिछले 15 दिनों से ट्रेनिंग ले रही थी। पुलिस को महिला के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अग्निवीर, अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों द्वारा भर्ती किए गए सैनिक हैं, जिसे 2022 में शुरू किया गया था।

### इजराइल-हमास युद्ध पर भारत का रुख रचनात्मकः पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध पर भारत का रुख रचनात्मक है और उन्होंने दो राष्ट्र के समाधान (टू-स्टेट सॉल्यूशन) पर जोर दिया। मंत्री ने हमास को एक आतंकवादी समूह करार देते हुए कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। पुरी ने जोर देकर कहा कि वह व्यक्तिगत हैसियत से यह बयान दे रहे हैं और उनका यह बयान भारत सरकार के रुख को नहीं दर्शाता है। इस बीच, भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि गाजा संकट पर भारत का रुख पहले दिन से ही उल्लेखनीय रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को सख्त रुख अपनाना चाहिए और क्या उसका रुख यूक्रेन-रूस युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध पर तटस्थ रहा है, तो इसपर पुरी ने कहा कि इजराइल पर हमास के हमले को लेकर भारत तटस्थ नहीं है और उसने इस आतंकवादी कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की।

### विपक्ष का झारखंड के गरीबों आदिवासियों लेना-देना नहीं: सोरेन

**लोहरदगा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले विपक्ष का राज्य के आदिवासियों एवं गरीबों से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने लोहरदगा के कुंडू में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए यह टिप्पणी की। सोरेन ने जनसभा में कहा, पिछली (भाजपा) सरकार ने लोगों को ठगा तथा आदिवासियों एवं गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। उसने लोगों के फायदे के लिए राज्य मशीनरी का इस्तेमाल नहीं किया।

## तकनीक जहां दम तोड़ गई, वहां रैट माइनर मजदूर बने मसीहा

# मजदूरों ने बचाई 41 मजदूर भाईयों की जान

## अंधेरी गुफा से 17वें दिन बाहर आए फंसे मजदूर





**पायनियर समाचार सेवा।** सिलक्यारा

**निर्माणाधीन** सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूर आखिरकार अंधेरी गुफा से बाहर निकल आए। इस बचाव अभियान के आखिरी क्षणों में जब विशाल चट्टानों का सीना चीरने और श्रेष्ठ क्षमता रखने वाली अत्याधुनिक तकनीक से लैस मशीनों ने दम तोड़ दिया था, वहां मजदूर भाईयों की जान बचाने के लिए मजदूर आगे आए। दुर्गम से दुर्गम स्थानों पर होल करने के लिए प्रसिद्ध रैट माइनर्स ने आखिरी क्षणों में मोर्चा संभाला। इन रैट माइनर्स ने ही 45 मीटर के बाद आगे की करीब 15 से 18 मीटर के बीच का मलबा 21 घंटे में हाथ से बाहर निकाला।

इस बचाव अभियान में अमेरिका, हॉलैंड जैसे देशों की ऑर्गर मशीनों से मजदूरों तक पहुंचने के लिए टनल के भीतर ही पाइप डालकर रास्ता बनाया गया था। हालांकि ऑर्गर मशीनों के बिना यह रेस्क्यू सफल होना इतना जल्दी मुमकिन नहीं था लेकिन जब मशीनों ने साथ छोड़ा तो मजदूरों के करिश्माई हाथों ने ही चट्टान जैसी चुनौती भरे इस रेस्क्यू को अंतिम रूप दिया। रात नौ बजे के आसपास सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर निकाल लिए गए थे। सभी को चिकित्सीय जांच के लिए बनाए गए अस्थायी अस्पताल में ले जाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम पड़ाव पर सीएम पुष्कर धामी, पूर्व सैना अधिकारी जनरल वीके सिंह टनल के भीतर ही मौजूद थे।

नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैय्यद अता हसैनन ने बताया- रैट माइनर्स द्वारा खुदाई का काम पूरा करने के बाद टनल में पाइप तक रैंप बनाया गया था। रैंप बनाने के बाद मजदूरों को एक एक करके पाइप तक लाया गया। पाइप में पहुंचने पर मजदूरों को स्ट्रेचर पर लिटाया गया और रस्सी के सहारे खींचकर उन्हें बाहर निकाला गया। एक मजदूर को टनल से बाहर निकालने में करीब 8 से 9 मिनट का समय लगा। टनल के अंदर ही एम्बुलेंस के अलावा स्ट्रेचर और गद्दे पहुंचाए गए थे। यहां एक अस्थायी अस्पताल बना दिया गया था। रेस्क्यू के बाद सभी मजदूरों को 30-35 किमी दूर चिन्यालीसौड़ ले जाया गया, जहां 41 बेड का स्पेशल हॉस्पिटल बनाया गया था। इससे पहले, सिल्क्यारा साइड से हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग में लगे

### बाहर निकलते ही लगे भारत माता के जयकारे

### सीएम धामी और वीके सिंह रहे मौजूद

रैट माइनर्स, हादसे के 17वें दिन दोपहर 1.20 बजे खुदाई पूरी कर पाइप से बाहर आ गए थे। उन्होंने करीब 21 घंटे में 12 मीटर की मैन्युअल ड्रिलिंग की। 24 नवंबर को मजदूरों की लोकेशन से महज 12 मीटर पहले ऑगर मशीन टूट गई थी, जिससे रेस्क्यू रोकना पड़ा था।

बता दें, निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल की खुदाई करते वक्त टनल के करीब 60 मीटर हिस्से में चट्टान व मिट्टी का एक हिस्सा ढह गया था। नतीजतन काम में लगे करीब 41 मजदूर मलबे के दूसरी तरफ, जहां निर्माणाधीन टनल की खुदाई का काम चल रहा था, वहां फंसे रह गए।

यह हादसा 12 नवंबर, 2023 को हुआ था। तभी से देश की तमाम मशीनरी मजदूरों को बचाने के अभियान में जुटी हुई थी। इस रेस्क्यू अभियान पर देशवासियों की निगाहें थीं। हर हाथ मजदूरों की सलामती की दुआएं मांग रहा था। आखिरकार देशवासियों की दुआएं काम आई और 17वें दिन सभी 41 श्रमिक अंधेरी गुफा की कैद से बाहर निकाल लिए गए।



### टनल में फंसे हुए मजदूरों के नाम

**गब्बर** सिह नेगी उत्तराखंड, सबाह अहमद बिहार, सोनु शाह बिहार, मनिर तालुकदार पश्चिम बंगाल, सेविक पखेरा पश्चिम बंगाल, अखिलेष कुमार यूपी, जयदेव परमानिक पश्चिम बंगाल, वीरेन्द्र किसकू बिहार, सपन मंडल ओडिशा, सुशील कुमार बिहार, विश्वजीत कुमार झारखंड, सुबोध कुमार झारखंड, भगवान बत्रा ओडिशा, अंकित यूपी, राम मिलन यूपी, सत्यदेव यूपी, सन्तोष यूपी, जय प्रकाश यूपी, राम सुन्दर उत्तराखंड, मंजीत यूपी, अनिल बेदिया झारखंड, श्राजेद्र बेदिया झारखंड, सुकराम झारखंड, टिंकू सरदार झारखंड, गुनोधर झारखंड, रनजीत झारखंड, रविन्द्र झारखंड, समीर झारखंड, विशेषर नायक ओडिशा, राजू नायक ओडिशा, महादेव झारखंड, मुदतू मुर्म झारखडं, धीरेन ओडिशा, चमरा उरॉव झारखंड, विजय होरो झारखंड, गणपति झारखंड, संजय असम, राम प्रसाद असम, विशाल हिमाचल प्रदेश, पुष्कर उत्तराखंड, दीपक कुमार बिहार।



अपनों के स्वागत के लिए तैयार दिखे परिजन



टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद जश्न मनाते बचाव दल के लोग।

## भांजी के भात में एक करोड़ कैश करोड़ों का दिया शगुन

### रेवाड़ी में भाई ने विधवा बहन की बेटी की शादी को बनाया चर्चित

### लोग कहते रह गए नरसी का भात के बोल किए चरितार्थ

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी



**रेवाड़ी** शहर में एक व्यक्ति ने अपनी भांजी की शादी में हिंदू रीति रिवाज के तहत भरे जाने वाले भात (शगुन) में ऐसी मिसाल पेश की है कि उसकी चर्चा आसपास ही नहीं, बल्कि देशभर में हो रही है। विधवा बहन के घर भाई ने नोटों की गड्डियों का ढेर लगा दिया। उसने एक करोड़, एक लाख, 11 हजार 101 रुपये कैश भात में दिए। इतना ही नहीं, करोड़ों रुपये के गहने भी दिए। इस भात में दिए गए कैश का वीडियो खूब चर्चा बटोर रहा है। दरअसल, रेवाड़ी के दिल्ली-जयपुर हाइवे से सटे गांव आसलवास निवासी सतबीर की बहन की शादी सिकंदरपुर में हुई थी। वह काफी लंबे समय से गढ़ी बोलनी रोड स्थित पदैयावास के पास परिवार के साथ रहती है। सतबीर की इकलौती बहन के पति की काफी समय पहले मृत्यु हो गई थी। उसकी एक ही भांजी है, जिसकी शादी से पहले भाई की तरह भात की रस्म निभाने के लिए सतबीर अपने गांव के मौजिज लोगों के साथ बहन के घर पहुंचा।

शाम को जब भात देने की रस्में निभानी शुरू की तो वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। 500-500 के नोट की गड्डियों का सतबीर ने अपनी बहन के घर ढेर लगा दिया। पूरे एक करोड़, एक लाख, 11 हजार 101 के रुपये भात में कैश दिए गए। इसके अलावा करोड़ों रुपए के गहने और अन्य सामान भी सतबीर ने अपनी बहन और भांजी के लिए दिए। भात देने के दौरान कैश की गड्डियों और गहने देने का वीडियो भी सामने आया है। सतबीर का खुद का क्रेन का कारोबार है।

### सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तराखंड की सिलक्यारा में सुरंग में फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर बाहर निकाले जाने पर मंगलवार को खुशी जताई और कहा कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए ताकि आगे ऐसी परिस्थिति पैदा न हो। पिछले दो सप्ताह से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के प्रयास में मंगलवार शाम को तब सफलता मिली, जब बचाव पाइप डालने का काम पूरा होने के करीब एक घंटे बाद पहले मजदूर को बाहर लाया गया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में पिछले 17 दिन से फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर निकाला गया। ए हम सभी के लिए बेहद राहत और हर्ष की बात है। उन्होंने कहा, 140 करोड़ भारतवासियों की प्रार्थना व एनडीएमए समेत सभी एजेंसियों का इतने दिनों से चल रहा अभियान आखिरकार कामयाब हुआ, आप सभी को बधाई।

## भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक हटी, 12 अगस्त को लगा था स्टे

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव पर हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट के स्टे का फैसला पलट दिया है। हाईकोर्ट ने 12 अगस्त को हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन (एचडब्ल्यूए) की याचिका पर स्टे लगाया था। उसके बाद समय पर चुनाव न होने के कारण यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने डब्ल्यूएफआइ को सस्पेंड कर दिया था। तब भारतीय कुश्ती महासंघ सस्पेंड है। 12 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक कमेटी की देखरेख में भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) के चुनाव होने वाले थे। चुनाव से ठीक पहले हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन (एचडब्ल्यूए) की याचिका पर हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट ने चुनावों पर स्टे लगा दिया।

एसोसिएशन ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि एचडब्ल्यूए की बजाय एक अन्य एसोसिएशन को इस चुनाव में भाग लेने की इजाजत दी गई है, जबकि वे डब्ल्यूएफआइ और हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन से एफिलिएटेड हैं। एचडब्ल्यूए के अध्यक्ष कांग्रेसी सांसद दीपेंद्र हुड्डा हैं, जिन पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों को धरना देने के लिए उकसाने का आरोप लगाता रहा है। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता वाले हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन की याचिका पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी, जबकि पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी नियुक्त किया गया था। इस बीच, भारत के टॉप रेसलर्स अपने मेडल गंगा में बहाने पहुंच गए थे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता वाले हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन की याचिका पर हाइकोर्ट ने रोक लगाई थी, जबकि पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी नियुक्त किया गया था। इस बीच, भारत के टॉप रेसलर्स अपने मेडल गंगा में बहाने पहुंच गए थे।

## संजय सिंह को जमानत नहीं छह दिसंबर को होगी सुनवाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** शराब नीति केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। आप नेता को मंगलवार को भी जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने कोर्ट में 24 नवंबर को जमानत याचिका लगाई थी। कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी किया है। अब छह दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने ईडी को उसी दिन जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। आप सांसद बीते 56 दिन से हिरासत में हैं। ईडी ने उन्हें को चार अक्टूबर को अरेस्ट किया था। संजय सिंह चार दिसंबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। 24 नवंबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, जहां स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले संजय को 10 नवंबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ाई गई थी।

## गवर्नर से मीटिंग के बाद पंजाब-हरियाणा के किसानों का धरना खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़





**पंजाब** हरियाणा के किसानों ने धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया है। किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब गवर्नर ने मीटिंग में एमपीएस समेत दूसरी मांगों को पूरे करने का आश्वासन दिया है। किसान 26 नवंबर से मोहाली के एयरपोर्ट रोड के पास धरने पर बैठे हुए थे। इससे पहले पंजाब सरकार ने सुबह किसानों को बातचीत के लिए बुलाया था। यहां कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां के सामने किसानों ने अपनी मांगें रखीं। किसानों की 19 दिसंबर को सीएम भगवंत मान से मीटिंग होगी। उसमें संबंधित विभागों के अफसरों को भी बुलाया जाएगा। इसके अलावा किसानों ने मीटिंग में सीएम के ट्वीट किसानों को प्रदर्शन के लिए लोग न मिलने पर आपत्ति जताई है।

वहीं, पंचकूला में किसानों ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मिलने के बाद धरना खत्म करने का ऐलान किया है। 11 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेता मीटिंग कर रणनीति तैयार करेंगे। किसानों का कहना है कि वह तब तक इंतजार करेंगे। पंचकूला में किसानों के महापड़ाव के दूसरे दिन किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे थे, जहां उन्होंने किसानों के साथ आंदोलन को लेकर चर्चा की। टिकैत ने कहा कि यदि सरकार किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लेती है तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। केंद्र सरकार हमेशा से ही किसानों की अनदेखी कर रही है, जिसको अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पंचकूला में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान-मजदूर महापड़ाव में लगभग 15 किसान संगठन भाग ले रहे हैं। इनमें से कुछ मुख्य संगठन हरियाणा किसान मंच, बीकेयू टिकैत, जय किसान आंदोलन, अखिल भारतीय किसान सभा, गन्ना किसान संघर्ष समिति, भारतीय किसान संघर्ष समिति, अखिल भारतीय किसान महासभा, राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ, भारतीय किसान पंचायत, भारतीय किसान यूनियन आदि ने मिलकर महापड़ाव का निर्णय लिया था। किसानों ने अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए एकजुट होकर सरकार के साथ यह संघर्ष किया है। उनकी मुख्य मांगों में एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी, लखीमपुर खीरी हत्याकांड में शहीद हुए किसानों के लिए न्याय, पूर्ण कर्ज मुक्ति और प्राइवेट बिजली बिल रेड करो आदि चार मांगें शामिल हैं। इन मांगों को लेकर किसान संगठनों ने धरना देने का निर्णय लिया था। वहीं, प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाई है ताकि धरना शांति और अनुशासन में ही बना रहे। इस महापड़ाव से सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी कई सवाल उठ रहे हैं, जिसका पूरा समर्थन करना हमारी जिम्मेदारी है।

# चार वर्षीय बच्चे को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत तथा डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के निर्देश अनुसार कार्रवाई करते हुए गुमशुदा बच्चे को तलाश किया।

गुमशुदा चार वर्षीय बच्चा अपने घर से खेलता हुआ कहीं निकल गया था। जो बच्चे की परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई। बच्चे के नहीं मिलने पर बच्चे की गुमशुदगी की सुचना पुलिस चौकी अनखीर में दी गई। पुलिस चौकी प्रभारी ने तुरंत थाना सुरजकुंड में मामला दर्ज कर, तीन पुलिस टीम को नियुक्त किया, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर विनोद, एएसआई तेलूराम, मुख्य सिपाही मुकेश व दूसरी मुख्य सिपाही मुकेश, ज्ञान सिंह और तीसरी टीम में मुख्य सिपाही राकेश, एसपीओ धर्मवीर को नियुक्त को किया गया। बच्चे की काफी तलाशी की गई। एरिया के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। फोटो दिखाकर लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में अनाउंसमेंट की गई। काफी तलाशी के बाद बच्चे का बड़खल गांव के कृष्णा मंदिर का पता लगा।

# द्वारका एक्सप्रेसवे बना गुरुग्राम का मोस्ट डिमांडिंग रियल एस्टेट डेस्टिनेशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैजिकब्रिक्स** रिपोर्ट ने वर्तमान में मिलेनियम सिटी के रियल एस्टेट सेक्टर में आ रहे नए रुझानों पर प्रकाश डाला है। जुलाई से सितंबर 2023 की अवधि को कवर करने वाली मैजिकब्रिक्स ने गुरुग्राम के रेजिडेंशियल सेगमेंट का एक एक डिटेल्ड विश्लेषण किया है। इसके अनुसार होम बायर्स की डिमांड में बदलाव आया है और अब पूरे गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे मोस्ट डिमांडिंग रियल एस्टेट डेस्टिनेशन बन गया है।

मैजिकब्रिक्स रिपोर्ट के मुताबिक द्वारका एक्सप्रेसवे ने मुख्य सड़कों और रोजगार केंद्रों से दूर अपने बेहतरीन स्थान के कारण मांग का उच्चतम केंद्र दर्शाया है। यह शानदार

**यह शानदार रेजिडेंस का विकल्प प्रदान करता है, साथ ही बेहतर सुविधाओं से युक्त है।**

रेजिडेंस का विकल्प प्रदान करता है।

बेहतर सुविधाओं के साथ मजबूत कमर्शियल और रिटेल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे और आसपास का एरिया संभावित घर खरीदारों के लिए सबसे अधिक मांग वाला डेस्टिनेशन बन गया है। द्वारका एक्सप्रेसवे में रियल एस्टेट दरों में तिमाही-दर-तिमाही में 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि इयर ऑन इयर ये आकंड़ा 50



प्रतिशत से भी अधिक है।

**माइक्रो मार्केट की प्राथमिकताएं और रुझान :** द्वारका एक्सप्रेसवे का 2023 की दूसरी तिमाही में छठे स्थान से दूसरे स्थान पर मोस्ट डिमांडिंग रियल एस्टेट डेस्टिनेशन लिस्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना घर खरीदारों की बदलती प्राथमिकताओं को उजागर करता है। इस प्रकार द्वारका एक्सप्रेसवे मजबूत कमर्शियल और रिटेल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बेहतर सामाजिक सुविधाओं द्वारा समर्थित टॉप माइक्रो मार्केट बना हुआ है। मिड-रेंज के घरों की मांग में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जिसमें तीन बीएचके सबसे पसंदीदा बनकर उभरी है। हाई रेंज और मिड-रेंज के घर पांच हजार से 10 हजार रुपये प्रति वर्ग फुट रेंज सबसे अधिक तलाशे जा रहे हैं।

मैजिकब्रिक्स की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड के को-फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर रवि अग्रवाल ने बताया कि एस्पिरेशनल जीवन के प्रति और घर खरीदारों का झुकाव प्राथमिकताओं को विकसित करने का एक प्रमाण है। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे, दक्षिणी पेरिफेरल रोड, सोहना एलिवेटेड रोड एन्हांसमेंट और डीएमआईसी रियल एस्टेट सेक्टर में महत्वपूर्ण बदलाव और सकारात्मकता लेकर आया है।

आधुनिक सुविधाओं के साथ बड़ी इकाइयों को प्राथमिकता देना एक महत्वपूर्ण कदम है। इसने विशेष रूप से कामकाजी वर्ग के लोगों को प्रेरित किया है। ये आवास शानदार सुविधाओं के साथ जीवन की बढ़ती अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। रिपोर्ट के अनुसार खरीदार ऐसे घरों में इन्वेस्टमेंट करने के लिए इच्छुक हैं, जो ब्रांडेड डेवलपर्स द्वारा दी जाने वाली समय पर डिलीवरी और आधुनिक सुविधाओं से भरपूर हैं।

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में शहीदों को किया याद

**एनएसजी के पूर्व कमांडो फिरे सिंह नागर व पूर्व विंग कमांडर सतेंद्र दुग्गल सहित शिक्षाविदों व अधिवक्ताओं ने शहीदों को किया नमन**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पीएनएन** द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन हार्डवेयर चौक स्थित होटल डायमंड इन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई 26/11 के हमले में एनएसजी कमांडो कार्यवाही में शामिल रहे फिरे सिंह नागर तथा पूर्व विंग कमांडर सतेन्द्र दुग्गल उपस्थित रहे।

उनके साथ कार्यक्रम का मुख्य अतिथि फिरे सिंह नागर, सतेंद्र दुग्गल, बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान चंद्रसेन शर्मा, इप्सा के प्रधान डॉ. प्रदीप गुप्ता, महासचिव डॉ. राजेश मदान, डॉ. मानव शर्मा, नरेश गुप्ता, आरसी पाल, डॉ. नरेश चौहान, रामवीर भड़ाना ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मौजूद शिक्षाविद्, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कमांडो फिरे सिंह नागर ने कहा कि एकाएक आंतकियों की अंधाधुंध फायरिंग से कोई बच नहीं सका। इसी बीच सरकार ने इस आंतकी घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक्शन के लिए एनएसजी कमांडोज की टीम को मौके पर रवाना किया। जिसके बाद कमांडोज ने आंतकियों से लोहा लिया और विजय प्राप्त की। इस बीच आंतकी कसाब को जिंदा पकड़ा लिया गया। विंग कमांडर सतेंद्र दुग्गल ने कहा कि भारतीय जल-थल और वायु सेना अपने मोर्चों पर दिन-रात तैनात रहती है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति को काबू पा लिया जाता है।

इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, केशव मंगला, अजीत सिंह, सीएमए चैप्टर फरीदाबाद के अध्यक्ष वरूण सुखीजा, डॉ. तरूण अरोड़ा एडवोकेट, मनसा पासवान एडवोकेट, बिजेंद्र चंदीला, शोभित आजाद, हर्षित राघव, अभिषेक सिंह, सतीश नागर, विनय लाल, कमल गेरा, राहुल शर्मा, टीकाराम, कर्मजीत शर्मा, नसीम अहमद, रोहित गर्ग ने 26/11 में शहीद हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पीएनएन के संस्थापक शफी सिद्दाकी व शशि प्रकाश ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व बुक्के भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर नव्यम इंटरनेशनल स्कूल, केएम कान्वेंट स्कूल से आए छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर सभी की आंखे नमन कर दी। समाप्ति पर पीएनएन के संस्थापक शफी सिद्दाकी, शशि प्रकाश व उनकी टीम के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि फिरे सिंह नागर, पूर्व सैनिक सतेंद्र दुग्गल व सभी शिक्षाविदें, अधिवक्ताओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांग राशन कटने से दो जून की रोटी को हुआ मोहताज



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वार दिव्यांगों को राशन देने के लंबे-चौड़े दावों की पोल उस समय खुल गई जब एक दिव्यांग पिछले सात महीने से राशन काट दिए जाने से सरकारी कार्यालयों के धक्के खाने को मजबूर दिखाई दिया। सरकारी अधिकारियों ने उसकी अधिक आय दिखाकर उसका राशन काट दिया था। जिससे वे दो टाइम की रोटी के लिए परेशान दिखाई दिया।

राशन के लिए बल्लभगढ़ से सेक्टर-12 पहुंचे दिव्यांग प्यारेलाल ने बताया कि सरकार द्वारा मिलने वाला राशन ही उसकी दो जून की रोटी का एकमात्र साधन था। परंतु सात महीने पहले इस राशन को अधिक आय दिखाकर अचानक काट दिया। दिव्यांग ने बताया कि राशन कटने की वजह से वह व उसका पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया। राशन कटने से अब वह पूरी तरह से रोटी के लिए दूसरों पर निर्भर हो कर रह गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए निचले अधिकारियों से लेकर डीसी तक अपनी फरियाद रख चुका है, परंतु अभी तक उसके कटे राशन को बहाल नहीं किया गया। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत कटे राशन को बहाल करने की मांग की है। जिससे उसके परिवार को दो समय का भोजन उपलब्ध हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### आज सीएम करेंगे कष्ट निवारण समिति की बैठक



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक शाम पांच बजे सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ली जाने वाली बैठक को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### पृथला के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम होगा

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर की अध्यक्षता में पृथला विधानसभा के गांव शाहजहांपुर में सुबह 9.30 बजे, मछगर में सुबह 10.30 बजे, बहवलपुर में सुबह 11.30 बजे, नरहावली में दोपहर 12.30 बजे तथा छांयसा में दोपहर 1.30 बजे जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विशेष दूत बनकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनेंगे। जन संवाद कार्यक्रम में जिला व उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### धोखाधड़ी से महिला की सोने की चूड़ियां हड़पीं

**फरीदाबाद।** तीन लोगों ने धोखाधड़ी करके महिला की सोने की चूड़ियां हड़प लीं। महिला ने पुलिस को मामले की शिकायत करके धोखेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एनआटी हनुमान मंदिर फरीदाबाद के पास रहने वाली रुक्मणी देवी ने थाना सेंट्रल फरीदाबाद सेक्टर-15 पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह 27 नवंबर को दोहपर साढ़े 12 बजे रिक्शा से अजरोंदा सेक्टर-15ए से सेक्टर 15 की तरफ जा रही थी। तीन लोगों ने धोखे से उसकी सोने की चूड़ियां हडप लीं। दोनों सोने की चूडियों का वजन करीब 25 ग्राम था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### आरोपी को 250 ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने गांजा बेचते हुए आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रजत है, आरोपी फरीदाबाद सेक्टर-23 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने सूचना के आधार पर सब्जी मंडी पर्वतीय कॉलोनी से गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी से मौके पर 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सारन में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने गांजा को मुनाफा कमाने के लिए 2000 रुपये में खरीदा था। आरोपी से पूछताछ में गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी का नाम सामने आया है। आरोपी को गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### देसी पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच उंचागांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नफे सिंह फरीदाबाद के एनआईटी एरिया के जीवन नगर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम मुख्य सिपाही ललित और मोहन श्याम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जीवन नगर गोंछी से काबू किया है। आरोपी से तलाशी के दौरान देसी पिस्तौल और जिंदा रोंद बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को किसी व्यक्ति से 3000 रुपये में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी एयरपोर्ट पर नौकरी करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी को देसी पिस्तौल बेचने वाले आरोपी की तलाश जारी है, जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### दुकान से चुराया कैश से भरा संदूक

**पलवल।** होडल में कच्चा तालाब स्थित एक परचून की दुकान में रखी संदूक को चोर चोरी करके ले गए। संदूक में घरेलू सामान सहित 33 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, होडल कच्चा तालाब निवासी धर्मपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपने घर में परचून की दुकान खोली हुई है। दुकान में दुकान के सामान के साथ कुछ घरेलू सामान भी रखा हुआ है। उसका आरोप है कि 27 नवंबर को वह दुकान को खुली छोड़कर अपने घर के अंदर चला गया। जब घर के अंदर से दुकान में पहुंचा तो देखा की दुकान में रखी हुई संदूक गायब है। उसने दुकान के इधर-उधर तलाश किया, लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया। जिसके बाद उसके परिवार के अन्य लोग व पड़ोसी भी वहां आ गए। लेकिन संदूक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। पुलिस ने दुकान मालिक धर्मपाल की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीडित ने शिकायत में कहा है कि संदूक में घरेलू सामान व 32 हजार 320 रुपये नकद रखे हुए थे।

# संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**संविधान** दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स द्वारा संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गए। मनचंदा ने कहा कि संविधान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

भारतीय संविधान में प्रस्तावना का विचार अमेरिका के संविधान से, प्रस्तावना की भाषा को ऑस्ट्रेलिया के संविधान से लिया गया है। प्रस्तावना की शुरुआत हम भारत के लोग से शुरू होती है और 26 नवंबर 1949 अंगीकृत पर समाप्त होती है। 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा प्रस्तावना में संशोधन किया गया था, जिसमें तीन नए शब्द- समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता को जोड़ा गया। अब तक प्रस्तावना में यद्यपि एक ही बार संसोधन हुआ है।

प्राचार्य रविंद्र कुमार, जसबीर सिंह, अजय गर्ग, पूनम रोहिल्ला और अध्यापिका गीता ने जूनियर रेडक्रॉस, ब्रिगेड सदस्यों द्वारा आयोजित आम बैठक में सभी सदस्यों को संबोधित किया और बच्चों द्वारा पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से संविधान दिवस पर दिए गए संदेशों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजन में गीता, अजय गर्ग, जसबीर, पूनम रोहिल्ला सहित सभी का विशेष सहयोग रहा।

प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि बालिकाओं ने संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के निहित अधिकारों का वर्णन किया। प्राचार्य ने सभी अध्यापकों और आम सभा में सम्मिलित सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण शिविर लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-55 में रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सौजन्य से प्रधानाचार्य सतेंद्र सोरौत के नेतृत्व में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विद्यालय की 109 छात्राओं को निशुल्क टीका लगाया गया। जबकि निजी अस्पतालों में यह टीका बहुत मंहगा है और गरीब बच्चों के लिए इसका खर्च वहनीय नहीं है।

यह टीकाकरण कार्यक्रम कैंसर फाउंडेशन अधिकारी वंदना भल्ला, सीरम इंस्टीट्यूट दिल्ली से डॉ. भानु प्रताप सिंह, रोटरी क्लब संस्कृति, फरीदाबाद से अनुज सिंघल, अलका सिंघल, सुनील खंडूजा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। टीकाकरण शिविर का बीएलके मैक्स अस्पताल, दिल्ली से आईं डॉ. ललिता हसीजा, डॉ. आकांक्षा एवं डॉ. योगेश की देखरेख में कुशल संचालन किया गया। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह वैक्सीन छह तरह के कैंसर के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित करेगी। शिविर के सफल संचालन में विद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. कुलदीप सिंह एवं वरिष्ठ प्रवक्ता ज्योति सोरौत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा आवश्यक सहयोग दिया। इस अवसर पर टीकाकरण टीम एवं रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारियों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य सतेंद्र सौरोत ने रोटरी क्लब एवं कैंसर फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों एवं चिकित्सक दल का स्वागत किया तथा मानवता के कल्याण के लिए उनके अद्भुत प्रयासों की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कुछ अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103





**करोड़ों ने करी आखिर दुआ अब रंग लाई है**
**समूचे देश में ही इक खुशी सी जैसे छाई है**
**अंधेरी एक गहरी सी सुरंग से आज आखिरकार**
**विजयश्रम की हुई और जिंदगानी मुस्कुराई है**

# यूपीएससी में 23वीं रैंक मिलने पर भावना को वैश्य समाज ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**यूपीएससी** इंजीनयरिंग में 23वीं रैंक हासिल करने वाली पलवल की बेटी भावना अग्रवाल को अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन द्वारा समानित किया गया।

अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकुंज गर्ग व उनके साथ फरीदाबाद लोकसभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महिला अध्यक्ष संगीता गर्ग, जिला पलवल अध्यक्ष गौरव गोयल, लोकसभा उपाध्यक्ष सचिन बंसल, जिला महासचिव राहुल बिंदल, युवा समाजसेवी आर्य यशपाल गोयल व मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने भावना अग्रवाल के श्याम नगर स्थित आवास पर पहुंचकर भावना अग्रवाल व उनके पिता अकाउंटेंट नरेश गर्ग, माता नेहा गर्ग को शॉल ओढ़ाकर व पटका पहनाकर समानित करते हुए बधाई दी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकुंज गर्ग ने भावना अग्रवाल व परिवार को बधाई देते हुए कहा कि भावना अग्रवाल ने अपनी मेहनत और काबिलियत से जो मुकाम हासिल किया है, उसके लिए वे तथा परिजन बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि भावना अग्रवाल ने न केवल वैश्य समाज अपितु पूरे भारत देश को गौरवान्वित किया है। भावना अग्रवाल जैसी प्रतिभाएं और अत्यधिक मेहनत और परिश्रम के बूते आगे बढ़ें, इसी तरह देश व समाज आज नाम रोशन करते रहें। लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता और महिला अध्यक्ष संगीता गर्ग ने कहा कि भावना अग्रवाल ने आज जो मुकाम हासिल किया है, वह अत्यंत गर्व का विषय है। दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि वे भावना अग्रवाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। युवा समाजसेवी आर्य यशपाल गोयल ने कहा कि भावना अग्रवाल पर समस्त क्षेत्र व देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि भावना अग्रवाल ने यह मुकाम हासिल कर नाया इतिहास रचने का काम किया है। इस अवसर पर भावना अग्रवाल ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता पिता तथा अपने अध्यापकों को देना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि वे समाज के सामने एक नया उदाहरण पेश करना चाहती हैं। भावना अग्रवाल के पिता अकाउंटेंट नरेश गर्ग ने कहा कि उनकी बेटी ने उनके मान व सम्मान को और अधिक ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि सभी माता पिता को अपनी बेटी को बेटे के बराबर ही प्यार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे भावना जैसी बेटी पाकर धन्य हो गए हैं।


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा अंजली पुत्री जितेन्द्र निवासी गांव भूड़, खितौड़ा, तहसील सहसवान बदायूँ, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी किरायदार कबेला महेश का मकान ए.सी. नगर, फरीदाबाद दिनांक 23.11.2023 को बिना किसी को बताये अपने घर से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा बा उम्र 19 साल है, जिसने लाल रंग का सूट व सफेद रंग की सलवार और पैरों में चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 630 दिनांक 23.11.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना कोतवाली : 9582200126**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम : 100, 9999150000**

## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 26.11.2023 शाम को एक अज्ञात पुरूष का शव मिला था, जो कृष्णा कॉलोनी मे रहता था, जिसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है, जिसको शिनाख्त हेतु 72 घण्टे सफदरगंज अस्पताल दिल्ली की मोर्चरी मे रखवाया गया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल शरीर कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र करीब 40 साल है, जिसने सफेद शर्ट, काली पेन्ट, नीला निक्कर व बनियान पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 12 दिनांक 27.11.2023 धारा 174 सी.आर.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति के शव के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर-08, फरीदाबाद : 9582200134**
**प्रभारी चौकी सेक्टर-11, फरीदाबाद : 9582200166**
**ए.एस.आई. तालीम हुसैन पुलिस चौकी सेक्टर-11, फरीदाबाद : 9968107786**

# पायलट प्रोजेक्ट के तहत फरीदाबाद के स्कूलों की सुधरेगी हालत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दिल्ली** की तर्ज पर अब स्मार्ट सिटी के राजकीय स्कूल भी बहुमंजिला होंगे। स्कूल भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस किए जाएंगे। विभाग की ओर से 19 स्कूलों की पहचान की गई है। इसमें 46 करोड़ रुपये की लागत से कमरे, शौचालय, पानी की टंकी और विद्यार्थियों के बैठने के लिए आधुनिक डेस्क बनाई जाएगी। जरूरत के अनुसार स्कूल में 25 लाख से सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत जिले के पांच स्कूलों को 31 जनवरी 2024 तक आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रकिया जल्द पूरी कर ली जाएगी।

विभाग के अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। मिडिल, हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को चुना गया है। जिले के 24 से अधिक स्कूलों की दशा खराब है। जिन स्कूलों में कमरे, शौचालय, टंकी मरम्मत या रिपेयरिंग से लेकर चारदीवारी का काम लंबित है, उन्हें पूरा करने का निर्णय लिया गया है। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए ड्यूल डेस्क नहीं है, वहां ड्यूल डेस्क भी मुहैया कराई जाएगी।

**पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुने गए स्कूल** : कुछ राजकीय स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। इन स्कूलों की पहचान कर उसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एक स्कूल को न्यूनतम 25 लाख रुपये स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से मुहैया होगी। कार्यों की हरी झंडी देने का अधिकार जिला स्तर पर जिला परियोजना समन्वयक को दिया गया है।

**कमेटी रखेंगी नजर** : समग्र शिक्षा के कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारियों की तकनीकी मार्गदर्शन में विकास कार्य कराएं जाएंगे। इसको लेकर स्कूल में कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसको भवन निर्माण समिति का नाम दिया जाएगा। मॉनिटरिंग कमेटी में जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के यूथ को-ऑर्डिनेटर, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव, जिला बाल कल्याण अधिकारी, गांव के सरपंच तथा एसएमसी के सदस्य को शामिल किया जाएगा।

> “ **मुख्यमंत्री** घोषणा के तहत जिले की 19 स्कूलों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना है। इसके लिए मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है। इस पर तकरीबन 46 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
>
> **-सुनील कुमार, अभियंता, शिक्षा विभाग**

### इनका होगा कायाकल्प

| स्कूल | राशि ( रुपये में ) |
|---|---|
| राजकीय वरिष्ठ विद्यालय (एनआईटी एक नंबर) | - 3.78 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (तिगांव) | - 4.80 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सराय ख्वाजा) | - 7.20 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सेहतपुर) | - 85 लाख |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (खेड़ीकला) | -1.68 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बड़ौली) | - 3.36 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड फरीदाबाद) | -6.60 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (अजरोंदा) | -1.32 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सेक्टर 10) | -1.20 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सेक्टर 7) | -2.40 करोड़ |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सेक्टर 8) | -1.20 करोड़ |
| शहीद ले. राजेश थापड़ वरिष्ठ माध्यमिक (सेक्टर 22) | -7.68 करोड़ |
| जीपीएस (तिरखा कॉलोनी) | -24 लाख |
| जीपीएस (सेक्टर 23) | -1.20 करोड़ |
| जीपीएस (सेक्टर-सात) | -48 लाख |
| जीपीएस (सेक्टर 16) | -60 लाख |
| जीपीएस (शास्त्री कॉलोनी) | -72 लाख |
| जीपीए (शास्त्री नगर) | -84 लाख |
| जीपीएस (दौलताबाद) | -36 लाख |

# सीएम मनोहर लाल करेंगे विकसित भारत जन संवाद यात्रा का शुभारंभ

### आगामी 26 जनवरी तक सभी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 30 नवंबर को जिला फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लोच गांव से विकसित भारत यात्रा-जन संवाद संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। डीसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

बता दें कि गांव फतेहपुर बिल्लोच में विकसित भारत-जन संवाद संकल्प यात्रा में शामिल प्रचार वैन में प्रचार सामग्री भी मौजूद रहेगी। जोकि आमजन में वितरित की जाएगी। जिससे आमजन को केंद्र और प्रदेश सरकारो की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही यात्रा का ठहराव जिन-जिन स्थानों पर होगा, वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा युवाओं को यात्रा से जोड़ने के लिए विकसित भारत की थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। जिला के विभिन्न विद्यालयों तथा कॉलेजों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की थीम पर सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने बैठक में विभाग वार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि जिस गांव या शहरी क्षेत्र में यह प्रचार-प्रसार वाहन जाएगा, उन स्थानों पर क्रिड का हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएंगे। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा लाभकारी योजनाओं के लिए कैंप लगाए जाएंगे। डीसी विक्रम सिंह ने प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी इस यात्रा को सफल बनाने के लिए अन्य जिलों से बेहतर कार्य करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन को इस यात्रा का लाभ मिलना सुनिश्चित हो पाए। डीसी ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों द्वारा इस यात्रा मॉनिटरिंग की जाएगी। केंद्र सरकार की विभिन्न स्कीमें और हरियाणा सरकार की सभी स्कीमों को इस अभियान में शामिल किया गया है। आमजन के लिए परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान/ चिरायु कार्ड, पेंशन आदि से संबंधी जो कार्य है या किसी प्रकार की त्रुटियां है, उनको ठीक करने के लिए भी डेस्क लगाए जाएंगे। जिससे जिलेवासियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

डीसी ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में आगामी 30 नवंबर से विकसित भारत-जन संवाद संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गांव फतेहपुर बिल्लोच में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी प्रसारित किया जाएगा। डीसी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर जिला के सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभागों के नोडल तथा फील्ड अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दें।

# फौजी व भाई को ससुराल वालों ने पीटा

### अलमारी का ताला तोड़कर आभूषण, कैश चुराया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ससुराल** पक्ष के लोग हथियारों से लैस होकर आए और दो भाइयों से मारपीट कर घर के अंदर से जेवरात व नकदी को लूट कर छोटे भाई फौजी की पत्नी को अपने साथ भगा कर ले गए। कोर्ट के आदेश पर हथीन थाना पुलिस ने आठ नामजद सहित 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, छांयसा गांव निवासी वकील अहमद ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा है कि उसकी व उसके छोटे भाई सलीम की शादी वर्ष 2021 में फरीदाबाद के धौज गांव निवासी आशु की बेटियों के साथ हुई थी। उसका छोटा भाई सलीम फौज में नौकरी करता है, जो दो माह की छुट्टी आया हुआ था।

आरोप है कि धौज गांव निवासी आशु, मिशरू, आरिफ, राहुल, रूद्दार, मुस्तकीम, आसिफ, इसराक व 4-5 अन्य लोग इको कार व बाइकों पर सवार होकर छांयसा गांव आए। आते ही दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने विरोध किया तो आरिफ ने देशी कट्टा निकाल कर दोनों भाइयों पर जान से मारने की नीयत से तान दिया तथा राहुल ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें से लाखों रुपए के आभूषण व 15 हजार रुपये को निकाल लिया और तीन युवकों को देकर बाइक पर भगा दिया। जिसके बाद झगड़े का शोर सुनकर गांव के लोग वहां आ गए तो आरोपी उन्हें धमकी देते हुए उसके छोटे भाई फौजी सलीम की पत्नी को अपने साथ जबरन भागकर ले गए। उसने 112 पर पुलिस को फोन किया व हथीन थाना सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

जिसके बाद पीडित ने न्याय के लिए अदालत में इस्तगासा दायर कर न्याय की गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डॉ. तरूण अरोड़ा एडवोकेट कोबसे के चेयरमैन बने



**फरीदाबाद।** काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन (कोबसे) के पांच वर्षों में होने वाले चेयरमैन चुनाव में दो दिनों तक ऑनलाइन हुए चुनाव में इस बार फरीदाबाद के डॉ. तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने 3,51,000 वोट प्राप्त हुए। वहीं हिमाचल के प्रत्याशी धर्मेंद्र अरोड़ा को 1,99,670 वोट से प्राप्त हुए। डॉ. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हिमाचल प्रदेश निवासी धर्मेंद्र अरोड़ा को 1,51,330 मतों के अन्तर से हराया। तरूण अरोड़ा ने कोबसे के सभी सदस्यों, स्कूल संचालकों व शिक्षाविदों, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के सदस्यों का भी का आभार जताया। डॉ. तरूण अरोड़ा ने चेयरमैन बनते ही सभी शिक्षण संस्थानों को व शिक्षकों को निशुल्क 1.5 लाख का दुर्घटना बीमा के अलावा स्कूलों की सहायता के लिए जिले स्तर पर कमेटी बनाने की बात कही। श्री अरोड़ा ने कहा कि वह काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन से जुड़े सभी सदस्यों के हितों की रक्षा करेंगे। किसी भी सदस्य व शिक्षण संस्थानों को आ परेशानी में वह उनसे संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत करवाएं, ताकि वह उनकी समस्या का हर स्तर पर निदान करवा सकें।

# सेमिनार में योग व प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व बताया

### एमवीएन विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**महानिदेशक** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य और जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अजीत कुमार यादव के निर्देशानुसार संपूर्ण स्वास्थ्य में प्राकृतिक चिकित्सा की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान एमवीएन विश्वविद्यालय पलवल में आयोजित हुआ। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण गोयल को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आयुष योग विशेषज्ञ डॉ. रामजीत योगाचार्य, डॉ. विश्वजीत आर्य, डॉ. प्रशांत वशिष्ठ रहे, जिन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी जानकारी सभी को दी। डॉ. रामजीत ने बताया कि प्रकृति की सहभागिता एवं प्राकृतिक जीवनशैली से हर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अवश्य स्थान देना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। डॉ. प्रशांत ने मौसमी फल सब्जियों और मसालों जैसे हल्दी, अदरक, लहसुन, मेथी, अजवायन, आंवला, जीरा, घृत, तेल आदि के औषधीय गुणों के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ. रामजीत योगाचार्य के शिष्यों निशांत, यश, अभय ने कार्यक्रम में योग का प्रदर्शन दिखाया। आयुष योग सहायक योग कृष्ण कुमार और नेहा रानी ने योग साधना के विषय में बताया। विश्वविद्यालय प्रबंधन की तरफ से डॉ. तरुण विरमानी, नरेंद्र आहूजा एवं सभी योगनिष्ठ छात्र, छात्राओं की कार्यक्रम में सार्थक उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने योग ध्यान साधना भी की। विश्वविद्यालय प्रबंधन की तरफ से नरेंद्र आहूजा ने हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग पलवल की टीम का प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी व्याख्यान के लिए धन्यवाद किया तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को आज की व्यस्थ जीवनशैली के लिए लाभकारी बताया।

# अभियान के तहत करीब 450 वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**यातायात** पुलिस टीम द्वारा सर्दी में धुंध के समय यात्रियों का सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करने के उद्देश्य से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। सर्दी में धुंध के समय दृश्यता बहुत कम हो जाती है और सड़क पर यात्रा करते समय ज्यादा दूरी तक दिखाई नहीं देता।

जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। यात्रियों को अपने आगे तथा पीछे चलने वाले वाहन बहुत कम दिखाई देते हैं और यदि आगे चलने वाले वाहन किसी कारणवश एकदम से ब्रेक लगाते हैं तो पीछे चलने वाले वाहन को पता नहीं चल पाता कि आगे वाले वाहन एकदम से रुक चुके हैं और पीछे वाले गाड़ी आगे रुकी हुई गाड़ी में टक्कर मार देती है। उसके पश्चात उसके पीछे आने वाली सभी गाड़ियां सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। हर वर्ष धुंध के समय बड़ी सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं, जिसमें बहुत सारी गाड़ियां एक साथ दुर्घटनाग्रस्त होती हैं, जिसमें कई लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे का कारण सर्दी के समय पड़ने वाली धुंध है, जिसकी वजह से वाहन चालकों की दृश्यता बहुत कम हो जाती है। धुंध के समय में इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा हर वर्ष वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाते हैं। यह रिफ्लेक्टर धुंध में भी दूर से चमकते हैं, जिसकी वजह से वाहन चालकों को अपने आगे पीछे चलने वाले वाहन दिखाई देते रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत करीब 450 वहानों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई है।

# अक्ल बड़ी या जूता नाटक ने समाज को दिखाई दिशा

### बच्चों ने अभिनय कौशल से छोड़ा प्रभाव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अक्ल** बड़ी या जूता नाटक में बच्चों ने अपने अभिनय कौशल से लोगों का मनोरंजन करते हुए उन्हें सोचने पर भी मजबूर किया। फोर्थ वॉल प्रोडक्शंस द्वारा हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित इस नाटक को बच्चों के अभिनय ने और भी प्रभावी बना दिया। द कैसल ऑफ आर्ट थियेटर, दशमेश प्लाजा में आयोजित इस नाटक का शुभारंभ जादूगर सीपी यादव, वरिष्ठ रंगकर्मी ललित गोयल, अनिल नायर, नैंसी मिश्रा ने किया।

आज की प्रशासनिक और राजनैतिक व्यवस्था पर चोट करते इस नाटक के माध्यम से वर्तमान व्यवस्था पर व्यंग्य किया गया है। समाज के लोगों को दशा और दिशा देने के लिए मार्गदर्शन का काम करते इस नाटक में राजा अपने बेटे के लगातार रोते रहने से परेशान हो जाता है। उसे पता चलता है कि सूरज की गर्मी में उसके बेटे के पैर जलने से वह खेल भी नहीं पा रहा और हमेशा रोता रहता है। राजा अपने मंत्री, प्रधान, विदूषक और मंत्रिमंडल को बुलाकर सूरज की गर्मी से छुटकारा पाने के लिए तरह-तरह के उपायों पर विचार करने को कहता है। जैसे आकाश में मंडप बना दो, सारे शहर में हमेशा पानी डालते रहो, सूरज पर गोला-बारूद चलाकर उसे खत्म कर दो।

जब कोई भी उपाय कारगर साबित नहीं होता तो राजा अधिक परेशान हो जाता है। फिर दूर देश से एक आदमी आकर राजा की परेशानी को दूर करने का दावा करता है। वह राजकुमार के पैरों में जूता पहनाता है और जूता पहनने के बाद राजकुमार को धूप में खेलने में कोई परेशानी नहीं होती। राजा खुश होकर उसे प्रधान बना देता है और राज्य के सभी लोगों के लिए जूता बनाने का ऑर्डर दे देता है।

इस नाटक में सुरेश कुमार सन्नी का संगीत नाटक की गति में निरंतर रोचकता और सुंदरता प्रदान करता है। डॉ. अंकुश शर्मा द्वारा निर्देशित इस नाटक में अभिनय करने वाले बच्चों में देवांशी नागपाल, आव्या मोदी, सायशा, अचल शर्मा, आयुष, दक्ष, लक्ष्य सतीजा, आकाश और अभिषेक ने अपने अभिनय कौशल से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा



**फरीदाबाद।** इस्माइलपुर बसंतपुर रोड पर हरियाणा स्पोर्ट्स पावरलिफ्टिंग संगठन द्वारा नेशनल बेंच प्रेस और पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। पप्पी चेयरमैन, महिंदर अवाना, कृष्ण प्रधान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जिसमे हरियाणा के अलग अलग जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। 120 खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। इस चैंपियनशिप में सोनीपत के राहुल ने 59 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता, ज्योति कादयान सोनीपत ने 57 किलोग्राम गोल्ड मेडल जीता। नैंसी सोनीपत ने 47 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता, सुमित कुमार ने 47 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता, महिमा फरीदाबाद ने 57 किलोग्राम में सिल्वर मेडल जीता, अभिषेक फरीदाबाद से 66 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता।

### अवैध हथियार समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने दो युवकों को देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। दोनों को पनाह देने वाले इनके साथी को भी पुलिस ने काबू किया है। दोनों को पुलिस ने रिमांड पर लिया, जबकि पनाहगार को जेल भेज दिया गया है। फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी देवेंद्र उर्फ लाला, योगेश उर्फ योगी और होशियार शामिल हैं। आरोपी देवेंद्र बल्लभगढ़ नाथू कॉलोनी, योगेश होडल और इनको पनाह देने वाला होशियार गोंछी जीवन नगर का रहने वाला है। पुलिस ने देवेंद्र को गोंछी सरकारी स्कूल के पास से और योगेश उर्फ योगी को संजय कॉलोनी एरिया से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक-एक देसी पिस्तौल बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे अवैध हथियार सहित अन्य साथी आरोपी होशियार के घर पर रुकते थे। होशियार के घर से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपियों की बाइक भी बरामद की गई है। इन्होंने एक मकान पर कब्जा करने की वारदात को अंजाम दिया था। तीन साथी हिंमाशु उर्फ जगंली, मनोज उर्फ बिल्ला और महेश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों से पूछताछ में अन्य मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी देवेंद्र पर लड़ाई-झगड़े, मारपीट, अवैध हथियार, हत्या के प्रयास के 12 मामले दर्ज हैं तथा आरोपी योगेश उर्फ योगी पर लडाई-झगड़े, मारपीट, अवैध हथियार, हत्या के प्रयास के चार मामले दर्ज है।

### बुढ़िया नाले पर बनेगा दो लेन का पुल

**फरीदाबाद।** सिंचाई विभाग की ओर से बुढ़िया नाले पर बने पुराने पुल के स्थान पर दो लेन का नया पुल बनाया जाएगा। इसके लिए गांव टिकावली में जगह चिन्हित की गई है। विभाग की ओर से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर काम शुरू कर दिया गया है। इससे ग्रेटर फरीदाबाद के करीब 50 हजार लोगों को आवाजाही में राहत मिलेगी। इस योजना पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ग्रेटर फरीदाबाद के टिकावली क्षेत्र में बने बुढ़िया नाले पर वर्षों पुराना एक लेन का पुल बना हुआ है। वहीं नहरपार ग्रेटर फरीदाबाद में करीब तीन लाख लोग निवास करते हैं। यहां 150 से अधिक हाइराइज सोसाइटियों के साथ ही करीब दो दर्जन से अधिक कॉलोनियां बस चुकी हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों का बुढ़िया नाले पर बने पुराने संकरे पुल से आवाजाही करनी पड़ती है। संकरा होने के कारण आए दिन दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए सिंचाई विभाग ने अब नाले पर दो लेन का पुल बनाने की योजना तैयार की है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश ने बताया कि योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इस योजना पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुल बनने से ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### दो बदमाश पिस्तौल समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने दो लोगों को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों लोगों पर हत्या के प्रयास, छीना झपटी जैसे मामले पहले से दर्ज हैं। दोनों कई बार जेल जा चुके हैं और अभी जमानत पर थे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में ईश्वर और शिवराम उर्फ शिवचरण का नाम शामिल है। ईश्वर बल्लभगढ़ गांव अटाली का रहने वाला और आरोपी शिवराम उर्फ शिवचरण फरीदाबाद सेक्टर-57 का रहने वाला है। दोनों को गांव मच्छगर ऐरिया से अलग-अलग स्थान से काबू किया है। दोनों आरोपियों में से तलाशी के दौरान एक से देसी पिस्तौल व दूसरे से पिस्तौल बरामद की गई। ईश्वर से पूछताछ में सामने आया कि वह पिस्तौल को किसी व्यक्ति से वारदात को अंजाम देते समय अपने बचाव के लिए 10 हजार रुपए में खरीद कर लाया था। शिवराम भी देसी पिस्तौल को किसी से तीन हजार रुपये में खरीदा था। दोनों आरोपियों पर पहले लडाई-झगड़ा, स्नेचिंग, हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में मामले दर्ज है। आरोपी कई बार जेल जा चुके हैं। आरोपी अभी जमानत पर थे। अन्य मामलों में पूछताछ के लिए कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### लेबर कोर्ट परिसर में मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार श्रम विभाग के सहायक निदेशक डॉ. हरेंद्र मान ने लेबर कोर्ट परिसर में धूल में काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की व उनको सिलिकॉसिस बीमारी से बचने के उपाय बताये। प्रमुख सचिव राजीव रंजन व श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा की हिदायत अनुसार ज्यादा से ज्यादा मजदूरों की स्क्रीनिंग कर बीमारी को प्राथमिक अवस्था में ही पता लगाकर उन्हें योजनाओं का लाभ व समय पर इलाज करवाना है। जहां उन्होंने बताया कि सिलिकोसिस एक लाइलाज बीमारी है, पर रोकने योग्य है, धूल में पानी का छिड़काव व मास्क पहनकर इससे बचा जा सकता है। केवल छाती के एक्सरे करने पर ही बीमारी का पता लगाया जा सकता है। जो मजदूर पत्थर की धूल में काम करते हैं, उन्हें दो साल में एक बार छाती का एक्स-रे जरूर करवाना चाहिए, ताकि इस बीमारी का पता समय पर लगाया जा सके। बीमारी की पुष्टि होने पर श्रम विभाग की ओर से पांच लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। अभी तक लगभग 550 मजदूरों को यह सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जो मजदूर धूल में काम करते हैं, जैसे निर्माण स्थल, भट्टा, ढलाई, मार्बल कटिंग, मंदिर निर्माण इत्यादि, वह मजदूर अपनी छाती का एक्स-रे व उद्योग में कार्य करने का प्रमाण कमरा नंबर 200 दूसरी मंजिल लेबर कोर्ट कांप्लेक्स सेक्टर-12 में जमा कर सकते हैं।

### पुलिसकर्मी बन दुकानदार से आभूषण लेकर फरार

**पलवल।** सीआईए पुलिसकर्मी बनकर एक दुकानदार के गले से सोने की चैन और अंगूठी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। डबुआ कॉलोनी निवासी सुभाषचंद्र ने शिकायत में कहा कि दोपहर 2.15 बजे घर से वह एनआईटी एक नंबर स्थित दुकान पर जा रहे थे। हार्डवेयर सीआईएसएफ के गेट के पास पहुंचे तो पीछे से एक मोटरसाइकिल पर एक लड़का हेलमेट पहने हुए आया और हाथ देकर रुकवा लिया। इसके बाद कहने लगा कि मैं सीआईए से हूं। इसके बाद तलाशी लेने के दौरान सोने की अंगूठी, चैन व स्कूटी की चाभी ले ली।

# हरियाणा के बालक मयंक ने केबीसी में जीते एक करोड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के जूनियर्स वीक में दर्ज की जीत

**कौन** बनेगा करोड़पति (केबीसी) के सीजन-15 में हरियाणा के बालक मयंक ने 1 करोड़ रुपये जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रसिद्ध गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 15 के केबीसी जूनियर्स वीक में मयंक पहुंचे और बेहतरीन प्रदर्शन किया।

महेंद्रगढ़ जिला के रहने वाले मयंक अपने माता-पिता के साथ केबीसी में पहुंचे। उसने 1 करोड़ अंक जीतने वाला सबसे कम उम्र का बच्चा बनकर इतिहास रच दिया। उनकी यह उपलब्धि आत्मविश्वास, तैयारी, और दृढ़ता के महत्व को दर्शाती है। मयंक ने हर सवाल का आसानी से जवाब दिया। केसीबी के होस्ट सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी मयंक की प्रतिभा, नॉलेज और उसके साहस की सराहना की। अमिताभ बच्चन मयंक की बुद्धिमता और कुशलता से मंत्रमुग्ध हो गए। उन्हें 1 करोड़ अंक जीतने में सफलता मिली।



केबीसी में अमिताभ बच्चन के साथ बालक मयंक व उनके माता-पिता।

मयंक के ज्ञान से हैरान बिग बी ने उनके माता-पिता से भी बात की। उनसे विभिन्न विषयों पर मयंक के असाधारण ज्ञान के बारे में सवाल किया। पिता प्रवीण ने कहा कि उन्हें मयंक पर बहुत गर्व है। शिक्षा के मामले में वे उसकी विविध रुचियों को कैसे स्वीकार करते हैं और उसकी जिज्ञासा को पूरा करने की योजना कैसे बनाते हैं, इस पर भी बात सांझा की। मयंक एक प्रतिभाशाली छात्र हैं, जिन्होंने केबीसी के मंच के माध्यम से सफलतापूर्वक अपना नाम कमाया है। उन्होंने अपनी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे केबीसी जूनियर्स वीक में अपना ज्ञान दर्शाने और अमिताभ सर के साथ गेम खेलने का मौका मिला। उन्होंने मुझे इस दौरान पूरे समय प्रेरित किया। इतनी बड़ी धनराशि जीतने वाला सबसे कम उम्र का प्रतियोगी बनकर मुझे और मेरे परिवार को काफी गर्व महसूस हो रहा है। हम शो और बच्चन सर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मयंक ने कहा, मैं अपने माता-पिता को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे अच्छा खेलने और 1 करोड़ की उपलब्धि हासिल करने में मदद की।

# गुरुग्राम की 20 पंजाबी बिरादरियों ने किया नायब सैनी का अभिनन्दन

### बोधराज सीकरी के नेतृत्व में पंजाबी बिरादरियों ने दिया एकता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** की 20 पंजाबी बिरादरियों ने समाजसेवी बोधराज सीकरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का अभिनंदन किया। अभिनंदन के साथ पंजाबी बिरादरी ने यह भी बता दिया कि वह भाजपा के साथ है।

सभी पंजाबी बिरादरियों के पदाधिकारियों के अलावा पंचनद, केन्द्रीय श्री सनातन धर्म सभा, केन्द्रीय आर्य प्रतिनिधि सभा ने बिरादरियों के साथ मिलकर नायब सिंह सैनी का शक्ति पीठ मंदिर सेक्टर-40/41 के प्रांगण में औपचारिक रूप से अभिनंदन किया।



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का स्वागत करते गुरुग्राम के पंजाबी बिरादरियों के लोग।

कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के साथ जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पलवल के विधायक दीपक मंगला, सोहना के विधायक संजय सिंह, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, महेश यादव और संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा का सामूहिक रूप से अभिनंदन किया। डॉ. अशोक दिवाकर शिखावाटि ने मंच संचालन किया।

बोध राज सीकरी ने ओम प्रकाश कथुरिया, राम लाल ग्रोवर, प्रमोद सलूजा, गजेन्द्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, सुरेन्द्र खुल्लर व अन्य के साथ मिलकर नायब सिंह सैनी को गदा भेंट की। डेरावाल बिरादरी का प्रतिनिधित्व रमेश चुटानी, मियांवाल बिरादरी का प्रतिनिधित्व गिरिराज ढींगरा, शौरी बिरादरी का प्रतिनिधित्व रामकिशन गांधी, चोटी पंचायत का प्रतिनिधित्व ओम प्रकाश कथूरिया, पंजाबी बिरादरी महासभा का प्रतिनिधित्व एचएस चावला ने, टिब्बी बिरादरी का प्रतिनिधित्व अनिल कुमार, कोटछुटा पंचायत का प्रतिनिधित्व बीडी पाहुजा, समस्त पंजाबी खत्री का प्रतिनिधित्व शेखर तनेजा, खत्री बिरादरी का प्रतिनिधित्व केके गोस्वामी, मोहयाल सभा का प्रतिनिधित्व संजय मोहन, पंजाबी सभा का प्रतिनिधित्व एमडी कालरा, ऑल पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन एवं झंग बिरादरी का प्रतिनिधित्व यदुवंश चुघ, एमआर कुमार, जामपुर बिरादरी का प्रतिनिधित्व विजय दीवान, वहोवा बिरादरी का प्रतिनिधित्व सीबी मनचंदा, भारतीय पंजाबी युवा एकता मंच का प्रतिनिधित्व धर्मेन्द्र बजाज, परमेश्वर अरोड़ा ने सनातन योग स्थली संस्था का, सुरेन्द्र खुल्लर ने केन्द्रीय श्री सनातन धर्म सभा, अशोक आर्य ने केन्द्रीय आर्य प्रतिनिधि सभा का प्रतिनिधित्व किया। महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका ज्योत्सना बजाज ने पुष्पा नासा, सुषमा आर्य, रचना बजाज और रीता ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

# ब्राह्मण समाज ने किया नायब सैनी का अभिनंदन



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का अभिनंदन करते ब्राह्मण समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा की अगुवाई में गुरुग्राम के समस्त ब्राह्मण समाज की ओर से सोमवार देर शाम भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का भव्य स्वागत किया गया।

शक्ति नगर के भगवान परशुराम भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में ब्राह्मण समाज की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पहुंचकर भाजपा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया। अभिनंदन समारोह अपने निश्चित समय से करीब 3 घंटे देरी से आरंभ हुआ। मौसम की बदमिजाजी और देरी के बावजूद भी ब्राह्मण समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग समारोह में डटे रहे। जैसे ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का काफिला परशुराम भवन पहुंचा, शंख ध्वनि और ढोल की थाप के बीच पुजारियों ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ उन्हें रोली और चंदन का तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। सैनी के साथ पलवल के विधायक एवं गुरुग्राम भाजपा के प्रभारी दीपक मंगला, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ भी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### ताला बंद फ्लैट में से लाखों रुपये का सामान चोरी

**सोहना।** सोहना ढाणी में बनी स्पोर्टस वैली सोसायटी के बंद फ्लैट का ताला तोड़ कीमती सामान चोरी हो गया। फ्लैट में चोरी होने का शहर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने और जांच पड़ताल करने के बाद मामला दर्ज कर लिया है। मूलरुप से बिहार निवासी रोशन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। उसने सोहना ढाणी में स्पोर्टस वैली में ए-603 नंबर फ्लैट लिया हुआ है। वह 6 नवंबर को घर बिहार चला गया था। 9 नवंबर को उसके दोस्त ने उसे फोन करके फ्लैट से ताला तोड़ने की आवाजें सुनने की बात बताई। उसने मैनेजेंस को फोन करके अपने फ्लैट की जांच करने को कहा। जांच के दौरान फ्लैट के दरवाजे पर लगा ताला टूटा मिला। वह 25 नवंबर को अपने घर से वापस फ्लैट पर पहुंचा। जहा उसने देख कि ताला तोड़क फ्लैट में से इस्री, फ्रिज, वाशिंग मशीन, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान गायब था। जिसे अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित छात्र की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरु कर दिया है। ताकि फ्लैट में चोरी करने वाला का सुराग लग सके।

### गुरुग्राम-जयपुर हाईवे पर एक जगुआर कार जलकर राख हुई



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम-जयपुर हाइवे पर मंगलवार को एक जगुआर गाड़ी अचानक धूं-धूं कर जलने लगी। हादसा हाइवे के पास पॉलिटेक्निकल कालेज के सामने हुआ। इससे पहले कि गाड़ी पूरी तरह आग के गोले में तब्दील होती, चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि एक करोड़ की जगुआर में शॉर्ट सर्किट के कारण जलकर राख हो गई। जगुआर में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन दमकल विभाग की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंचती उससे पहले ही आग ने गाड़ी को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। बता दें कि सोमवार को भी दिल्ली-जयपुर हाइवे पर चलती गाड़ी में आग लग गई थी। गनीमत ये रही की इस गाड़ी में बैठे परिवार ने आग को पहले ही भांप लिया था और गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई ली थी।

### जिला सैनिक बोर्ड में होगा शिकायत निवारण कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के डीसी एवं जिला सैनिक एवं अर्द्ध सैनिक कल्याण विभाग के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने बताया कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा नवंबर माह में देश के 100 शहरों में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुग्राम में यह आउटरीच तथा शिकायत निवारण कार्यक्रम 29 व 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला सैनिक बोर्ड परिसर में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में पेंशनभोगियों को स्पर्श के बारे में जागरूक करने सहित स्पर्श पेंशनभोगियों के लिए उपलब्ध सेवाओं का हैंडहोल्डिंग और लाइव डेमो भी दिया जाएगा। इस शिकायत निवारण कार्यक्रम में पेंशनभोगियों की शिकायतों की पहचान और समाधान का कार्य मौके पर ही किया जाएगा। कार्यक्रम से जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए जिला सैनिक बोर्ड के सचिव कर्नल अमन यादव ने बताया कि सैन्य सेवा पेंशन प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थी अपने 2 पेंशन पेमेंट आर्डर, पेंशन बुक, आधार कार्ड व पैन कार्ड की छायाप्रति तथा मोबाइल, ईमेल आईडी सहित उपरोक्त तिथि को उक्त आयोजन में हिस्सा लेकर अपनी पेंशन सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में अवगत करा कर उसका निवारण करा सकते हैं।

### देशभर में 10.36 करोड़ की साइबर ठगी करने के 6 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने 6 ऐसे साइबर ठगों को दबोचा गया है, जिन्होंने पूरे देश में करीब 10.36 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की है। उनके खिलाफ कुल 2857 शिकायतें देश के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों में दो महिलाएं, एक नाबालिग व तीन अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन व सहायक पुलिस आयुक्त साईबर विपिन अहलावत के नेतृत्व में थाना साईबर पश्चिम की पुलिस टीम ने विभिन्न ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाली 2 महिलाओं व एक नाबालिग सहित कुल 6 आरोपियों को काबू किया। जिनकी पहचान कुमारी उपासना, पूजा शर्मा, मनीष, सोनू शर्मा व अकील के रूप में की गई। गुरुग्राम पुलिस द्वारा आरोपियों से बरामद किए गए मोबाईल फोन्स व सिम कार्ड्स का इंडियन साईबर क्राइम कोर्डिनेट सेंटर से डाटा अवलोकन कराया गया। इस दौरान खुलासा हुआ कि सभी आरोपियों पर पूरे भारतवर्ष में लगभग 10 करोड 36 लाख रुपये की ठगी के संबंध में 2857 शिकायतें दर्ज हैं। जिनके संबंध में 154 केस दर्ज किए गए हैं। इनमें 9 केस हरियाणा में दर्ज हैं। सभी आरोपी इंस्ट्राग्राम फेक आईडी बनाकर आईफोन बेचने के नाम पर बारकोड भेजना, नौकरी दिलाने का झांसा देकर व टेलीग्राम पर यूट्यूब वीडियो लाइक कराने के नाम पर रुपये इन्वेस्ट करवाकर ठगी की वारदात को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से ठगी की वारदातों में प्रयोग किए गए 8 मोबाईल फोन्स व 11 सिम कार्ड्स बरामद किए गए थे।

### गुरुग्राम जिला में 9 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 9 दिसंबर को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी इस अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 9 दिसंबर को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक

# प्राईवेट सिक्योरिटी उद्योग देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : मुख्यमंत्री गुजरात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दो दिन** तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज़रूरी मुद्दों को संबोधित करना और भारत में सुरक्षा के उभरते परिदृश्य की खोज करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में कैप्सी और एपीडीआई के चेयरमैन कुँवर विक्रम सिंह, प्रो. (डॉ.) बिमल एन. पटेल, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, श्री प्रकाश वर्मोरा, गुजरात के विधान सभा सदस्य, श्री महेश शर्मा, कैप्सी और एपीडीआई के सिक्योरिटी जनरल, डॉ. शमशेर सिंह गुजरात राज्य के (डीजी ऑफ पुलिस (कानून एवं व्यवस्था)), श्री अनिल प्रथम आईपीएस, डीजीपी पुलिस सुधार, हर हाईनेस बहीदा दी महारानी राधिका राजे गायकवाड़, श्री कांति भाई पटेल, प्रेसिडेंट फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एंड एसोसिएशन, गुजरात तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

कैप्सी के इस सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 2023 में सुरक्षा गार्डों के हित में दो बातों की घोषणा की गई। पहली यात्रा.कॉम ने 1 करोड़ सुरक्षा गार्डों और उनके परिवार के सदस्यों को टिकट बुकिंग में रियायतें देने के लिए कैप्सी से हाथ मिलाया। और दूसरी कैप्सी ने पीएमएवाय के तहत सुरक्षा गार्डों के लिए 500 घरों के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश के आरसी इंफ्रा के साथ हाथ मिलाया। जिसे आगे चलकर कैप्सी भारत के अन्य हिस्सों में भी अमल में लाएगा।



इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने कहा, 'विश्व के सुप्रसिद्ध नेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुजरात को एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित राज्य बनाकर विकास का रोल मॉडल बनाया है। गुजरात जैसे औद्योगिक रूप से विकसित और ऑटो एंड मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पहचाने जाने वाले राज्य में, औद्योगिक सुरक्षा और श्रम शांति के लिए प्राईवेट सिक्योरिटी बहुत अहम भूमिका निभा रही है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है, इसलिए सबसे ज्यादा जोर सिक्योरिटी सेक्टर और डिफेंस को मजबूत करने पर दिया जा रहा है। जिस तरह शत्रु राज्य और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए डिफेंस की क्षमता ज़रूरी है, उसी प्रकार समाज में सुरक्षा बनाए रखने के लिए सिक्योरिटी सेक्टर भी जरूरी है।

इस अवसर पर जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'प्राईवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री राष्ट्र की सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान देती है। मैं गुजरात में इस अहम समिट के आयोजन के लिए कैप्सी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। प्राईवेट सिक्योरिटी सेक्टर सरकार की हर संभव मदद करता है, जिनमें रोज़गार और कानून लागू करने वाली एजेंसियों का बोझ कम करना आदि शामिल हैं।' इस अवसर पर, कैप्सी और एपीडीआई के चेयरमैन, कुँवर विक्रम सिंह ने कहा, 'पिछले 18 सालों से हम केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट बनेगी बेसहारा वृद्धों का सहारा



सोहना के वार्ड-20 में निर्माणाधीन वृद्धा आश्रम।

> वृद्धा आश्रम से जहा बेसहाराओं को अपने जीवन बिना किसी दुख दर्द जीने का अवसर मिलेगा। वहीं बेरोजगारों को रोजगार भी दिया जाएगा। वृद्धा आश्रम में कार्य करने वालों को हर माह वेतन दिया जाएगा।
> **( बबीता यादव-अध्यक्ष उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट )**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सामाजिक** संस्था उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट बेसहारा वृद्धों का सहारा बनेगा। ट्रस्ट द्वारा बनाया जा रहा वृद्धा आश्रम को 5 दिसम्बर से शुरुआत की जाएगी। जिसमें एक साथ 14 वृद्धों को रखने की सुविधा होगी।

कोविड काल में जनसेवा करने की शुरुआत करने वाली सामाजिक संस्था उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट वैसे तो गरीब कन्याओं का विवाह में आर्थिक सहायता से लेकर कपड़ा, शिक्षा, रोजगार का हुनर, बेटियों और महिलाओं को कंप्यूटर शिक्षा मुफ्त में देने वाली सामाजिक संस्था उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट ने अब बेसहारों को सहारा बनने की ओर नया कदम बढ़ाया है। जिसके लिए ट्रस्ट ने वार्ड 20 में वृद्धा आश्रम की शुरुआत करने जा रही है। उक्त वृद्धा आश्रम की शुरुआत में 14 बेसहाराओं को एक साथ रखने से होगी।

**वृद्धों का दर्द बना आश्रम कारण :** सामाजिक क्षेत्र में सेवा का कार्य करने वाले एवं उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बलबीर सिं रावत गब्दा ने बताया कि उनके पास संतान से सताएं जाने वाले वृद्धों के आवाज किसी भी तरीके से मदद के लिए आती रहती है। ऐसे वृद्धों की उन्होने हमेशा ही मदद के लिए आगे आया हूं। उनकी नजर में आज भी 3 से 4 वृद्ध है। जो अपनी संतान की मदद न मिलने पर किराए के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे है। जिनके पास किराए भरने की आर्थिक राशि वह अपने जेब से हर माह दे रहे है। वृद्धों को 24 घंटा अपने नजर में रखते हुए उनकी सभी प्रकार की मदद करने की लगन ने ही आश्रम बनाना ही उनका अंतिम फैसला है।

# सार्वजनिक शिक्षा में जीवन कौशल को मुख्य विचारधारा में लाना : भारत में लाइफ स्किल्स कोलेबोरेटिव की प्रभावपूर्ण पहलें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मानव** अस्तित्व के भव्य इतिहास में, किसी भी देश के युवा उस सबसे उत्साहपूर्ण और भरोसेमंद कड़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो उसके भविष्य को एक साथ मिलकर आकार देते हैं। विविधताओं से भरपूर और गतिशील देश भारत में अपने युवाओं को जीवन कौशल में समर्थ बनाने का महत्व कभी भी इतना गंभीर नहीं रहा है। द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव (LSC) बहु-क्षेत्रीय कार्यक्षेत्र के 18 समान विचारधारा वाले संगठनों का एक समूह है, जो नए समाधानों का संचालन करने, भारत के युवाओं को सशक्त बनाने, और आवश्यक जीवन कौशल को इसके मूल में शामिल करके शैक्षिक परिदृश्य को नया आकार देने में सक्षम है। यह कोलेबोरेटिव, युवाओं और अभिभावकों में जीवन कौशल की समझ को बढ़ाने, जीवन कौशल के लिए एक सामान्य शब्दावली तैयार करने, और प्रगति को मापने, शिक्षा बांटने, और भारत में सिस्टम परिवर्तन के बारे में बताने के लिए विषय के अनुरूप मूल्यांकन विकसित करने के लिए काम कर रहा है।



(LSC) के मिशन का समय अत्यंत अनुकूल है। राष्ट्रीय शिक्षानीति (NEP) 2020 के आने से, जो एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की कल्पना करती है, जो पाठ्य पुस्तकों और परीक्षाओं से अलग है, अब देश के युवाओं का समग्र विकास चर्चा का विषय बन गया है। यह उन विभिन्न प्रकार के अनुभव प्राप्त व योग्यताओं वाले व्यक्तियों की देख-रेख में जीवन कौशल की महत्व पूर्ण भूमिका की जांच करती है जोन केवल 21वीं सदी की जटिलताओं से निपट सकते हैं, बल्कि व्यापक रूप से समाज और दुनिया में सार्थक योगदान भी दे सकते हैं।

आज के लगातार बदलते माहौल में जीवन कौशल के समीक्षात्मक महत्व के बारे में बताते हुए लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव के प्रमुख, अर्जुन बहादुर, कहते हैं कि हम जिस समृद्ध भारत की कल्पना कर रहे हैं, उसके लिए, यह जरूरी है कि हम जीवन कौशल को अपनी शिक्षाप्रणाली की आधार शिला के रूप में देखें। यह आदर्श बदलाव हमारे देश के युवाओं को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा, उनमें समय के अनुसार बदलने की क्षमता, रचनात्मकता, और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देगा। जीवन कौशल को बढ़ावा देना, और उन्हें मुख्य विचार धारा की शिक्षा के एक हिस्से के रूप में जोड़ना, तेजी से बदलते अनिश्चित भविष्य में, जिसका सामना हमारे युवा कर रहे हैं, भावीमार्ग दर्शकों, समाधानकर्ताओं, और बदलाव लानेवालों को तैयार करने की महत्वपूर्ण कड़ी है।

**जीवन कौशल प्लेटफॉर्म : शिक्षा में बदलाव**

LSC का मुख्य लक्ष्य एक ऐसा संवादात्मक जीवन कौशल प्लेटफॉर्म तैयार करना है, जिसे भारत के शैक्षिक परिदृश्य में पूरी तरह से बदलाव के जरिए सरकारी एजेंसियों और शैक्षणिक संस्थानों को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया गया हो। यह प्लेटफॉर्म एक महत्वपूर्ण आधार स्थापित करने के लिए बनाया गया है ताकि निम्नलिखित पहलों के ज़रिए पारंपरिक शैक्षणिक विशेषज्ञता के साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी दिए जाएं। दृष्टिकोण की शक्ति युवा, माता-पिता, और शिक्षक जीवन कौशल शिक्षा की जानकारी देते हैं।

# जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर जीतें 10 हजार से एक करोड़ का इनाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### नागरिकों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है योजना का उद्देश्य

**यदि** आप अपने रोजमर्रा की जरूरतों के लिए खरीदे गए सामान के बिल के माध्यम से इनाम जीतना चाहते हैं तो सरकार की यह योजना आपके काम की है। सरकार की ओर से लागू की गई मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत आमजन 200 रुपए या इससे अधिक का जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर एक करोड़ रुपए का इनाम जीत सकते हैं। योजना का उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना और आम लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वे दुकानदार से खरीदे गए सामान का बिल अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे ग्राहकों को बिल अवश्य दें। सरकार ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने और जीएसटी बिलों की बढ़ोतरी के लिए ही मेरा बिल मेरा अधिकार योजना लागू की है। इस योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने वाले नागरिकों को जीतने पर एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरा बिल मेरा-अधिकार योजना के तहत लोगों को एक करोड़ इनाम के साथ कई और ईनाम भी मिलेंगे। इस योजना में हर महीने सरकार 800 लोगों को चुनेगी। ये 800 लोग वे होंगे जो हर महीने अपना जीएसटी बिल अपलोड करेंगे। इन 800 लोगों को 10 हजार रुपये का ईनाम मिलेगा। इन 800 लोगों के अलावा सरकार द्वारा 10 ऐसे लोगों का चयन किया जाएगा जिन्हें इनाम स्वरूप 10 लाख रुपए की राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक करोड़ रुपये की राशि का लाभ 2 लोगों को मिलेगा।

# Indel Money ने Q2 और पहली छमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

Indel Corporation के तहत प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (NBFC) Indel Money ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के दौरान लाभप्रदता में 127.21 प्रतिशत की। उल्लेखनीय वृद्धि घोषित की है। तिमाही का राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 61.09 प्रतिशत बढ़कर 77.03 करोड़ रुपये हो गया।

वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही में कंपनी ने जबरदस्त AUM वृद्धि, गोल्ड ऋणों की बढ़ोत्री, मांग, नए क्षेत्रों में विस्तार और चुनौतिपूर्ण कारोबारी माहौल के बावजूद परिचालन क्षमताओं से बढ़ते हुए अपनी लाभप्रदता में रिकॉर्ड 568.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

पहली छमाही के दौरान लाभप्रदता पिछले वर्ष की समान अवधि में 5.86 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 39.17 करोड़ रुपये हो गई थी। परिचालनात्मक रूप से, अब तक वार्षिक संवितरण में 70 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है, जो 1800 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। Q2 के लिए प्रबंधन के तहत संपत्ति (AUM) 1363 करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में पर्याप्त वृद्धि और तिमाही-दर-तिमाही उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। नवाचार और विस्तार पर कंपनी का ध्यान उसकी डिजिटल पहलकदमियों में स्पष्ट है, जिसमें ग्राहकों की संतुष्टि और पहुंच को बढ़ाने वाले उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल ऐप और हाइब्रिड गोल्ड ऋण शामिल हैं। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, Indel Money के कार्यकारी निदेशक और सीईओ उमेश मोहनन ने कहा, हमें वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही के लिए 39.17 करोड़ रुपये के लाभ की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है। यह शानदार प्रदर्शन नए क्षेत्रों में व्यापार के विस्तार के प्रति हमारी दृढ़ वचनबद्धता और बदलते



बाजार की गतिशीलता पर त्वरित प्रतिक्रिया देने की हमारी क्षमता को रेखांकित करता है। मजबूत संवितरण और गोल्ड ऋणों पर निरंतर ध्यान ने हमारी इस उल्लेखनीय व्यवसाय वृद्धि को हासिल करने में मदद की है। हमने हाल ही में आरबीआई से विदेशी मुद्रा व्यापार लाइसेंस प्राप्त किया है और यह हमारे समग्र व्यापार में महत्वपूर्ण योगदान डालने की महत्वपूर्ण क्षमता रखता है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2024 के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स (एनसीडी) ट्रैंच III में प्रभावशाली 188 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन देखी गई, जो कंपनी के वित्तीय साधनों में निवेशक के विश्वास की पुष्टि करती है। हम चालू वित्तीय वर्ष के Q4 में 200 करोड़ रुपये के NCD की ट्रैंच IV की योजना बना रहे हैं, उमेश मोहनन ने कहा, Indel Money सभी नियामक आवश्यकताओं को पूरा करते हुए एक स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात (CAR) बनाए रख रही है। कंपनी की वित्तीय वर्ष 2024 में 100 से अधिक शाखाएं शामिल करने और इस वित्तीय वर्ष में इसे चार नए राज्यों में फैलाने की योजना है।

## नूंह पुलिस की पहल : अरावली संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने का उठाया बीड़ा

### नूंह-तावडू अरावली पर्वत श्रृंखला में बच्चों को कराया भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नूंह** पुलिस की ओर से अरावली संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए एक विशेष पहल की शुरुआत की गई है।पर्यावरण प्रेमियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है।मंगलवार को नूंह- तावडू मार्ग पर अरावली पर्वत श्रृंखला में स्कूली बच्चों को भ्रमण कराकर पहल की शुरुआत हुई।बच्चों को अरावली पर्वत श्रृंखला और पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया गया।

नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस निरीक्षक नरेंद्र बिजारणिया के दिशा निर्देशों पर शुरू हुई इस पहल में स्कूली बच्चों को अरावली पर्वत श्रृंखला के प्राकृतिक सौंदर्य,पेड़ पौधों का संरक्षण पर्यावरण एवं जीव जंतुओं से विस्तृत जानकारी देने के साथ साथ जागरूक किया जाएगा।इस विशेष पहल को एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा।अरावली पर्वत व वन्य जीव जंतुओं का संरक्षण के साथ-साथ अवैध खनन पर लगाम लगाना है अभियान का मुख्य उद्देश्य रहेगा।मंगलवार को



पुलिस लाइन से डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को एक सरकारी वाहन में नूंह-तावडू मार्ग के बीच अरावली पर्वत श्रृंखला पर ले जाकर भ्रमण कराया गया।जहां पर बच्चों को प्राकृतिक पेड़ पौधों,पर्यावरण,जीव जन्तुओ से संबंधित विशेष जानकारी दी गई।इस दौरान नोडल अधिकारी के रूप में आईपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह बच्चों के साथ मौजूद रहे। जिन्होंने बच्चों को अरावली पर्वत श्रृंखला की पृष्ठभूमि समेत प्राकृतिक पेड़ पौधों,इसका पर्यावरण प्रभाव,यहां पर रहने वाले जंगली जानवरों और कई प्रकार के पक्षियों आदि की जानकारी दी।पर्वत श्रृंखला में भ्रमण के दौरान बच्चों ने भी विशेष रुचि लेते हुए कुछ सवाल भी किए।

बता दे की गुरुग्राम व नूंह जिले अलावा राजस्थान के एक बड़े हिस्से में अरावली पर्वत अरावली पर्वत श्रृंखला फेली है।जिसमें विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे जीव जंतु आदि रहते हैं जो एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं,लेकिन इसी अरावली पर्वत श्रृंखला में अवैध खनन को लेकर बार बार शिकायतें भी आती हैं।पर्यावरण प्रेमी लोगों का कहना है कि एनसीआर क्षेत्र सहित उत्तर भारत में पर्यावरण शुद्धि के लिए अरावली श्रृंखला का महत्वपूर्ण किरदार रहा है।जिसके संरक्षण के लिए स्वंय सेवी संस्थाएं भी समय-समय पर जागरूक अभियान चलाती हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया स्वयं एक वन्य जीव और पर्यावरण प्रेमी है।जिनकी पहल पर पुलिस की ओर से पर्यावरण बचाओ व अरावली पर्वत श्रृंखला का संरक्षण करने के लिए स्कूली बच्चों के माध्यम से यह अभियान शुरू हुआ है।जिसमें जिलेभर में प्रत्येक दिन निजी और सरकारी स्कूल के बच्चों को नजदीकी अरावली पर्वत श्रृंखला में ले जाकर भ्रमण कराया जाएगा।

# गुरुग्राम के कराटे खिलाड़ियों ने नोएडा में मचाई धूम

### भाजपा नेता बाली पंडित ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के कराटे खिलाड़ियों ने नोएडा में आयोजित 7वीं रॉयल चैलेंजेस कराटे कप में बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा दिखाई। नोएडा के इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कराटे कप में खिलाड़ी पूरा दम लगाकर खेले। वरिष्ठ भाजपा नेता बाली शर्मा व विजय कोच ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करके बधाई दी। हरियाणा के महासचिव और साईं कराटे एकेडमी डायरेक्टर शिहान



गुरुग्राम के विजेता कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित करते बाली पंडित।

सुनील सैनी और गुड़गांव संगठन के महासचिव शिहान राजकुमार ने टीम को शुभकामनाएं दीं। 26 ओर 27 नवम्बर को इस कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में काफी राज्यों के खिलाड़ी ने भाग लिया, इसमें लगभग 1000 ही प्रतिभागियों ने भाग लिया। गुरुग्राम से साईं कराटे अकादमी के 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें दुर्जोय ने दो गोल्ड, ध्वनि झा ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल, दीप्सा मक्कर ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल, अवंतिका शर्मा ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल, काव्यांजलि ने 1 गोल्ड व ब्रॉन्ज, मोहित जाखड़ ने गोल्ड व ब्रॉन्ज, हरमन नेसिल्वर व ब्रॉन्ज, आशका गोदारा ने गोल्ड व सिल्वर, इनेश कुमार दलाल ने गोल्ड व सिल्वर जीते। सात्विक शर्मा, तानुष पहुजा, आर्यन अरोड़ा, शौर्य चंद्र, सुहानी चंद्र, प्रतिस्था सिंह, आतिशय जैन, अजीत राणा, कार्निक अग्रवाल, वृषांक सिंह ठाकुर व श्रेयांश सारस्वत ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। आत्मन जैन ने 2 सिल्वर मेडल जीते। इसमें 7 गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल साईं अकादमी ने जीते। शिहान रजनेश चौधरी महासचिव-केएआई, पवन गोयल, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन, अनुज गोयल निदेशक एस्ट्रोन कॉलेज ऑफ एजुकेशन मेरठ, शिदोशी अनिल कौशिक अध्यक्ष आईजीएफ वर्ल्ड गेम्स, शिहान तरुण चक्रवर्ती अध्यक्ष रेफरी कमीशन-केएआई ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए वरदान बना समर्थ भारत केंद्र

### केंद्र के प्रथम वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आज** समाज को मजबूत बनाने के लिए बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने का प्रण लिया था। यह बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। एक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात डा. सिंगला का स्वप्न साकार होता दिखाई दिया, जब समर्थ भारत केंद्र के प्रथम वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी ऐसी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं संस्कृत अकादमी के संस्कृति प्रकोष्ठ के नव नियुक्त निदेशक डा. सी.डी.एस. कौशल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। अध्यक्षता डा. रामेंद्र सिंह निदेशक विद्या भारती संस्कृति एवं शिक्षा संस्थान ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. के.के. सिंह प्रोफेसर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मौजूद रहे। डा. सिंगला ने कहा कि आज हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते जा रहे हैं। यह बच्चे अन्य बच्चों के मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसका सारा श्रेय समर्थ भारत केंद्र की प्राचार्य संगीता सिंह को जाता है। इस केंद्र की स्थापना में डा. रामेन्द्र सिंह ने कदम कदम पर सहयोग दिया।

मुख्य अतिथि डा. सी.डी.एस. कौशल ने कहा कि मुझे बच्चों की प्रस्तुतियां देख कर गर्व की अनुभूति हुई है, जो बच्चे अपने जीवन में प्रथम बार स्टेज पर आए, उनका आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

## साइकिल यात्रा निकाल नशा मुक्त हरियाणा का दिया संदेश



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार प्रतिदिन हरियाणा के अलग अलग स्थानों पर जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार करने में जुटे हुए हैं। विशेष बात है कि वे साइकिल पर गांव गांव जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हैं। इस कड़ी में वे पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र से साइकिल पर सवार होकर राष्ट्रीय मार्ग से ईशरहेड़ी, कौलापुर होते हुए बाबैन पहुंचे। अनेक स्थानों पर ठहरकर लोगों के साथ नशा मुक्त समाज के निर्माण विषय पर चर्चा की और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अभियान में सहयोग करने की बात कही। इसके पश्चात देवगन अस्पताल बाबैन में डॉ. दीपक देवगन के सानिध्य में युवाओं के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान से जुड़ने के लिए चर्चा हुई।

## नूंह में होगी विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती : पुलिस अधीक्षक नूंह

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

### सेना एवं अर्धसेना के सेवानिवृत्त, एचआईएसएफ के कर्मियों को मिलेगा सुनहरा अवसर

### चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 18000 प्रति माह वेतन दिया जाएगा

**नूंह** जिले में पुलिस विभाग में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती की जा रही है । सेना एवं अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अलावा एचआईएसएफ बटालियन के हटाए गए कर्मचारी व 2004 में हरियाणा सशस्त्र बल से हटाए गए कर्मचारियों को पुलिस में विशेष अधिकारी के तौर पर भर्ती करने का सुनहरा अवसर प्रदान हुआ है। आवेदनकर्ता आगामी 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक कमरा नंबर 402 जिला निरीक्षक शाखा,कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में अपना आवेदन कर सकते हैं । आवेदनकर्ताओं को आवेदन करते समय अपने सम्पूर्ण असल दस्तावेज पेश करना अनिवार्य है।

पुलिस अधीक्षक नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित होने वाले उम्मीदवार को ? 18000 प्रति माह वेतन दिया जाएगा । एसपीओ की भर्ती के लिए हरियाणा के किसी भी जिले का रिहायशी सेवानिवृत्त कर्मचारी आवेदन कर सकता है । हैवी ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर व अन्य ट्रेड स्पेशलिस्ट को भर्ती में अलग से प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस में बढ़ोतरी करने के लिए आर्मी एवं पैरामिलिट्री फोर्स के सेवानिवृत्त हुए एक्स सर्विसमैन को भर्ती होने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले एक्स सर्विसमैन को पासपोर्ट साइज के चार फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, सेवानिवृत्त से संबंधित सर्टिफिकेट इत्यादि लाना आवश्यक है।

आगे बताया कि भर्ती होने वाले की आयु 25 से कम 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त अनुशासनहीनता या मेडिकल के आधार पर कर्मचारी को हटाया ना गया हो, साथ ही सेना में कम से कम 5 वर्ष तक सेवा दी हो । खास बात यह है कि इन विशेष पुलिस अधिकारियों को भर्ती होने के उपरांत 15 दिन का पुलिस ड्यूटी बारे विशेष प्रशिक्षण पुलिस लाइन नूंह में दिया जाएगा।

## बुजुर्ग महिला की बाली उतारकर भागे युवक

**हिसार।** के पातन गांव में घर में सो रही बुजुर्ग महिला की कानों की बाली निकाल कर 2 युवक भाग गए। महिला पटेल नगर की रहने वाली है। वह अपनी बेटी से मिलने के लिए गांव गई थी। घटना के दौरान महिला की बेटी की आंख खुल गई। आवाज सुनकर उसने लाइट ऑन की तो दोनों युवक भाग गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता सुनीता ने बताया कि उसका पति सत्यपाल मार्केटिंग का काम करता है। उसकी मां कमला देवी पटेल नगर की गली न. 11 की रहने वाली है। वह उसके घर पातन मिलने के लिए आई हुई थी। पति सत्यपाल ने बताया कि उसकी सास बच्चों के साथ अलग कमरे में सो गई और वह और उसकी पत्नी दूसरे कमरे में सो रहे थे। रात को सास 2 से 3 बार बाथरूम करने के लिए बाहर गई। वह कमरे का दरवाजा बंद करना भूल गई।

## हरियाणा मिट्टी कलां बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान ने प्रजापत समाज के लोगों के साथ की मीटिंग

### अग्रसेन मंदिर के प्रांगण में प्रजापत समाज के लोगों ने चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान का फूलों का बुक्का देकर किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**मंगलवार** हरियाणा मिट्टी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान ने नूंह जिले के तहसील फिरोजपुर झिरका में दौरा किया और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले हस्त शिल्पकारों से मुलाकात की। इसी क्रम में शहर के प्रजापत समाज के लोगों ने सिविल लाइंस रोड पर स्थित अग्रसेन मंदिर के प्रांगण में एकत्रित होकर गर्म जोशी के साथ हरियाणा मिट्टी कलां बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान स्वागत किया और फूलों का बुका देकर उनका अभिवादन किया। इसी कड़ी में भाजपा मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य ने प्रजापत समाज द्वारा बनाए जाने वाले मिट्टी के हस्त शिल्पकारों की समस्याएं प्रमुखता से रखते हुए कहा की क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले हस्त शिल्पकारों के लिए मिट्टी की व्यवस्था की जाए और उन्हें मिट्टी के बर्तनों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं के लिए उचित जगह का प्रावधान किया जाए ताकि वे दुकान लगाकर अपनी आजीविका चला सके। हरियाणा मिट्टी कलां बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान ने प्रजापत समाज की समस्या को संज्ञान में लेते हुए इस संदर्भ में प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल खट्टर से बातचीत करने का आश्वासन दिया और कहा जल्दी ही स्थानीय नगर पालिका



फूलों का बुक्का देकर हरियाणा मिट्टी कलां बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवान का स्वागत करते प्रजापत समाज के लोग।

को निर्देश देकर मिट्टी के बर्तन बिक्री करने वाले हस्त शिल्पकारों को मिट्टी के बर्तनों की दुकानें लगाने हेतु उचित जगह दिलाने भी आश्वासन दिया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन मंदिर के प्रांगण में एकत्रित प्रजापत समाज के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि हर वर्ष राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में ट्रेड फेयर का बाजार लगता है। जिसमें भारत के सभी राज्य के लोग हस्त निर्मित सामानों की स्टॉल लगाकर अपनी भारतीय सभ्यता को प्रदर्शित करते हैं। इस बार मेवात क्षेत्र के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले हस्त शिल्पकारों के लिए ट्रेड फेयर बाजार में स्टॉल लगाने के लिए उचित जगह सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से विचार विमर्श कर मेवात क्षेत्र के हस्त शिल्पकारों के लिए दिल्ली ट्रेड फेयर बाजार में स्टॉल लगाने के लिए जल्द ही अनुमति कार्ड देने के लिए भी आश्वासन दिया। इस मौके पर सूरज प्रजापति, मास्टर बिहारी लाल प्रजापति, दिनेश सैनी ,मास्टर कैलाश चंद, गोवर्धन प्रजापति, विश्राम प्रजापति, दुलीचंद प्रजापति, मास्टर श्याम, मास्टर कैलाश चंद सहित काफी संख्या में प्रजापत समाज के लोग मौजूद रहे।

## किसान उत्पादक समूह से किसानों के घरों में आई खुशहाली

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**किसान** उत्पादक समूह (एफपीओ) बनाकर किस पूरी तरह से खुशहाल हो रहा है। किसान की आमद ने कई गुणा बढ़ रही है। नूंह जिले के मांडीखेड़ा गांव के किसानों ने एफपीओ बनाकर सब्जी फसलों से अच्छा मुनाफा कमाना शुरू कर दिया है। पोली हाउस में किसान खीरे की फसल लगाकर एक एकड़ से सारे खर्चे वगैरा काटकर तकरीबन आठ लाख रुपए का मुनाफा कमा रहा है। पोली हाउस में खीरे की फसल के अलावा चेरी टमाटर, टमाटर, शिमला मिर्च खरबूजा इत्यादि की फसल उगाई जा रही है। इसके अलावा बैंगन की खेती से भी किसान अच्छा खासा लाभ कमा रहा है। इसे पॉलीहाउस के बजाए खुले में लगाया जाता है।

1 साल में खीरे की चार खेती पॉलीहाउस के माध्यम से ली जा रही है। इसमें विदेशी खीरा जिसे चाइनीज खीरा भी कहा जाता है। इसका उत्पादन किया जा रहा है। उत्पादन के साथ - साथ पॉलीहाउस में होने वाले खीरे की गुणवत्ता भी अच्छी है और इस बार किसानों को भाव भी अच्छा मिल रहा है। जिला बागवानी



अधिकारी डॉक्टर दीन मोहमद का कहना है कि 8 लाख का मुनाफा उस समय होता है, जब किसान को तकरीबन 10 रुपए प्रति किलो भाव मिलता है, लेकिन इस बार तो 15 - 20 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खीरे का भाव किसान को मिल रहा है। सबसे खास बात यह है कि एक समूह बनाकर किसान सब्जी फसल उगता है और इससे अच्छी आमद प्राप्त कर रहा है। परंपरागत खेती को छोड़कर अब नूंह जिले के किसानों ने किसान उत्पादक समूह बनाकर अपनी आमद को बढ़ाना शुरू कर दिया है। केंद्र व राज्य सरकार भी किसानों की आमदनी को बढ़ाने पर खासा जोर दे रही है। इन एफपीओ के माध्यम से सरकार व किसान का सपना साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है। नूंह जिले के मांडीखेड़ा गांव के पॉलीहाउस में उगाई जाने वाले खीरे इत्यादि सब्जी फसलों की एनसीआर की मंडियों में अच्छी खासी डिमांड है या फिर पॉलीहाउस में ही बड़े - बड़े कंपनी से जुड़े खरीददार सब्जी खरीदने के लिए पहुंच जाते हैं। सबसे खास बात यह है कि जिस जगह पर पॉलीहाउस लगाया गया है, उस जगह पर मीठा पानी नहीं है। लेकिन किसानों ने खरीद कर पानी से इन फसलों को उगाकर दिखाया है। इस फसल में टपका या फव्वारा प्रणाली से सिंचाई की जाती है। इसलिए आम सिंचाई के मुकाबले इस सिंचाई में पानी कम लगता है। जिससे किसानों के सपने साकार होते दिख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान नेता हाउस अरेस्ट

**मेवात।** किसान नेता आजाद खेड़ी कंकर को अपने साथियों के साथ राजभवन के लिए रवाना होने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने नोटिस थमाकर घर में ही नजरबंद करने का काम किया। जिससे किसान नेता व उनके समर्थक खफा हैं। किसान नेता आजाद खेड़ी कंकर ने बयान जारी कर कहा कि 26, 27, 28 तारीख को राजभवन चंडीगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पहुंचना था। जानकारी के मुताबिक किसान 5 - 7 गाड़ियों को लेकर निकल रहे थे। इतने में ही पुलिस ने घर पहुंचकर रोक दिया। सभी किसानों का कहना है कि सरकार का यह तानाशाही रवैया बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। किसानों को नोटिस भी थमाए गए। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें समय मिलेगा वो राजभवन पहुंचने की भरसक कोशिश करेंगे। कुल मिलाकर किसान आंदोलन को लेकर सरकार अब पूरी तरह एक्टिव दिख रही है। किसानों को एकजुट होने से रोकने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। अब देखना यह है कि किसानों की अगली रणनीति क्या होगी।

### युवक लापता, गुमशुदगी का केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव धुलावट से एक 22 वर्षीय युवक का मोटरसाइकिल सहित लापता होने का मामला सामने आया है।पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धुलावट गांव के रहने वाले बिलाल ने बताया कि बीते 23 नवंबर की रात भाई नासिर घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था,लेकिन घर नहीं लौटा। अपने स्तर पर खोजबीन शुरू की,लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहित ने पति और जेठ पर मामला दर्ज, जान से मारने की धमकी

**सोहना।** भोंडसी की वाटिका कुंज निवासी विवाहिता ने पति और जेठ के खिलाफ पुलिस को शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पति पर शराब के नशा में मारपीट करने और जेठ पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वाटिका कुंज निवासी पिंकी गौत्तम ने भोंडसी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नागंड अल्मोड़ा गन्नोई उत्तराखंड निवासी रितिक कुमार से 26 नवंबर 2019 को हुई थी। उसके पिता ने उसकी शादी को हिन्दु रीतिरिवाजों को निभाते हुए कराया था। उसका एक चार साल के बेटा है। अब उसका पति उसे और बेटा को लेकर किराए के मकान में भोंडसी के भारत चौक पर रहता है। उसका पति रितिक शराब पीने का आदि है। रोज शराब पीकर आता है। उसके साथ मारपीट करता है। उसे जान से मार देने की धमकी देता है। पति के इस झगड़े को वह पिछले चार साल से झेल रही है। वह जब भी ससुराल उत्तराखंड जाती है। तब तब उसका जेठ हरीश भी रितिक को छोड़ देने का दबाव बनाता है। वह भी उसे मारता पिटता है। जान से मरवा देने की धमकियों देता है। पुलिस ने पीडिता विवाहिता की शिकायत पर पर मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भारत-संकल्प यात्रा जनसंवाद 30 नवंबर से होगी आरंभ




**गुरुग्राम।** भारत सरकार व हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला में 30 नवंबर से विकसित भारत-संकल्प यात्रा जनसंवाद शुरू की जा रही है। इस यात्रा के संबंध में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई विकसित भारत-संकल्प यात्रा जनसंवाद एक दूरदर्शी पहल का प्रतिनिधित्व करती है। सरकारी योजनाओं को प्रत्येक जिलावासी के समक्ष ले जाने तथा योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करने के प्रयास में तीन वैन अगले दो महीनों के दौरान जिला के सभी ग्रामीण व शहरी इलाकों में यात्राएं करेंगी। वे यह सुनिश्चित करेंगी कि सरकारी योजनाओं का लाभ जिला के हर हिस्से तक पहुंचे। उन्होंने बताया को जिला में 30 नवंबर से शुरू हो रही इस यात्रा में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रचार मोबाइल वैन सोहना व पटौदी ब्लॉक में प्रत्येक दिन दो गांव कवर करेगी। सोहना ब्लॉक में पहला कार्यक्रम गांव सहजावास में आयोजित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे। पटौदी ब्लॉक में यह कार्यक्रम गांव बलेवा से शुरू किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में यह कार्यक्रम नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-4 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं से लोगों को जागरूक करने के साथ साथ आयोजन स्थल पर नए लाभार्थियों को जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिला में जिन स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव रहेगा उन सभी स्थानों पर संबंधित गांव के वीएलई प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे ताकि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक पात्र लाभार्थियों से मौके पर ही आवेदन करवाए जा सकें।

### नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी : सतीश कुमार

**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ व स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्मनिर्भरता एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। वर्तमान में बदलते आर्थिक परिदृश्य में पारंपरिक शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उद्यमशीलता कौशल का एकीकरण अनिवार्य हो गया है। अर्न व्हाइल लर्न की अवधारणा छात्रों में आत्मनिर्भरता, नवाचार की संस्कृति तथा उद्यमशीलता की भावना को निश्चित रूप से सशक्त करेगी। वे मंगलवार को विश्वविद्यालय की कमेटी रूम में उच्च शिक्षा संस्थानों में अर्न व्हाइल लर्न मॉडल के माध्यम से उद्यमिता - जैविक विकास का पोषण विषय पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यशाला का शुभारम्भ माननीय सतीश कुमार, कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत उच्च शिक्षा संस्थान के स्नातक प्रोग्राम के पहले वर्ष के 100 छात्रों को शामिल किया जाएगा जिसका उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कमाई के लिए प्रेरित करना है ताकि वे शैक्षणिक जीवन के शुरूआती चरणों में भी उद्यमशील एवं आत्मनिर्भर बनकर नव भारत निर्माण में अपना अहम योगदान दे सकें।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, No. 7431620M Hav. Gajpal Vikram Sharma R/o Air Force Station Mohammadpur Ahir inform that I have changed my son's name from Mahit Sharma to Mahit Dubey, his DOB is 26 April 2015

मैं, नीरज गुप्ता पुत्र श्री हरि राम निवासी मकान नम्बर 203/5, गांधी नगर, जींद, हरियाणा ने अपना उपनाम और अपने पिता का नाम बदलकर नीरज जिदंल पुत्र श्री हरि ओम कर लिया है। नीरज गुप्ता पुत्र श्री हरि राम व नीरज जिदंल पुत्र श्री हरि ओम दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री श्यामबीर व श्रीमती राजवती पत्नी श्री ओमप्रकाश निवासी मलेरना रोड़, हरी विहार कॉलोनी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा ने अपने पुत्र सुनील पुत्रवधु चिंकी को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे मुवक्किलों व उनके परिवार वालों की कोई जिम्मेवार नहीं होगी। **ध्रुव कुमार अधिवक्ता**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।


# सुरंग हादसा

## वो तो आसमां की सैर कर रहे थे

**ऐसे** वक्त में जब उत्तरकाशी स्थित सिल्क्यारा की धसकी हुई सुरंग में 17 दिनों से 41 मजदूर फंसे पड़े थे, इस बीच इस हादसे के 14वें दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गगन में लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भर रहे थे। हालांकि तब भी ऐसा लग रहा था कि अंधेरी सुरंग में मजदूर कभी भी बाहर आ सकते हैं, लेकिन हर गुजरता दिन बेनतीजा साबित हो रहा था। इन सबसे बेपरवाह मोदी के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखती थी। एक राज्य से निकलकर दूसरे राज्य में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान और तेलंगाना तक हवा में ही उड़ते रहे। इस बीच मोदी मथुरा भी पहुंचे थे, जहां उन्होंने ब्रज रज उत्सव के नाम से आयोजित मीरा जन्मोत्सव में हिस्सा लिया था।

17 दिन तक चलें इस बचाव अभियान के दौरान यहां विडंबना यही रही कि बचाव अभियान की समीक्षा करने या मजदूरों की खोज-खबर लेने या फिर इस बाबत कोई बात करने की बजाये पीएम की वरीयता लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भरने की रही। चुनावी रैलियां करने पर जोर रहा। राज्यों को जीतने पर जोर दिया गया। जनता के बीच जाकर उन्हें मनमोहित करने की कोशिश की गई। वैसे मोदी नामक फिनोमिना में यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं रह गयी है, क्योंकि देश उन्हें पिछले तकरीबन साढ़े नौ वर्षों से यही सब करता हुआ देख रहा है। उनके इस कार्यकाल में अनगिनत घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनमें प्रधानमंत्री उन्हें नजरंदाज कर या आवश्यक कार्रवाई न कर गैरजरूरी काम करते हुए दिखे हैं।

छोटी-मोटी घटनाओं को एक तरफ कर दें तो 20 जवानों को लील लेने वाले पुलवामा में सीआरपीएफ की टुकड़ी पर आतंकी हमला होने के बावजूद मोदी वन्य जीवन पर शूटिंग करने में व्यस्त थे। तब, जम्मू-कश्मीर के



तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कई बार उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन वे संचार प्रणाली की पहुंच से बाहर थे। शाम को जब उनसे बात हुई भी तो मोदी ने उनसे चुप रहने के लिये कहा। मणिपुर में उन्हें जाने का कभी भी समय नहीं मिला जो हिंदू मैतेई एवं ईसाई कुकी सम्प्रदायों के परस्पर टकराव से जल रहा है। लगभग आठ महीनों में वहां अनेक हत्याएं हुई हैं। अब भी जारी हैं। हजारों मकान जल गये हैं, बड़ी तादाद में लोग शरणार्थी शिविरों में बसर कर रहे हैं। तो भी वहां जाना तो दूर की बात है, मोदी ने इस बाबत मुंह से तब तक एक शब्द भी नहीं निकाला जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह चेतावनी नहीं दे दी कि अगर वह कुछ नहीं करती तो शीर्ष न्यायालय ही कोई कदम उठायेगा।

जिन पांच राज्यों में चुनाव हैं, उनमें प्रचार के दौरान मोदी ने मुद्दों पर कम बात की और विरोधी दलों के नेताओं पर व्यक्तिगत हमले और उनकी छवि को धूमिल करने के ही अधिक प्रयास किये। मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं- सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी तथा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर मोदी अपने खास सिपहसालार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं स्टार प्रचारकों के साथ विशेष आक्रामक रहे हैं। उनकी छवि पर बड़े हमलों का कारण यह भी है कि मोदी की अपनी छवि लगातार दरक रही है। सिलसिलेवार प्रशासनिक असफलताओं के कारण अब उनकी योग्यता पर सवाल उठने लगे हैं। इनके चलते, प्रमुख प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, जहां मतदान हो चुका है, उन सभी में भाजपा की पराजयों के अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं। तीनों राज्यों में स्थानीय नेतृत्व को दरकिनार कर दिया गया है और चुनाव मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया है। ऐसे में आने वाले समय में मोदी की छवि के पूर्णतः ध्वस्त होने की भी पूरी सम्भावना बताई जा रही है। बहरहाल, तेलंगाना चुनाव के लिए भी मंगलवार को चुनाव प्रचार थम गया। इसके मद्देनजर कालांतर तक यही कहा जाएगा कि मोदी के पास एक और डबल इंजिन वाले राज्य उत्तराखंड की सुरंग में 17 दिन तक फंसी रही 41 जिंदगियों के लिये चिंता करने का समय ही नहीं था।

# भारतीय संविधान की रचना

भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर, 1949 को पास किया था।



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, भारत के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)



26 नवंबर को पूरे देश ने 'संविधान दिवस' मनाया। इस समय संवैधानिक इतिहास की याद आना स्वाभाविक है। गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद भारत 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र देश बना और 26 जनवरी, 1950 को सप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र का संविधान लागू होने के साथ वह एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र बना। लेकिन संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान को पास किया था। लोकतंत्र का अर्थ 'कानून का शासन' है और संविधान देश का सर्वोच्च कानून तथा सभी कानूनों का मूल है। राज्य के अंगों- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का जन्म संविधान से होता है, वे अपना अधिकार संविधान से प्राप्त करती हैं तथा संविधान के ढांचे के अंतर्गत अपने दायित्वों का निर्वाह करती हैं। इसलिए यह आवश्यक एवं इच्छित था कि स्वतंत्र भारत का अपना संविधान हो।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्र भारत के लिए संविधान की आवश्यकता पर जोर दिया था। महात्मा गांधी ने 1922 में ही जोर दिया था कि 'स्वराज ब्रिटिश संसद का मुफ्त उपहार नहीं होगा। यह भारत की पूर्ण आत्माभिव्यक्ति की घोषणा होगा जो संसद के कानून से अभिव्यक्त होगी।' जब यह स्पष्ट हो गया कि अंग्रेज अब ज्यादा समय तक हमें गुलाम बनाए रखने तथा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को दबाने की स्थिति में नहीं हैं, तब 1946 में कैबिनेट मिशन ने एक संविधान सभा बनाने का निर्णय किया था जिसमें प्रांतीय लेजिस्लेटिव असेम्बलीज़ के माध्यम से 389 सदस्यों का चयन होना था। लेकिन देश के विभाजन के पश्चात संविधान सभा-सीए की संख्या घट कर 299 रह गई। सीए की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई जिसमें सच्चिदानंद सिन्हा को सीए का अंतरिम अध्यक्ष चुनाव गया। वरिष्ठतम सदस्य श्री सिन्हा 1910 से सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य थे।

11 दिसंबर, 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सीए का पहला अध्यक्ष चुना गया। पं. जवाहरलाल नेहरू ने असेम्बली का उद्देशिका प्रस्ताव पेश करते हुए सीए की दृढ़ व पवित्र प्रतिज्ञा प्रकट की थी कि वह भारत को एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य घोषित कर उसके भावी प्रशासन के लिए एक संविधान बनाएगी। इस प्रस्ताव में घोषणा की गई थी कि 'संप्रभु स्वतंत्र भारत, उसके संघटक अंगों तथा सरकार के अंगों की सारी शक्तियां और अधिकार जनता द्वारा संचालित होंगे।' इसने 'भारत के सभी लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय, स्थिति व अवसर की समानता तथा विचारों, अभिव्यक्ति, धार्मिक विश्वास एवं पूजा की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने' की गारंटी दी थी। 14 अगस्त, 1947 को भारत विभाजन के साथ ही सीए एक संप्रभु संस्था बन गई। सीए की बैठकें सत्रों में हुईं। 9 दिसंबर, 1946 से 24 जनवरी, 1949 तक इसके कुल 12 सत्र हुए।

संविधान सभा-सीए के पांचवें सत्र की बैठक 14 अगस्त, 1947 को 11 बजे रात में हुई। वंदे मातरम गायन के बाद पंडित नेहरू ने अर्धरात्रि को अपना ऐतिहासिक 'ट्रिस्ट विध डिस्टिनी' भाषण देते हुए घोषणा की कि भारत जीवन और स्वतंत्रता में जाग गया है। उन्होंने संविधान सभा को याद दिलाया कि हमारी पीढ़ी के महानतम मनुष्य की इच्छा 'हर आंख से हर आंसू पोंछना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि 'यह हमसे बहुत दूर हो सकता है, पर जब तक आंसू और पीड़ा रहेगी तब तक हमारा काम समाप्त नहीं होगा।' उन्होंने अपना भाषण इन पवित्र व गरिमामयी शब्दों से समाप्त किया, 'हमें स्वतंत्र भारत का वह आदर्श महल बनाना है जहां उसके सभी बच्चे पले-बढ़ेंगे।' आधी रात के बाद हर सदस्य ने शपथ ली वह स्वयं को भारत तथा उसकी जनता की सेवा के लिए समर्पित करेगा ताकि 'भारत की प्राचीन भूमि दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सके और भारत विश्व शांति तथा मानवता के कल्याण को आगे बढ़ाने में अपना स्वैच्छिक योगदान दे सके।'

संविधान सभा की बैठक पुनः 15 अगस्त, 1947 को दस बजे हुई। असेम्बली के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन तथा लेडी माउंटबेटन के साथ एक प्रदर्शन में संविधान सभा में आए। अध्यक्ष ने विदेशी सरकारों से प्राप्त मुबारकवाद के पत्र पढ़े। इसके बाद लार्ड माउंटबेटन ने असेम्बली को संबोधित किया। उनके भाषण की समाप्ति पर तोपों की सलामी दी गई तथा संसद भवन पर यूनियन जैक के स्थान पर हमारा तिरंगा फहराया गया। सीए में 17 प्रतिष्ठित महिला सदस्यों के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनयिक, प्रख्यात वकील, सामाजिक कार्यकर्ता तथा संवैधानिक विधि के विद्वान शामिल थे जो अपने समक्ष उपस्थित लक्ष्य की जटिलता और व्यापकता को समझते थे। प्रस्तावित संविधान के विभिन्न क्षेत्रों के लिए असेम्बली ने प्रमुख लोगों की अध्यक्षता में 22 समितियों का गठन किया। असेम्बली के संवैधानिक सलाहकार सर बी.एन. राव ने समितियों की विभिन्न रिपोर्टों तथा सीए की बहसों से संविधान का प्रारूप तैयार किया। इसमें 213 अनुच्छेद तथा 13 अनुसूचियां थीं। यह प्रारूप 29 अगस्त, 1947 को प्रारूप समिति को पेश किया गया। उसी दिन डा. अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। समिति ने अगले दिन 30 अगस्त को अपना काम शुरू किया और उसकी 141 बैठकें की गईं। संविधान का प्रारूप अध्यक्ष को 21 फरवरी, 1948 को पेश किया गया और इसके बाद प्रांतीय सरकारों समेत अन्य से सुझाव प्राप्त करने के लिए वितरित किया गया।

इन सुझावों और टिप्पणियों पर प्रारूप समिति ने 23, 24 व 27 मार्च तथा 18 अक्टूबर, 1948 को विचार किया। प्रारूप समिति को स्वीकार्य सुझावों को संशोधित संविधान प्रारूप में शामिल कर अध्यक्ष को 26 अक्टूबर, 1948 को पेश किया गया। संविधान प्रारूप को सीए में 4 नवंबर, 1948 को डॉ. आंबेडकर ने एक ऐतिहासिक भाषण के साथ रखा। इसमें 316 अनुच्छेद व 8 अनसूचियां थीं। संविधान प्रारूप पर असेम्बली में बहस हुई तथा इसका 4 नवंबर, 1948 से 26 नवंबर, 1949 के बीच 114 बैठकों में अनिवार्य पाठ किया गया। कुल 7,365 संशोधन पेश किए गए, पर केवल 2,473 पर विचार कर उनको स्वीकार किया गया।

संविधान को पास कर, स्वीकार कर और 'हम भारत के लोग' द्वारा 26 नवंबर, 1949 को लागू किया गया। पास किए संविधान में 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थीं। इसका अंतिम 12वां सत्र 24 जनवरी, 1949 को हुआ। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने एक बयान में कहा कि जन गण मन भारत का राष्ट्रगान होगा और भारत सरकार द्वारा अधिकृत परिवर्तनों के साथ वंदे मातरम राष्ट्रगीत होगा जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसे राष्ट्रगान की तरह समान सम्मान दिया जाएगा। 24 जनवरी, 1950 को सीए ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को निर्विरोध भारतीय गणतंत्र का राष्ट्रपति चुना जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभाव में आया। उनके नाम का प्रस्ताव नेहरू ने किया तथा पटेल ने उसका समर्थन किया।

इसके बाद संविधान की तीन प्रतियां असेम्बली हाल में सभी सदस्यों के हस्ताक्षर के लिए रखी गईं जिनमें एक अंग्रेजी में हाथ से लिखी व चित्रकारों द्वारा सजाई गई, दूसरी प्रति अंग्रेजी में मुद्रित और तीसरी प्रति हिंदी में हाथ से लिखी थी। इस पर सबसे पहले राष्ट्रपति की इच्छानुसार प्रधानमंत्री नेहरू ने हस्ताक्षर किए और इसके बाद सभी 284 सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद राष्ट्रपति ने इन प्रतियों पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया तथा इसके बाद वंदे मातरम गाया गया। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने असेम्बली को 26 नवंबर, 1949 को सूचना दी कि विजिटर्स गैलरी में उस समय 53,000 लोगों को आने की अनुमति दी गई जब सीए संविधान पर विचार कर रही थी। सीए पर 22 नवंबर, 1949 तक 63,96,729 रुपये खर्च हुए।

भारत 26 जनवरी, 1950 को गणतंत्र बन गया और सीए ने स्वयं को 1952 में पहली संसद के गठन तक स्वयं को तदर्थ संसद में बदल दिया। खुशी की बात है कि सरकार 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मना रही है। इस निर्णय का जन्म संसद के दोनों सदनों की 26 नवंबर, 2015 की बैठकों में हुआ जो डा. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती मनाने के लिए आहूत की गई थीं।

# चीन के मकड़जाल में फंसता मालदीव

"राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया था"

**के एस तोमर**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के द्वीपसमूह से सुरक्षा कर्मियों को वापस बुलाने के औपचारिक अनुरोध का उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से चीन के लिए एक रणनीतिक स्थान बनाना हो सकता है, लेकिन विभिन्न मुद्दों के सहमत समाधानों पर चर्चा करने की उनकी तत्परता पड़ोसी (भारत) के साथ पुराने रिश्ते संरक्षण की आशा की किरण का संकेतक हो सकती है।

मुइज्जू द्वारा शुरू किए गए एक खुले चीन समर्थक चुनाव अभियान और बाद में विजेता के रूप में उभरने के बावजूद, एक नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने भारत से द्वीप से सुरक्षा कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा, भारत ने सकारात्मक राजनयिक पहल के साथ जवाब दिया और केंद्रीय मंत्री किरेन रिज्जू को भाग लेने के लिए भेजा। नये राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में. भारत ने एक मैत्रीपूर्ण कदम उठाया क्योंकि यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी पहले नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप था।

जनवरी 2022 में चीनी विदेश मंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिन्हें बढ़ावा मिलेगा क्योंकि मुइजी उन्हें लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। चीन इन समझौतों को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी ला सकता है जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी वीजा में छूट और मालदीव के लोगों को 30 दिन की वीजा मुक्त यात्रा की अनुमति देना, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और सामाजिक, आजीविका और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास शामिल है। परियोजनाएं माले पर चीन से पिछले ऋणों का 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया है, जिसे देश की नाजुक अर्थव्यवस्था पर दबाव कम करने के लिए पुनर्गठित किया जा सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया था, इसलिए भारत वर्तमान मधुर संबंधों के जारी रहने की उम्मीद नहीं कर सकता है। दो देशों के बीच भारत ने मालदीव के साथ व्यापार का विस्तार किया है और 2108 के बाद से कई परियोजनाएं शुरू की हैं जब सोलिह ने राष्ट्र के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था, जिसने अब्दुल्ला अमीन के बीजिंग समर्थक टेम्पलेट के अंत को चिह्नित किया था। मुइज्जू की पार्टी, पीपुल्स नेशन कांग्रेस को भारी चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, जिसने देश की धरती से सैन्य टुकड़ियों की वापसी सुनिश्चित करने और भारत के पक्ष में झुके व्यापार को संतुलित करने का वादा किया है।

मालदीव हिंद महासागर में 1200 द्वीपों का एक समूह है जो पूर्व और पश्चिम के बीच मुख्य शिपिंग मार्ग है। मुइजू ने इंडिया आउट अभियान पर ध्यान केंद्रित किया था और छोटे भारतीय सैन्य कर्मियों और निगरानी सैन्य विमानों को वापस भेजने का वादा किया था जो चीनी उपस्थिति के लिए जगह खोलेगा। दूसरा, मालदीव के किनारे महत्वपूर्ण समुद्री लेन संचार के साथ चीनी समुद्री और नौसैनिक गतिविधियों की निगरानी के लिए मालदीव-भारत रक्षा सहयोग से संबंधित एक समझौता खतरे में पड़ सकता है क्योंकि ड्रैगन मुइजी के तहत इसमें तोड़फोड़ करना चाहेगा।

तीसरा, चीन के स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स में नाशपाती (मालदीव) के शामिल होने के बाद चीन की बढ़ी हुई उपस्थिति मजबूत होगी। (मोतियों की माला शब्द उन क्षेत्रों को दर्शाता है जहां चीन अपने अड्डे विकसित कर रहा है, जिसे मोती कहा जाता है। जो चीनी प्रांत हैनान द्वीप से ग्वादर तक फैला हुआ है।) मालदीव भारत के साथ सौदेबाजी के लिए चीन कार्ड का उपयोग कर रहा है लेकिन नए राष्ट्रपति ड्रैगन की प्रत्यक्ष भागीदारी की अनुमति दे सकता है।

चौथा, सी लेन ऑफ कम्युनिकेशन (एसएलओसी) को अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ेगा, लेकिन वे पश्चिम एशिया में अदन की खाड़ी और होर्मुज की खाड़ी और दक्षिण पूर्व एशिया में मलक्का जलडमरूमध्य के बीच समुद्री व्यापार प्रवाह के लिए भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का 50 प्रतिशत व्यापार और 80 प्रतिशत ऊर्जा आयात इन एसएलओसी को अरब सागर में पारगमन करता है।

5वां, 2022-23 के दौरान मालदीव को भारत का कुल निर्यात 476.75 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया, जो नई व्यवस्था के तहत भविष्य में प्रभावित होना तय है। 2018 में जब सोलिह ने सत्ता संभाली तो भारत ने 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, लेकिन मुइज्जू चीनी ऋण नीति को प्राथमिकता दे सकते हैं।

अंत में, मालदीव के पर्यटक स्रोत बाजार में भारत की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत है, जो प्रभावित हो सकता है यदि मुइजी तनावपूर्ण संबंधों का विकल्प चुनता है और चीन की ओर भारी झुकाव रखता है। मालदीव की 74 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद पर्यटन उद्योग से उत्पन्न संसाधनों पर निर्भर करती है।

अधिकतर विश्लेषकों का यहां पर यही मानना है कि मालदीव ने वर्ष 2011 में ही अल्प विकसित राष्ट्र (एलडीसी) होने का पूर्व से चला आ रहा का दर्जा खो दिया था, इसलिए उस परिस्थिति को ध्यान में रखकर देश के नए राष्ट्रपति को भारत और चीन से वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पूर्ववर्ती के विपरीत समान दूरी कूटनीति के सिद्धांत का पालन करने का प्रयास करना चाहिए जो कि हित में होगा। अपने देश के लोगों का. साथ ही, भारत को मुइज के शासन के साथ बेहतर राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए सावधानी से चलना होगा, हालांकि यह चीन के पक्ष में भारी रूप से झुका हुआ होगा, जिसे क्षेत्र में असंतुलन पैदा करने की खुली छूट नहीं दी जा सकती।

## आप की बात

### पेंसिल से प्रारंभ

**स्कूल** में पहली बार एडमिशन दिलवाऐ जाने के बाद बच्चों के बैग में कापी और पेंसिल सबसे पहले अपना स्थान बनती है और फिर शुरू होता है जीवन के लिए संघर्ष। अनार का अ लिखने के लिए पेंसिल सहित हाथ पकड़ कर पहले बच्चे को पेंसिल चलाना सिखाया जाता है। धीरे-धीरे वह इसका अभ्यस्त हो जाता है। अब तो कई तरह की रंग बिरंगी पेंसिले बाजार में उपलब्ध है। प्राइमरी तक के बच्चों के लिए नई-नई तरह की रंगीन पेंसिले इकट्ठी करना उन्हें दोस्तों को बताना किसी खजाने से काम नहीं है। पेंसिल के लिखे को रबड़ से आसानी से मिटाया जा सकता है। यह उसकी सबसे बड़ी खासियत है और यही उसकी सबसे बड़ी खामी भी है। इसीलिए इसे किसी भी प्रकार के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर में उपयोग में नहीं लिया जा सकता। अब तो इलेक्ट्रॉनिक स्लेट पेंसिल आ गई है। हैरानी होती है कि एप्पल के आईपैड के साथ आने वाली पेंसिल की कीमत बहुत अधिक होती है। अब लैपटॉप के युग में प्राइमरी के बाद पेंसिल की उपयोगिता लगभग खत्म हो गई है। बिना स्याही के ही लैपटॉप पर सब कुछ टाइप किया जा सकता है। लेकिन पेंसिल और हाथ से लिखने का महत्व हमारे विकास के लिए हमेशा बना रहेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### रहस्यमयी बीमारी

**चीन** में रहस्यमयी बीमारी बच्चों पर कहर ढा रही है। विगत वर्षों में हम चीन से ही पैदा हुई कोरोना जैसी महामारी से गुजर चुके है और उस दौर के जख्म कहीं न कहीं आज भी हरे हैं। भारत मै भी इस रहस्यमयी बीमारी से बचाव के लिए एडवांईजारी कर दी। जिस तरह कोरोना काल में सावधानी बरती गई, उसी प्रकार बच्चों को भी मास्क व अन्य बचाव करने होंगे। बच्चों के भीड़ व समूह में जाने पर खास सतर्कता बरतनी होंगी। बच्चों की तबियत खराब होने या उसे बुखार होने पर डाक्टर से संपर्क करना व जरूरी जांच कराना आवश्यक है। हालांकि, चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ को सूचित किया है कि उसे किसी नये प्रकार के वायरस के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन चीन के अतीत के व्यवहार तथा उसकी अपारदर्शी व्यवस्था को देखते हुए उस पर जल्दी से विश्वास नहीं किया जा सकता है। कोरोना के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा खासकर उसके अध्यक्ष की चीन के साथ मिलीभगत से उसकी साख दुनिया भर में तेजी से गिरी थी। अब उसे अपनी साख बहाल करने का अवसर मिला है। वैसे भारत समेत सारी दुनिया को इस बीमारी से सतर्क रहना होगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**राजनीति** एवं वैश्विक घटनाक्रम पर स्पष्ट बात करने का मतलब आजकल कुछ लोगों की नजर में गुनाह हो गया है। राजनीतिक विचारधारा कोई भी हो दुनिया में कहीं भी हो रही घटना पर आम आदमी, पेशेवर, अदाकार, नौकरीपेशा या खेती करने वाले अपना विचार रख सकते हैं और इसे ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहा जाता है। क्या विचार रखने या पक्ष-विपक्ष में बातें करने का अधिकार केवल राजनेताओं व पत्रकारों के पास ही है? अगर ऐसा नहीं तो फिर किस आधार पर फ़िलिस्तीन के लिए समर्थन व्यक्त करने वाली इंस्टाग्राम स्टोरीज़ की एक श्रृंखला साझा करने के बाद अमेरिकी अभिनेत्री मेलिसा बैरेरा को स्क्रीम सीरीज की अगली कड़ियों से बतौर अभिनेत्री हटा दिया गया है? क्या जागरूक इंसान होने के नाते उन्हें फिलिस्तीन पर बोलने और लिखने का कोई अधिकार नहीं है? लगता है कि खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर मानने वाले व्हाइट हाउस को इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। वैसे इसके कारण कुछ और हो सकते हैं, पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षा मिलनी चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कोच्चि हादसा

**केरल** में कोच्चि की सीयूएसएटी-कोच्चि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी में संगीत कार्यक्रम में भगदड़ मचने से चार छात्रों की दुखद मृत्यु हो गई व 60 से अधिक छात्र घायल हो गए। करीब 2000 छात्र इस आयोजन में एकत्र हुए और केवल एक गेट होने से हादसा हो गया। कुलपति का कहना है कि बारिश, भीड़ अधिक होने तथा संगीत में उछलने-कूदने से घटना घट गई। हादसे का कोई भी कारण हो किन्तु 4 छात्रों की मौत व 60 से अधिक का घायल होना कहीं न कहीं व्यवस्था में लापरवाही का संकेत है। यूनिवर्सिटी को इतना बड़ा समारोह रखने के बाद उसकी व्यवस्था भी ठीक रखनी चाहिए थी। आखिर चार छात्रों का जीवन असमय समाप्त होने से उनके परिजनों का भी भविष्य अंधकारमय हो गया। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार तथा विश्वविद्यालय को पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा देने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में आयोजनों में संभावित लोगों की संख्या को देखते हुए उपयुक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 29 नवंबर, 2023



# हरियाणा में दोहलीदारों को 1700 एकड़ जमीन का मालिकाना हक मिला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।



**हरियाणा** में दोहलीदार (गरीब ब्राह्मणों पुजारियों और पुरोहितों) को वर्षों पहले दान में मिली जमीन का मालिकाना हक दे दिया गया है। अब वे इस जमीन को किसी को भी बेच सकेंगे। हरियाणा सरकार ने भूमि पर उनका मालिकाना हक दे दिया है। सीएम ने पिछले साल भगवान परशुराम महाकुंभ में दोहलीदारों को लगभग 1700 एकड़ जमीन का मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी।

वित्त आयुक्त और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी जिला उपायुक्तों को इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। इसके लिए हरियाणा दोहलीदार, बूटीमार, भोंडेदार और मुकरारीदार (मालिकाना अधिकार निहित) अधिनियम में संशोधन किया गया है। इसके तहत निजी व्यक्ति और संस्थाओं को दान में मिली जमीन बेचने पर कोई रोक नहीं रहेगी। उपायुक्तों को कहा गया है कि वे जिले के सभी पंजीकरण अधिकारियों को संबंधित दोहलीदारों द्वारा उनके पक्ष में जमीन के उत्परिवर्तन की मंजूरी के बाद बिक्री कार्यों को आगे पंजीकृत करने के लिए अच्छी तरह से जागरूक करें।मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले साल 11 दिसंबर को करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में दोहलीदारों को लगभग 1700 एकड़ जमीन का मालिकाना हक दिलाने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने करीब चार साल पहले 2018 में मंत्रिमंडल की बैठक में दोहलीदारों, बूटीमारों, भोंडेदार व मुकरारीदार को दान में मिली जमीन पर मालिकाना हक को अनुचित ठहराते हुए नियम बनाया था कि इस जमीन की खरीद-फरोख्त दोहलीदार नहीं कर सकते। ऐसी जमीन पर सिर्फ काश्तकारी हो सकती है। हालांकि विधानसभा में जब संशोधन विधेयक लाया गया तो कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले का जमकर विरोध किया था।

ब्राह्मण समाज के लोग पिछले काफी समय से सरकार पर दबाव बना रहे थे कि दोहलीदारों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया जाए। इसके लिए राज्य स्तरीय संघर्ष समिति का गठन भी किया जा चुका है। बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने दोहलीदारों को जमीन का मालिकाना हक देने का निर्णय ले लिया।

भगवान परशुराम महाकुंभ आयोजन समिति के संरक्षक सुनील शर्मा डूडीवाला, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ उप महाधिवक्ता राहुल मोहन व आयोजन समिति के सदस्य शीशपाल राणा ने घोषणा पूरी करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर राजपत्रित अवकाश, कैथल में मेडिकल कालेज का नाम भगवान श्री परशुराम के नाम पर रखने, पहरावर की जमीन गौड़ ब्राह्मण कालेज को देने और भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करने, 1700 एकड़ जमीन दोहलीदारों को देने की मुख्यमंत्री घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं।

पुराने समय गरीब ब्राह्मणों, पुजारियों और पुरोहितों को फसल बोने के लिए जमीन दान में दे दी जाती थी। यह जमीन पंचायती होती थी, जिस पर उनका मालिकाना हक तो नहीं होता था, लेकिन वह फसल बोकर प्राप्त होने वाली आमदनी को अपने ऊपर खर्च करने का अधिकार रखते थे। इसी श्रेणी के लोगों को दोहलीदार कहा जाता है।

## चोरी की दो घटनाओं में शामिल एक महिला सहित चार गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल व थाना शहर सोनीपत पुलिस ने चोरी करने की घटना में शामिल एक महिला सहित चार को गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में बलिन्द्र व अमनदीप निवासी सुन्दर नगर पंजाब, सचिन उर्फ चिन्नु निवासी लोहारी राघों हिसार व शीला निवासी जगदीश कालोनी हांसी के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 29 मार्च को निमेश गुप्ता निवासी शालीमार बाग दिल्ली ने थाना मुरथल में शिकायत दी थी कि 20 मार्च 2023 की रात को सोनू व बलजेन्द्र गाड़ी में चावल लेकर गाडी खाली करने के लिए आये थे, जो 21/22 मार्च की रात को सोनू गोदाम से पैकिंग मशीन का हिटर और सिलर चोरी करके ले गया है।

इस घटना का भादसं की धाराओं के अन्तर्गत थाना मुरथल में मामला दर्ज किया गया था। थाना कुण्डली की अनुसंधान टीम ने घटना में शामिल बलजिन्द्र व अमनदीप निवासी सुन्दर नगर पंजाब को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिये गये है। वहीं दूसरी घटना में थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने चोरी करने की घटना में शामिल एक महिला सहित कुल दो गिरफ्तार किया है।

# चंडीगढ़ में मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल दो और तीन दिसंबर को

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान करेंगे उदघाटन



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**चंडीगढ़** में मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल दो और तीन दिसंबर को सुखना लेक पर आयोजित किया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस फेस्टिवल का उदघाटन करेंगे।


लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड टीएस शेरगिल ने मंगलवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी।जम्मू और कश्मीर में सन 1947 48 में सेना के ऑपरेशन की वर्षगांठ पर आयोजित किया जा रहा यह फेस्टिवल इस 75वीं वर्षगांठ पर सातवा आयोजन है। शेरगिल ने बताया कि सुखना लेक के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ के बाद पंजाब के कुछ जिलों में भी फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। शेरगिल ने बताया कि दो दिसंबर को सुबह दस बजे से ग्यारह बजे के बीच उदघाटन समारोह होगा।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान फेस्टिवल का उदघाटन करेंगे।इसके बाद सवा ग्यारह से सवा बारह के बीच यूक्रेन के संकट से भारत द्वारा ली जाने वाली सैन्य,रणनीतिक और कूटनीतिक सीख विषय पर पेनल चर्चा की जाएगी।इसके बाद पाकिस्तान और तालिबान की बढ़त रोकने के लिए भारत के लिए जरूरी रणनीति पर चर्चा कराई जाएगी।

हथियार, तकनीकी और आत्म निर्भरता के मामले में भारत और चीन की स्पर्धा क्या प्रभाव डालेगी विषय पर भी चर्चा होगी।इसके बाद पंजाबी में सैन्य कविताएं होंगी। दूसरे दिन तीन दिसंबर को सुबह दस से ग्यारह बजे तक लाहौर दरबार और इसकी भारत के उत्तर पश्चिम सीमांत प्रदेश, कश्मीर, बाल्टिस्तान, लद्दाख को भेंट विषय पर पेनल चर्चा होगी।

इसके बाद ग्यारह बजे से दोपहर बारह बजे तक आधुनिक विद्रोह से निपटने में बड़े बल प्रभावी है या छोटे इस विषय पर पेनल चर्चा होगी। इसके बाद 12.20 से 1.20 बजे तक इजराइल और हमास युद्ध से भारत के लिए सैन्य और कूटनीतिक सबक विषय पर चर्चा होगी। फिर 1.30बजे से 2.30बजे तक चीनी सम्राट यिंग झेंग की विरासत और 2.40से 3.40 बजे तक जोजिला विजय पर चर्चा होगी। इसके बाद समापन समारोह होगा।

# गांव भादसों में दो दिवसीय कैम्प आज से : माल्लाह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



विमुक्त एवं घुमंतु जाति व समाज के सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं का मिलेगा लाभ

**हरियाणा** विमुक्त एवं घुमंतु जाति विकास बोर्ड के सलाहकार एवं लोकसभा सचिवालय के पूर्व संयुक्त सचिव दल सिंह माल्लाह ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्प है।

इसी कड़ी में विमुक्त एवं घुमंतु जाति व समाज के सभी वर्गो के लोगों को हरियाणा सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए 29 व 30 नवम्बर को प्रात: 10 बजे निकटवर्ती गांव भादसों के ग्राम सचिवालय में दो दिवसीय कैम्प लगाया जाएगा। शिविर के माध्यम से घुमंतु जाति से संबंधित परिवारों के आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियों को ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान सरकार की योजनाओं के लिए पात्र परिवारों से आवेदन भी करवाए जाएंगे, ताकि पंक्ति में खड़े हर अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे शिविर में पहुंच कर सरकार की योजनाओं का लाभ लें।

## सांसद नायब सैनी का आज होगा नागरिक अभिनंदन: जैन

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी के 29 नवंबर को सोनीपत आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारियां की गई है।

दो दर्जन से ज्यादा तोरण द्वार बनाये गये है तथा एक दर्जन स्थानों पर नागरिक पुष्प वर्षा करके जोरदार ढंग से स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री खट्टर के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने रामलीला ग्राउंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी का जायजा लेने के बाद बताया कि गोहाना रोड बाईपास पर स्वागत के बाद खुले वाहनों में नायब सैनी गोहाना रोड, तिरंगा चौक, हिंदू कॉलेज के फ्लाईओवर, गीता भवन, कपड़ा मार्केट, बीज मार्केट, मुरथल अड्डा, ज्योतिबा फुले चौक होते हुए पार्टी नेताओं के साथ रामलीला मैदान पहुंचेंगे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों के साथ काफिले की अगवाही करेंगे।

# जालंधर से 200 श्रद्धालुओं का जत्था सचखंड श्रीहजूर साहिब के लिए रवाना

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



**पंजाब** सरकार द्वारा धार्मिक स्थानों के लिए मुफ्त यात्रा प्रदान करने के लिए की गई विशेष पहल के कारण 200 तीर्थयात्रियों का एक जुलूस तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत भोजन, आवास एवं एसी इसमें ट्रेन भी शामिल है लेकिन इसका सारा खर्च पंजाब सरकार उठाएगी। कई ट्रेनों और बसों के माध्यम से तीर्थयात्रियों को श्री अमृतसर साहिब, श्री हजूर साहिब, श्री पटना साहिब, श्री आनंदपुर साहिब, माता नैना देवी जी, श्री वृन्दावन धाम, माता वैष्णु देवी जी, माता चिंतपूर्णी जी, माता ज्वाला जी, वाराणसी, श्रीखाटू श्याम जी, श्री सालासर धाम और ख्वाजा अजमेर शरीफ दरगाह की नि:शुल्क यात्रा करवायी जाएगी। इस अवसर पर प्रशासकीय अधिकारियों के साथ जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रियों का स्वागत किया गया और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए मैडिकल कैंप में स्वास्थ्य जांच की गई।

यात्रियों को मार्कफेड द्वारा तैयार विशेष सामान किट भी दी गई। अर्जन नगर, मिट्ठू बस्ती के श्रद्धालु गुरविंदर सिंह ने पंजाब सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे वह पहली बार श्री हजूर साहिब के दर्शन कर सकेंगे। नकोदर के कांगना गांव की एक अन्य श्रद्धालु तलविंदर कौर ने पंजाब सरकार की इस अनूठी पहल की सराहना की और कहा कि उनका परिवार बिना किसी खर्च के धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कैमिकल से भरे ट्रक पर गिरी हाई वोल्टेज लाइन



**जालंधर।** थाना मकसूदां के अधीन आते गांव नूरपुर में कैमिकल से भरे हुए ट्रक के चालक ने बिजली की तारों वाले खंभे से टक्कर मार दी जिस कारण खंभा टूटकर ट्रक के ऊपर 11 हजार केवी की तारें गिर गईं। टक्कर की सूचना मिलने के बाद पावरकॉम के कर्मी मौके पर आए और उन्होंने बिजली की सप्लाई बंद की। गनीमत यह है कि इस हादसे में किसी जानी-माली का नुकसान नहीं हुआ। इलाका निवासियों ने कहा कि खंभे से जब ट्रक टकराया तो बिजली की तारों से चिंगारियां निकलीं थी। उन्होंने कहा कि अगर एक चिंगारी भी कैमिकल के ऊपर गिर जाती तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। इलाका निवासियों ने पंचायत से मांग की है कि यहां से हैवी व्हीकल निकलने पर रोक लगाई जाए। ट्रक ड्राइवर सहदेव पुत्र बिंजा राम निवासी जोधपुर (राजस्थान) ने बताया कि वह ट्रक में कैमिकल लेकर गांव नंगल सलेमपुर की एक फैक्टरी में जा रहा था। गली तंग होने के कारण वह किसी वाहन को साइड देने लगा तो ट्रक खंभे से टकरा गया।

### पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ : संजय महाजन



गांव तिगरी में कांग्रेस बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती गांव तिगरी में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में संगठन मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी संजय महाजन ने की। बैठक में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, सैल एवं विभागों के साथ जुड़े सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संजय महाजन ने कहा कि संगठन मजबूत बनाने के लिए हर गांव में कार्यकर्ता वरियता से काम करें। उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा और विधान सभा चुनावों में अब ज्यादा समय नहीं है, इसलिए हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को घर से बाहर निकल कर पार्टी मजबूत करने के लिए नीतियों का प्रचार करना होगा। कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने अपने सम्बोधन में कार्यकर्ताओं को समझाया कि कांग्रेस पार्टी के हरियाणा में शासन के दौरान सरकार ने गरीब और वंचित लोगों के लिए जो कल्याणकारी कार्य किए थे, उनसे लोगों को अवगत कराएं। बैठक खत्म होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय महाजन ने कहा कि कांग्रेस के साथ जुड़ा हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ है, जो कांग्रेस को हमेशा से मजबूती प्रदान करती आई है। उन्होंने कहा कि इस वक्त जब तक की बैठकें अब जारी रहेंगी। जिस प्रकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, देश को एकजुट करने और साथ मिल कर देश को मज़बूत करना सिखा कर गई है, ठीक उसी तरह शाहाबाद विधानसभा के सभी गांवो में संगठन मजबूत करने के उद्देश्य से बैठकें की जाएंगी। इस मौके रणधीर चढ़ूनी, अशोक कुमार, जसविंदर विर्क, पवन कुमार, विजेंदर नरवाल, रवि शर्मा, सुखबीर सिंह, मंजीत सिंह, सरजेंट सिंह, सुखदेव बीबीपुर, रोहित तिगरी, अजैब सिंह, इकबाल सिंह, शीशपाल और जगराम सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 केंद्रों पर 12465 विद्यार्थी देंगे एचटेट की परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। जींद




**उपायुक्त** मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा शनिवार, 2 दिसंबर व रविवार 3 दिसंबर को जिला में बनाए गए 20 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारी पूरी तरह सजग एवं सतर्क रूप से कार्य करें।

उपायुक्त ने यह निर्देश जिले के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित एक बैठक के दौरान दिये। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधीक्षक रविन्द्र नागिया, नगराधीश नमिता कुमारी, डीआरओ राजेश ख्यालिया,जिला शिक्षा अधिकारी ज्योति श्योकंद, के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शिक्षण संस्थाओं के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

उपायुक्त ने जिला में आयोजित होने वाली एचटेट परीक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्बंधित परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता व नकल रहित सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जो भी दिशा निर्देश जारी किये गए है, उनकी पालना करें।

उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक,सीसीटीवी कैमरों, बिजली, पानी आदि की समुचित तैयारियां समय रहते अधिकारी पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान परीक्षा केन्द्रों की निर्धारित परिधि में धारा 144 लगाई जाएगी। सम्बंधित अधिकारी इसकी पालना करवाना सुनिश्चित करें।

### इस प्रकार होंगी एचटेट लेवल 1, 2, 3 की परीक्षा

**डीसी** मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023 के तहत जिला में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा के लिए बोर्ड द्वारा शनिवार दो दिसंबर को लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा का संचालन किया जाएगा, जिसका समय सायं कालीन सत्र में 3 से 5:30 बजे तक तथा रविवार 3 दिसंबर को लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा प्रात: कालीन सत्र में 10 से 12:30 बजे तक एवं लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा सायं कालीन सत्र में 3 से 5:30 बजे तक संचालित करवाई जाएगी। अभ्यर्थी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लेवल एक की परीक्षा के लिए जिला में 2220 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार लेवल दो के लिए 6083 तथा लेवल तीन के लिए 4162 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के भतीजे की शादी में पहुंचे दिग्गज नेता



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**हरियाणा** सरकार में कैबिनेट मंत्री कंवर पाल के भतीजे हरीश उर्फ अगम चौधरी की शादी में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत कई कैबिनेट व राज्य मंत्रियों ने यमुना नगर के अनाज मण्डी प्रताप नगर में हुए शादी समारोह में शिरकत की। इसके अलावा सरकार के आला अधिकारियों के साथ-साथ विधायकों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने शादी में पहुंचकर बधाई दी।

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के भतीजे हरीश उर्फ अगम चौधरी की शादी में राजनीतिक दिग्गजों ने बढ़ाई रौनक। यमुनानगर के प्रताप नगर में आयोजित विवाह समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा प्रभारी व त्रिपुरा के पूर्व सीएम विप्लव देव,भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी,विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, गृह मंत्री अनिल विज,बिजली मंत्री रणजीत चौटाला,कृषि मंत्री जेपी दलाल, पीडब्ल्यूडी मंत्री बनवारी लाल, खेल मंत्री संदीप सिंह,महिला बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा समेत प्रदेश के तमाम दिग्गज नेता थे।

# क्रॉम्पटन के नए डेको बैटन लाइटिंग सॉल्यूशन से बनाएं अपने घर को और भी सुंदर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के लेगेसी ब्राण्ड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रोडक्ट 'डेको बैटन' लाइट्स लॉन्च किया है। कंपनी गुणवत्ता एवं भरोसे को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर है और इसकी नई क्रॉम्पटन डेको बैटन लाइट्स अपनी स्टाइल, डिजाइन एवं शानदार फंक्शनैलिटी के दम पर आपके लिविंग स्पेस को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। डेको बैटन से 'फैन्सी लाइटिंग' मिलती है और घर की सजावट में चार-चांद लग जाते हैं। क्रॉम्पटन पिछले 80 वर्षों से लाइटिंग के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साबित कर रहा है।

इंटीरियर डेकोर के क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं और इससे उपभोक्ताओं की पसंद भी काफी बदल रही है। उन्हें केवल बेसिक रोशनी नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा चाहिए। लाइटिंग फिक्स्चर की बढ़ती मांग इसकी वजह हैं। इसके साथ ही, उपभोक्ता अपने रंग-रोगन के बजट का ज्यादातर हिस्सा लिविंग रूम पर खर्च करते हैं।

दरअसल, यही वह जगह है जहां पर उनका ज्यादातर वक्त बीतता है और मेहमानों का स्वागत भी इसी कमरे में किया जाता है। आज के दौर में उपभोक्ता इस तरह की लाइटिंग कराना चाहते हैं, जिससे उनके घर की कायापलट हो जाए और उन्हें आराम के साथ-साथ सुकून भी मिले। उनकी इन्हीं जरूरतों को समझते हुए- क्रॉम्पटन की नई डेको बैटन रेंज ना केवल लोगों के घरों को ज्यादा रोशन करने, बल्कि उनकी सजावट को और भी निखारने और होम लाइटिंग में बदलाव लाने के लिए तैयार है। लिविंग स्पेस के लिए नए लॉन्च किए गए लाइटिंग प्रोडक्ट के बारे में, शालीन नायक, वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, लाइटिंग, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का कहना है, आज के मॉडर्न घरों में लाइटिंग रेनोवेशन कराने का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

यह केवल उस जगह को रोशन करने तक ही सीमित नहीं है; इससे एक माहौल तैयार होता है जिसमें व्यक्तिगत पसंद झलकती है और घर का पूरा डेकॉर निखर जाता है। हम इस बात को समझते हैं कि उपभोक्ता केवल लाइट फिक्स्चर नहीं चाहते, बल्कि उन्हें एक ऐसा लाइटिंग अनुभव चाहिए होता है जो कि उनके लिविंग स्पेस को सुंदर बनाने के साथ ही उसे उपयोगी भी बनाए।

# नकोदर के सिविल अस्पताल में अगले महीने से शुरू होगा इंटीग्रेटिड सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**बढ़िया** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पारदर्शी और कुशल प्रणाली बनाने साथ मरीजों एंव डाक्टरों के कीमती समय को बचाने के लिए,अगले महीने सिविल अस्पताल, नकोदर में इंटीग्रेटिड हास्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जाएगा। इस सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी पूरी तरह से डिजिटल हो जाएगी और ओपीडी से आईपीडी, लैब रिपोर्ट, फार्मेसी आदि की आसान ढंग से होगी। वीडियो कान्फ्रेंस में हिस्सा लेते हुए डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने कहा कि ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर लैब/ डायग्नोस्टिक रिपोर्ट और फार्मेसी स्लिप आनलाइन होंगी और मरीज की पूरी जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिजिटल ढंग से दर्ज की जाएगी उन्होंने कहा कि इस सिस्टम से जहां मरीजों एवं डाक्टरों का कीमती समय बचेगा, वहीं दूसरी तरफ अधिक प्रभावी ढंग से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित होगी। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने सिविल अस्पताल के अधिकारियों को कैथ लैब के लिए उचित स्थान ढूंढने को भी कहा। लोक निर्माण विभाग को कैथ लैब के लिए जल्द से जल्द नया प्रस्ताव भेजने के भी आदेश दिए ताकि इसे सरकार को भेजा जा सके। सिविल सर्जन दफ्तर को मौजूदा स्थान से दूसरी जगह बदलने की स्थिति की भी समीक्षा की क्योंकि यहां 100 बैड वाला क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया जाना है। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर डॉ. अमित महाजन, डीएमसी ज्योति शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने शिक्षा, शोध में सहयोग को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के साथ समझौता ज्ञापन किया


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी लिबरल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने हाल ही में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस में डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर फॉर प्रोडक्ट डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। दोनों संस्थानों ने शिक्षण एवं शोध में एक फायदेमंद भागीदारी के लिये गठजोड़ किया है। इसके पीछे आइडिया यह है कि दोनों संस्थान एक-दूसरे के बीच शोध, शिक्षण एवं पढ़ाई के क्षेत्र में साझा रुचियों में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे। इससे दोनों के फायदे और तरक्की के लिये विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का आदान-प्रदान भी संभव होगा। इस एमओयू पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान विजयभूमि यूनिवर्सिटी के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. कृष्णकांत भोले और सीपीडीएम, आईआईएससी के प्रधान शोध वैज्ञानिक डॉ. एनडी शिवकुमार के बीच सीपीडीएम, आईआईएससी के प्रोफेसर विशाल सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, विजयभूमि यूनिवर्सिटी में असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. कृष्णकांत भोले ने कहा, मैं सीपीडीएम विभाग, आईआईएससी के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ, क्योंकि यह देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। मेरा मानना है कि यह भागीदारी दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिये बेहद फायदेमंद होगी। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिये शिक्षण में शोध की उत्कृष्टता अनिवार्य है और इस पहल के साथ विजयभूमि यूनिवर्सिटी ने उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के अपने लक्ष्य को और मजबूत किया है।

# महिला अधिकारी ने लगाये सीनियर पर शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप

## जांच के लिए पुलिस टीम कमेटी सदस्यों से मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**एमडीयू** रोहतक में एक जुनियर महिला अधिकारी के शारीरिक शोषण का मामला पूरे दिन विश्वविद्यालय में चर्चा का विषय रहा। प्रशासनिक भवन की एक ब्रांच के बड़े अधिकारी पर अपने से जूनियर महिला अधिकारी के शारीरिक शोषण के आरोप लगे हैं। महिला अधिकारी ने अपने सीनियर के खिलाफ पीजीआइएमएस थाना में शिकायत दी है। पीजीआइ थाना पुलिस ने महिला अधिकारी की शिकायत पर रपट दर्ज कर ली है। वहीं जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारी की नियुक्ति कर दी है, लेकिन अभी तक अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सोमवार को पुलिस ने महिला अधिकारी के बयान दर्ज किए हैं। अपनी शिकायत में महिला अधिकारी ने बताया कि उसके ब्रांच के उससे सीनियर अधिकारी उससे कई बार शारीरिक शोषण की कोशिश कर चुके हैं। उसे लंबे समय से आफिस वर्क के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला अधिकारी का आरोप है कि अक्सर ये सीनियर अधिकारी शाम को पांच बजे के बाद भी उसे आफिस के अपने कमरे में रुकने के लिए मजबूर कर चुका है। महिला अधिकारी ने अपनी शिकायत में कुछ विशेष तारीखों का जिक्र करते हुए सीनियर अधिकारी पर आरोप लगाए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि महिला कर्मचारी का आरोप है कि उसके सीनियर अधिकारी उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। विरोध के बावजूद उत्पीड़न नहीं रुक रहा है। परेशान महिला कर्मचारी ने लिखित में पीजीआईएमएस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन रविवार व सोमवार को अवकाश होने के कारण पुलिस विवि की यौन उत्पीड़न जांच कमेटी से नहीं मिल सकी। ऐसे में मंगलवार को पुलिस कमेटी की अध्यक्ष से मिलने के बाद मामले में केस दर्ज कर सकती है।

पीजीआई थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला अधिकारी की शिकायत पर पुलिस एक्शन ले रही है। मामला यूनिवर्सिटी की सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी के पास गया है। सरकारी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज करने से पहले विवि की यौन उत्पीड़न कमेटी की राय लेना अनिवार्य है। इसमें पुलिस की एक टीम कमेटी मेंबर से मिलेगी ताकि केस में आगे बढ़ा जा सके। सरकारी अवकाश के चलते पुलिस को सोमवार को कमेटी से बगैर मिले वापस आना पड़ा।मामले की प्रांरभिक जांच के बाद मंगलवार को सीनियर अधिकारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज हो सकती है। वहीं एमडीयू में महिला अधिकारी के साथ शारीरिक शोषण की घटना और पुलिस को शिकायत की दिनभर विभिन्न संकाय व विभागों में चर्चा होती रही।

# मुख्यमंत्री पेंशन लाभार्थियों से चार को डीसीआरयूएसटी में करेंगे सीधा संवाद

### सेवा सम्मान स्वाभिमान समारोह में बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे पेंशन लाभार्थी

**समारोह के आयोजन की तैयारियों के दृष्टिगत महानिदेशक ने विडियो कान्फ्रेंस में दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



वीडियो कांफ्रेंस के दौरान मौजूद अधिकारी।

**परिवार** पहचान पत्र के माध्यम से दी जा रही ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों को घर बैठे-बिठाये ही वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया गया है। साथ ही आवेदन करने वाले पात्र बुजुर्गों की भी तुरंत पेंशन बनाई गई है। ऐसे पेंशनधारकों से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर चार दिसंबर को डीसीआरयूएसटी में सीधा संवाद करेंगे।

पेंशन धारकों के सेवा सम्मान स्वाभिमान समारोह की तैयारियों के दृष्टिगत सूचना, जन संपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए समारोह की रूपरेखा निर्धारित की। उपायुक्त ने कहा कि समारोह में ऐसे लाभार्थी भी शामिल होंगे, जिनकी पैंशन उनके बैठे-बिठाये ही बनी है और सीधा उनके बैंक खातों में पैंशन प्राप्त होने की शुरुआत हुई है। ऐसे पेंशन धारकों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रमाण पत्र भी भेंट किये जायेंगे। साथ ही बिना किसी अड़चन व समस्या के पात्र व्यक्तियों की पैंशन तुरंत बनी है। ऐसे पात्र बुजुर्गगण भी समारोह में शामिल होंगे। पेंशन के पात्र व्यक्ति विशेष रूप से समारोह का हिस्सा बनेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सोनीपत में बड़ी संख्या में पात्र व्यक्तियों की पैंशन बनवाई गई है। पात्र व्यक्तियों को अच्छी सेवा प्रदान की गई है, जिससे उन्हें पेंशन बनवाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई। प्रशासन ने स्वयं आगे बढ़कर पेंशन बनाने का काम किया है।

### राजयोगी भ्राता अमीरचंद को स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि

# सर्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण वाले थे भ्राता अमीरचंद : नीति दीदी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



स्मृति दिवस पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करती नीति दीदी।

**प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाहाबाद के प्रभु अनुभूति भवन में राजयोगी भ्राता अमीर चंद की स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने भ्राता अमीर चंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया कि भाई अमीर चंद त्याग तपस्या के मूरत थे। उनके अंदर सेवा के प्रति बहुत ही उमंग उत्साह था। वह सदा यही चाहते थे कि जो भी दुखी और अशांत आत्माएं हैं, उन सभी की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उनका चेहरा सदा हर्षित था, वह बहुत निमित्त निर्माण और निर्मल वाणी वाले थे। दीदी ने बताया कि भाई अमीर चंद कभी किसी को जोर से नहीं बोलते थे। वह सदा उमंग उत्साह में रहते थे। वे ईश्वरीय नियम में बहुत पक्के थे। सदैव सबके साथ मिलनसार, सबको आगे बढ़ाने की उनमें कला थी।

हर एक की विशेषताओं को देखते थे और विशेषताओं का ही वर्णन करते थे। उनके जीवन में ज्ञान की गहराई इतनी थी कि उनके जीवन का प्रभाव अनेकात्माओं पर पड़ता था। उनका व्यक्तित्व कुशल नेतृत्व वाला था। उनका चेहरा रूहानी और हर्षित था। वे भगवान के निर्देश अनुसार चलने वाले श्रेष्ठ कर्मयोगी थे। सिद्धांतों के अति प्रिय, सर्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण वाले थे। राजयोगी भ्राता अमीरचंद को ब्रह्माकुमारी निजा बहन सहित सभी भाई-बहनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सभी भाई बहनों ने भ्राता अमीर चंद के जीवन से प्रेरणा लेने और उसके अनुसार जीवन यापन करने का हाथ उठा कर संकल्प लिया।

इस अवसर पर कपिल, पवन शर्मा, सुरेंद्र, अनिल, रिपुदमन, डिंपल, रामशरण, ज्ञान चंद, अजय, कर्मचंद, हंसराज, साहिल, कंवरपाल, रमन, सत्यम, रेखा, सुनीता, सुखविंदर, राधा, प्रेम, कौशल्या, शैलजा, सुषमा, माया, रानी, अमरो, गुरमीत, अनीता, आरती, रमा सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता पर आम जनता रखे बारिकी से नजर : कल्याण

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**घरौंडा** विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण के दौरान विधायक हरविन्द्र कल्याण ने 98 लाख रुपये की लागत से निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन गलियों तथा फूसगढ़ में 22 लाख की लागत से बनने वाली बाल्मीकि चौपाल का निरीक्षण किया तथा उपस्थित लोगों को कहा कि आपके आसपास कोई भी विकास कार्य शुरू होता गई तो आप उसपे बारिकी से नजर रखें ताकि किसी भी प्रकार की कमी मिले तो उन्हें सूचना दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाया जाए।



इस दौरान कॉलोनी निवासियों ने क्षेत्र के विधायक हरविंद्र कल्याण का हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया क्योंकि भाजपा सरकार के कार्यकाल से पहले इन सभी कॉलोनीयो की बुरी दुर्दशा थी लेकिन भाजपा सरकार के सत्ता मे आने के बाद ही इन कॉलोनीयों को वैध कराया ताकि यहाँ के निवासियों को भी गली, सीवर, पिने के पानी सहित अन्य सुविधाएं मिल सके।

विधायक कल्याण ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है उसका पूरा निर्वहन सिर्फ हलके के लोगों की अधिकतर समस्याओं का समाधान कर सुविधाएं दिलवाने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व ओर विकासशील सोच का परिणाम है जो समूचे प्रदेश मे लगातार एक समान विकास हो रहा है।

### जोशी कुल वंशावली पुस्तक का किया विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री वरदराज मन्दिर में जोशी कुल वंशावली शीर्षक पुस्तक का विमोचन किया कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. चितरंजन दयाल कौशल, चेयरमैन हरियाणा संस्कृत साहित्य अकादमी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जिनके करकमलो से राकेश कुमार जोशी द्वारा लिखित एवं सम्पादित जोशी कुल वंशावली नामक पुस्तक का अनावरण किया गया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत एमके मौदगिल तथा श्री ब्राह्माण एवं तीर्थोद्वार सभा के सरंक्षक श्री जयनारायण शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भगवान परशुराम कोलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डा. योगेश्वर जोरी ने किया। उन्होने बताया कि विमोचन की गई पुस्तक में ब्राह्मणों के जोशी कुल की वंशावली को पुस्तक के लेखक राकेश कुमार जोशी ने लगभग 350 वर्ष पूर्व से रेखांकित किया है।

# ओंकार यज्ञ के साथ संपन्न हुआ कार्तिक मास ब्रह्मोत्सव



आरती में शामिल श्रद्धालु।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कार्तिक** मास ब्रह्मोत्सव विधिवत रूप से ओंकार यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान एक मास से चल रही भगवान ब्रह्मा पूजा को भी संपूर्णता दी गई। जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर के द्वारा निकाली गई भगवान श्री ब्रह्मा रथ यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों रणवीर जागलान और रणधीर मेहरा द्वारा भगवान ब्रह्मा रथ यात्रा पर विराजित स्वामी शक्ति देव, स्वामी संतोष ओंकार, स्वामी संदीप ओंकार व श्रीब्रह्मा रथ पर विराजित श्रीब्रह्मा परिवार की आरती कर फूलमाला पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पहुंचे डेयरी विकास संघ के अध्यक्ष धर्मवीर मिजार्पुर को सम्मानित किया गया और संपूर्णता पर पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने ब्रह्मा सिद्ध पीठ पर हाजिरी लगा कर ब्रह्मा जी का आशीर्वाद ग्रहण किया। कुरड़ी वाले महाराजश्री द्वारा ओंकार महायज्ञ में पूर्णाहुति डाल कर ब्रह्मा रथ यात्रा की संपूर्णता की गई। आश्रम में रथ पहुंचने पर फूलों की वर्षा द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुरडी वाले महाराज ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सतयुग में निकाली जाने वाली भगवान श्री ब्रह्मा रथ यात्रा जो समस्त देवी देवता इकट्ठे होकर निकालते थे। आज कलयुग में मेरे सतगुरु जी द्वारा भगवान श्री ब्रह्मा सिद्ध पीठ कुरुक्षेत्र में निकाली जा रही जिसमें समस्त देवी देवता भाग ले रहे हैं। जो सौभाग्यवती बहने अपने शीश पर कलश उठाकर रथ यात्रा में चलती हैं, उनका अखंड सुहाग बना रहता है और भगवान श्री ब्रह्मा जी की कृपा का पात्र बनते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी बोला गया है, जिसमें दीपदान करने का अमोघ फल प्राप्त होता है। संघ संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित ने कहा कि प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली श्रीब्रह्मा रथ यात्रा में देश-विदेश से आकर श्रद्धालु जन भाग लेते हैं और महाराज श्री जी का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर पंडित मांगेराम शर्मा, राजेश दहिया, विनय शर्मा, साहिल कुमार, राकेश कुमार, राधेश्याम शास्त्री व समस्त श्रद्धालु जन मौजूद थे।

# सांसद ने गन्नौर कोर्ट परिसर में किया लिफ्ट निर्माण कार्य का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सांसद** रमेश कौशिक ने गन्नौर कोर्ट परिसर में लिफ्ट निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि अधिवक्तागण की समाज में बड़ी विश्वसनीयता है और कानून का व्यवसाय कई मायनों में महत्वपूर्ण है। केवल भारत देश में ही वकीलों को यह अधिकार मिला हुआ कि वे किसी दूसरे के विश्वास पर काम करते हुए कोर्ट में न्याय दिलाने का काम करते हैं।



गन्नौर कोर्ट परिसर में लिफ्ट निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद कौशिक।

सांसद ने कहा कि वे स्वयं भी राजनीति में आने से पहले वकील रहे हैं, इसलिए उनका हमेशा प्रयास रहता है कि कोर्ट परिसर में वकीलों को सभी सुविधाएं मिले, ताकि वे लोगों को उचित न्याय दिलवा सकें। उन्होंने कोर्ट परिसर में एसी, कम्प्यूटर व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए 05 लाख रूपये देने की घोषणा भी की और नियमानुसार मदद के लिए वकीलों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि कानून के क्षेत्र में प्रैक्टिस का निर्धारण बार कौंसिल आफ इंडिया करती है। बार कौंसिल के मॉडल को अपने जीवन में उतारकर जरूरतमंद को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं को अपनी प्राथमिकताओं में शुमार करना होगा। हमें पीड़ित व्यक्ति को अच्छे तरीके से न्याय दिलाने की दिशा मे काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बार और बेंच के बीच भी बेहतर संबंध होना जरूरी है जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिलता है।

### संकीर्तन में श्याम भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति, खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा सोमवार रात्रि खेड़ी मारकण्डा में श्रीश्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्रीश्याम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि श्री श्याम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में हुए संकीर्तन में आयोजक संजीव कुमार-प्रियंका रानी परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा और गौरव शान ने श्याम भजनों से समां बांधा।

साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए। खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं, इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। अपनी माता को दिए हुए वचन के अनुसार जो भी हार कर इनके दरबार में जाता है, उसकी यें पूरी सुनवाई करते हैं। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

# पंजाब: राज्यपाल से आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने लिया धरना समाप्त करने का निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**एमएसपी** की गारंटी समेत अपनी अलग-अलग मांगों लेकर चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों ने मंगलवार को यहां पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मांगे पूरी किए जाने का आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन समाप्ति का ऐलान कर दिया।

धरना दे रहे किसान मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल से मिले जिसके बाद उन्होंने धरना खत्म करने का फैसला किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह 11 दिसंबर तक मांगों के पूरा होने का इंतजार करेंगे।

पंजाब. के किसान संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अपनी मांगों लेकर तीन दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। एमएसपी की गारंटी समेत किसानों पर दर्ज मामले वापस लेने की मांग को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की योजना के तहत सभी किसान चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर जमा हुए थे।

किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए चंडीगढ़ मोहाली सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए था ।लोगों को परेशानी नहीं हो इसलिए कुछ सड़कों पर यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ दिया गया था। इधर हरियाणा के किसान भी पंचकूला के सेक्टर पांच में जमा हुए थे, वहां पर भी बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। रविवार से ही पंजाब के विभिन्न हिस्सों से किसानों का जमाव मोहाली के पास शुरू हो गया था। सभी किसान अपने साथ अपनी जरूरत का सामान राशन, बिस्तर, खाना बनाने के लिए रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुएं ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहनों में लेकर आए थे। विरोध कर रहे किसानों ने बीच सड़क पर ही मंच बनाया था।

### जीएनए यूनिवर्सिटी में एक कदम रोजगार की ओर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जालंधर।** स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने %एलएसआरडब्ल्यू कौशल के कार्यात्मक पहलू- रोजगार की ओर एक कदम% विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न तरीकों से भाषा की प्रयोज्यता को समझाना और बेहतर रोजगार के लिए भाषा कौशल का उपयोग करना है। भविष्य। संगठित स्रोत व्यक्ति, ईआर पाथफाइंडर एंटरप्रेन्योर की मालिक शैली नाकारा ने सत्र की शुरुआत छात्रों को यह सिखाकर की कि कैसे भाषा और उसका सही उच्चारण विदेश में सफल जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। उन्होंने छात्रों को सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के भाषा मूल्यांकन मॉड्यूल को हल करने के लिए विभिन्न युक्तियों और युक्तियों से परिचित कराया।

# एलपीएस ग्रुप के संस्थापक स्व. बिमल प्रसाद जैन की पुण्य तिथि मनाई

**एलपीएस ग्रुप रोहतक के हर सामजिक कार्यों में अग्रणी**

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



स्व. बिमल प्रसाद जैन की पुण्य तिथि पर उपस्थित संत समाज व शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति।

**एलपीएस** के संस्थापक स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल भण्डारे एवं रक्तदान शिविर का आयोजन साधु संतों की उपस्थिती में किया गया। वैश्य कॉलेज रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन बगीची में स्व. बिमल प्रसाद जैन की समाधि स्थल पर एलपीएस बौसार्ड के एम.डी. राजेश जैन, समाजसेवी उद्योगपति विजय जैन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, रोहतक नगर निगम के मेयर मनमोहन गोयल, समाजसेवी उद्योगपति राजकुमार शमा महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामण्डलेश्वर बाबा परमानंद महाराज, महामण्डलेश्वर विश्वरानंद जी महाराज, महामण्डलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, महामण्डलेश्वर बाबा रघुभारती महाराज, सांपला से कालिदास जी महाराज, बाबा सुखा शाह, द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सती भाई साईदास सेवा दल के द्वारा सिविल रोड में स्थित भगवान महावीर पार्क के बाहर विशाल भण्डारा लगाया गया।

भण्डारे का शुभारंभ एलपीएस बौसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, रोहतक नगर निगम के मेयर मनमोहन गोयल व संस्था के प्रधान नरेशानंद के द्वारा भण्डारा बांटकर किया।

# बच्चों को संस्कारों से जोड़कर ही एक अच्छे समाज व उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है : सतिंदर मोहन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**निफा** द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से ओ पी एस विद्या मंदिर सेक्टर 13 मे आयोजित देश की बात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पन्नु बच्चों से रूबरू हुए और उन्हें जिंदगी में सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी होगी जब देश का हर बच्चा अपने देश, समाज, शैक्षणिक संस्थान व परिवार से वैसा ही प्यार करे जैसा वो अपनी सबसे प्रिय वस्तु से करता है। पन्नु ने विद्यार्थियों से सवाल जवाब भी किए और सफलता की राह पर आने वाली परेशानियों को दूर करने के उपाय भी सुझाये। इस



अवसर पर जेनेसिस क्लासेस के निदेशक जितेंद्र अहलावत बच्चों को कहा करनाल के ही कई सफल विद्यार्थियों का उदाहरण दिया जिन्होंने अपने अध्यापकों की बातों को ध्यान से सुना और उन पर अमल किया, जिसके चलते वे सफलता की ऊंचाई तक पहुंच गये। मुख्य अतिथि सतिंदर मोहन कुमार ने कहा कि निफा ने हमेशा संस्कार व संस्कृति की बात की है और बच्चों को संस्कारों से जोड़ कर ही एक अच्छे समाज व उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है।

### विजेता खिलाड़ियों का साई में किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि 32वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चेम्पियनशिप का आयोजन 25 व 26 नवंबर को ताऊ देवी लाल एथलेटिक्स स्टेडियम में किया गया। इस चेम्पियनशिप में कुरुक्षेत्र के प्रतिभागियों ने 7 स्वर्ण, 6 सिल्वर और 3 ब्रांज मैडल सहित कुल 16 पदक हासिल किए है। कुरुक्षेत्र जिले के प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच मंगलवार को इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को साई प्रागंण में स्वागत करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह सहित साई के प्रशिक्षकों ने 32वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चेम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साई प्रभारी कुलदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कृष्ण चौधरी ने 70 वर्ष आयु वर्ग की 5 हजार मीटर में सिल्वर पदक, 1500 मीटर रेस में गोल्ड पदक और शॉट पुट में सिल्वर पदक हासिल किया है।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात )** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात )** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
| --- | --- | --- | --- |
| **बलदेवसिंह**, श्रीमती हरदीप कौर खाता सं. LNSNG02919-200116733 व LNSNG11721-220181763 | 06 जून 2023 ₹298631/- व ₹59205/- बकाया दिनांक 05 जून 2023 | आवासीय संपत्ति स्थित मंडी डबवाली, तह-दबवाली, जिला-सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 2725 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 28 नवबर 2023 |

स्थान : जयपुर दिनांक 29-11-2023 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# सुरंग में फंसे मजदूरों के लिए वरदान बनी रैट होल माइनिंग

## रैट माइनर्स ने किया ऐतिहासिक कार्य



एजेंसी। नई दिल्ली

**उत्तरकाशी** की निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में 17 दिन से फंसे 41 श्रमिकों के लिए मंगलवार का दिन अहम साबित हुआ। बचाव अभियान में लगी टीम को सफलता मिल गई है। फंसे मजदूरों को निकालने के लिए रैट माइनिंग पद्धति द्वारा सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग की गई। रैट माइनर्स द्वारा यह ड्रिलिंग 57 मीटर के आखिरी छोर तक की गई।

दरअसल, 12 नवंबर 2023 की अल सुबह 05.30 बजे सिलक्यारा से बड़कोट के बीच बन रही निर्माणाधीन सुरंग में धंसाव हो गया। सुरंग के सिल्क्यारा हिस्से में 60 मीटर की दूरी में मलबा गिरने के कारण यह घटना हुई। 41 श्रमिक सुरंग के अंदर सिलक्यारा पोर्टल से 260 मीटर से 265 मीटर अंदर रिप्रोफाइलिंग का काम कर रहे थे, तभी सिलक्यारा पोर्टल से 205 मीटर से 260 मीटर की दूरी पर मिट्टी का धंसाव हुआ और सभी 41 श्रमिक अंदर फंस गए।

घटना की सूचना तुरंत राज्य और केंद्र सरकार की सभी संबंधित एजेंसियों को दी गई और उपलब्ध पाइपों के जरिए सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों को ऑक्सीजन, पानी, बिजली, पैक भोजन की आपूर्ति के साथ बचाव कार्य शुरू किया गया। फंसे हुए श्रमिकों से वॉकी-टॉकी के माध्यम से भी संचार स्थापित किया गया है। श्रमिकों को शीघ्र बचाव के लिए कई बीते 16 दिनों में कई उपाय किए गए हैं।

रैट-होल माइनिंग एक ऐसी पद्धति है जिसमें कुछ खनिक कोयला निकालने के लिए संकरे बिलों में जाते हैं। हालांकि, यह पद्धति विवादित और गैर-कानूनी भी है। दरअसल, यह प्रथा पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय में प्रचलित थी। खनिक गड्ढे खोदकर चार फीट चौड़ाई वाले उन संकरे गड्ढों में उतरते थे जो, जहां केवल एक व्यक्ति की जगह होती है। वे बांस की सीढ़ियों और रस्सियों का इस्तेमाल करके नीचे उतरते थे, फिर गैंती, फावड़े और टोकरियों आदि का उपयोग करके मैन्युअल रूप से कोयला निकालते थे। इस तरीके से होने वाली खुदाई से सुरक्षा खतरे उत्पन्न हो गए। ऐसा इसलिए क्योंकि खनिक सुरक्षा उपाय किए बिना गड्ढे में उतर जाते थे और कई बार हादसों का शिकार हो जाते थे। ऐसे कई मामले भी आए जहां बरसात में रैट होल माइनिंग के कारण खनन क्षेत्रों में पानी भर गया, जिसके चलते श्रमिकों की जानें गईं। यही कारण है कि साल 2014 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने मेघालय में इस पद्धति से होने वाली खुदाई पर पाबंदी लगा दिया।

सिलक्यारा बचाव अभियान में लगातार विफल होते विकल्पों के बीच सोमवार को छह सदस्यीय रैट माइनर्स की टीम को तैनात किया गया। ऑगर मशीन के फेल होने के बाद हाथ से खोदाई कराने का फैसला किया गया।

श्रमिकों की कुशल टीम रैट होल माइनिंग पद्धति का इस्तेमाल करके हाथ से मलबा हटाने का काम किया। एक विशेषज्ञ ने बताया कि एक आदमी खुदाई करता है, दूसरा मलबा इकट्ठा करता है और तीसरा उसे बाहर निकालने के लिए ट्रॉली पर रखता है। विशेषज्ञ मैन्युअली मलबे को हटाने के लिए 800 मिमी पाइप के अंदर काम कर रहे हैं।

कहा गया कि इस दौरान एक फावड़ा और अन्य विशेष उपकरण का उपयोग किया जा रहा है। ऑक्सीजन के लिए एक ब्लोअर भी लगा है। इस प्रकार की ड्रिलिंग काफी मेहनत वाला काम है और खुदाई करने वालों को बारी-बारी से खुदाई करनी पड़ती है। हालांकि, ये खनिक ऐसे कामों के लिए कुशल हैं।




## हर रोज किया एक नई समस्या का सामना

**27 नवंबर:** सुबह 3 बजे सिल्क्यारा की तरफ से फंसे ऑगर मशीन के 13.9 मीटर लंबे पार्ट्स निकाल लिए। देर शाम तक ऑगर मशीन का हेड भी मलबे से निकाल लिया गया। इसके बाद रैट माइनर्स ने मैन्युअली ड्रिलिंग शुरू कर दी। रात 10 बजे तक पाइप को 0.9 मीटर आगे पुश भी किया गया। साथ ही 36 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग हो गई थी।

**26 नवंबर:** पहाड़ की चोटी से वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू हुई। रात 11 बजे तक 20 मीटर तक खुदाई हुई। वर्टिकल ड्रिलिंग के तहत पहाड़ में ऊपर से नीचे की तरफ बड़ा होल करके रास्ता बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा- अगर कोई रुकावट नहीं आई तो हम 100 घंटे यानी 4 दिन में मजदूरों तक पहुंच जाएंगे।

**25 नवंबर:** शुक्रवार को ऑगर मशीन टूटने के चलते रुका रेस्क्यू का काम शनिवार को भी रुका रहा। इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अरनॉल्ड डिक्स ने कहा कि अब ऑगर से ड्रिलिंग नहीं होगी, न ही दूसरी मशीन बुलाई जाएगी। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए दूसरे विकल्पों की मदद ली जाएगी। बी प्लान के तहत टनल के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की तैयारी हुई।

**24 नवंबर:** सुबह ड्रिलिंग का काम शुरू हुआ तो ऑगर मशीन के रास्ते में स्टील के पाइप आ गए, जिसके चलते पाइप मुड़ गया। स्टील के पाइप और टनल में डाले जा रहे पाइप के मुड़े हुए हिस्से को बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद ड्रिलिंग के लिए ऑगर मशीन फिर मलबे में डाली गई, लेकिन टेक्निकल ग्लिच के चलते रेस्क्यू टीम को ऑपरेशन रोकना पड़ा। उधर, एनडीआरएफ ने मजदूरों को निकालने के लिए मॉक ड्रिल की।

**23 नवंबर:** अमेरिकी ऑगर ड्रिल मशीन तीन बार रोकनी पड़ी। देर शाम ड्रिलिंग के दौरान तेज कंपन होने से मशीन का प्लेटफॉर्म धंस गया। इसके बाद ड्रिलिंग अगले दिन की सुबह तक रोक दी गई। इससे पहले 1.8 मीटर की ड्रिलिंग हुई थी।

**22 नवंबर:** मजदूरों को नाश्ता, लंच और डिनर भेजने में सफलता मिली। सिल्क्यारा की तरफ से ऑगर मशीन से 15 मीटर से ज्यादा ड्रिलिंग की गई। मजदूरों के बाहर निकलने के मद्देनजर 41 एंबुलेंस मंगवाई गईं। डॉक्टरों की टीम को टनल के पास तैनात किया गया। चिल्यानीसौड़ में 41 बेड का हॉस्पिटल तैयार करवाया गया।

**21 नवंबर:** एंडोस्कोपी के जरिए कैमरा अंदर भेजा गया और फंसे हुए मजदूरों की तस्वीर पहली बार सामने आई। उनसे बात भी की गई। मजदूरों तक 6 इंच की नई पाइपलाइन के जरिए खाना पहुंचाने में सफलता मिली। ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू हुई। केंद्र सरकार की ओर से 3 रेस्क्यू प्लान बताए गए। पहला- ऑगर मशीन के सामने रुकावट नहीं आई तो रेस्क्यू में 2 से 3 दिन लगेंगे। दूसरा- टनल की साइड से खुदाई करके मजदूरों को निकालने में 10-15 दिन लगेंगे। तीसरा- डंडालगांव से टनल खोदने में 35-40 दिन लगेंगे। 21 नवंबर को पहली बार टनल के अंदर 6 इंच की पाइप के जरिए एंडोस्कॉपिक कैमरा भेजा गया था। पहली बार 41 मजदूरों को देखा गया।

**20 नवंबर:** इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट ऑर्नल्ड डिक्स ने उत्तरकाशी पहुंचकर सर्वे किया और वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए 2 स्पॉट फाइनल किए। मजदूरों को खाना देने के लिए 6 इंच की नई पाइपलाइन डालने में सफलता मिली। ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों के रेस्क्यू के लिए रेस्क्यू टनल बनाई गई।

**19 नवंबर:** सुबह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड सीएम पुष्कर धामी उत्तरकाशी पहुंचे, रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और फंसे लोगों के परिजन को आश्वासन दिया। शाम चार बजे सिल्क्यारा एंड से ड्रिलिंग दोबारा शुरू हुई। खाना पहुंचाने के लिए एक और टनल बनाने की शुरुआत हुई। छोटा रोबोट भेजकर खाना भेजने या रेस्क्यू टनल बनाने का प्लान बना।

**18 नवंबर:** दिनभर ड्रिलिंग का काम रुका रहा। खाने की कमी से फंसे मजदूरों ने कमजोरी की शिकायत की। पीएमओ के सलाहकार भास्कर खुल्बे और डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल उत्तरकाशी पहुंचे।

**17 नवंबर:** सुबह दो मजदूरों की तबीयत बिगड़ी। उन्हें दवा दी गई। दोपहर 12 बजे हैवी ऑगर मशीन के रास्ते में पत्थर आने से ड्रिलिंग रुकी। मशीन से टनल के अंदर 24 मीटर पाइप डाला गया। नई ऑगर मशीन रात में इंदौर से देहरादून पहुंची, जिसे उत्तरकाशी के लिए भेजा गया।

**16 नवंबर:** 200 हॉर्स पावर वाली हैवी अमेरिकन ड्रिलिंग मशीन ऑगर का इंस्टॉलेशन पूरा हुआ। शाम आठ बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा शुरू हुआ। रात में टनल के अंदर 18 मीटर पाइप डाले गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन की रिव्यू मीटिंग की।

**15 नवंबर:** रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत कुछ देर ड्रिल करने के बाद ऑगर मशीन के कुछ पार्ट्स खराब हो गए। टनल के बाहर मजदूरों के परिजन की की पुलिस से झड़प हुई। वे रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी से नाराज थे। पीएमओ के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली से एयरफोर्स का हरक्यूलिस विमान हैवी ऑगर मशीन लेकर चिल्यानीसौड़ हेलीपैड पहुंचा। ये पार्ट्स विमान में ही फंस गए, जिन्हें तीन घंटे बाद निकाला जा सका।

**14 नवंबर:** टनल में लगातार मिट्टी धंसने से नॉर्वे और थाईलैंड के एक्सपर्ट्स से सलाह ली गई। ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक को काम में लगाया। लेकिन लगातार मलबा आने से 900 एमएम यानी करीब 35 इंच मोटे पाइप डालकर मजदूरों को बाहर निकालने का प्लान बना। इसके लिए ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक की मदद ली गई, लेकिन ये मशीनें भी असफल हो गईं।

**13 नवंबर:** शाम तक टनल के अंदर से 25 मीटर तक मिट्टी के अंदर पाइप लाइन डाली जाने लगी। दोबारा मलबा आने से 20 मीटर बाद ही काम रोकना पड़ा। मजदूरों को पाइप के जरिए लगातार ऑक्सीजन और खाना-पानी मुहैया कराया जाना शुरू हुआ।

**12 नवंबर:** सुबह 4 बजे टनल में मलबा गिरना शुरू हुआ तो 5.30 बजे तक मेन गेट से 200 मीटर अंदर तक भारी मात्रा में जमा हो गया। टनल से पानी निकालने के लिए बिछाए गए पाइप से ऑक्सीजन, दवा, भोजन और पानी अंदर भेजा जाने लगा। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, आईटीबीपी और बीआरओ को लगाया गया। 35 हॉर्स पावर की ऑगर मशीन से 15 मीटर तक मलबा हटा।

# अपनों के इंतजार में परिजनों की पथरा गई थी आंखें

## सुरंग में फंसे श्रमिक मंजीत के पिता के चेहरे पर दिखी बेटे से मिलने की खुशी

एजेंसी। उत्तरकाशी

**सिलक्यारा** सुरंग में बचावकर्मियों के जल्द ही मलबे के उस पार पहुंचने की उम्मीद कर रहे मजदूर मंजीत के पिता चौधरी ने मंगलवार को कहा कि लगता है कि उनका लंबा इंतजार आज समाप्त हो जाएगा।

बचावकर्मियों के मलबे में ड्रिलिंग का काम पूरा होने और पाइप डाले जाने के समाचारों के आने से सुरंग के बाहर खड़े श्रमिकों के परिजनों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने यहां बताया कि निर्माणाधीन सुरंग के अवरूद्ध हिस्से में की जा रही क्षैतिज ड्रिलिंग 55.3 मीटर तक पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि आठ सौ मिलीमीटर व्यास के पाइपों के जरिए पिछले 16 दिन से फंसे श्रमिकों को बाहर लाया जाएगा। सुरंग में 40 अन्य मजदूरों के साथ फंसे हुए अपने 22 वर्षीय पुत्र मंजीत के बाहर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर के खेतिहर मजदूर चौधरी ने कहा, अधिकारियों ने हमें बताया है कि अब श्रमिकों के जल्द बाहर आने की संभावना है। हमें कपड़े और अपना सामान तैयार रखने को कहा गया है। कहा, हमें बताया गया है कि श्रमिकों को बाहर निकालने के बाद हमें भी उनके पास भेजने की व्यवस्था की जाएगी। चौधरी के चेहरे पर मुस्कान थी। चौधरी अपने एक पुत्र को पहले ही मुंबई में एक दुर्घटना में खो चुके हैं जिसके बाद मंजीत के सुरंग में फंसने से वह बहुत मायूस थे। सुरंग में फंसे एक अन्य श्रमिक गब्बर सिंह नेगी के बड़े भाई जयमल सिंह ने कहा कि इस समय वह अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते। कहा कि आज प्रकृति भी खुश नजर आ रही है और ठंडी हवाओं से पेड़ और पत्ते झूम रहे हैं। उन्होंने भी बताया कि उन्हें सामान तैयार रखने तथा अगले आदेश का इंतजार करने को कहा गया है। नेगी ने कहा, हम सुरंग के बाहर खड़े होकर उनका इंतजार कर रहे हैं और वे भी संघर्ष कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह सब जल्द खत्म हो।









## अमेरिकी राजदूत अरुणाचल में संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे

**ईटानगर।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अरुणाचल प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक विमान के अवशेषों को दर्शाने वाले अनोखे संग्रहालय का उद्घाटन भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी करेंगे। पूर्वी सियांग जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि गार्सेटी बुधवार को पासीघाट में हम्प द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू की पहल पर संग्रहालय तैयार किया जा रहा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू को मिला नया मतदाता पहचान पत्र

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने उनका नया मतदाता पहचान पत्र सौंपा।

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले 10 नवंबर को कृष्णमूर्ति राष्ट्रपति भवन गए थे ताकि राष्ट्रपति मुर्मू के मतदाता पहचान पत्र में उनका पता बदला जा सके। पहले उनके मतदाता पहचान पत्र पर ओडिशा का पता था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पी कृष्णमूर्ति ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनका मतदाता पहचान पत्र सौंपा। मूल रूप से ओडिशा की निवासी मुर्मू ने पिछले साल 25 जुलाई को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## मणिपुर हिंसा पर किताब को लेकर सिलचर के लेखक पर प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी। इंफाल


**मणिपुर** में जातीय हिंसा पर आधारित अपनी किताब मणिपुर फाइल्स के माध्यम से विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में सिलचर के एक लेखक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कांगलेईपाक कनबा लुप (केकेएल) के युवा नेता लुवांगचा यू नगामखेइंगकपा द्वारा 25 नवंबर को इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिन्होंने आरोप लगाया था कि लेखक ने संघर्ष के केवल एक पक्ष का वर्णन करके पक्षपातपूर्ण तरीके से हिंसा का वर्णन किया है।

असम के सिलचर में रहने वाले लेखक प्रणबानंद दास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 153 ए (धर्म, नस्ल या जन्म स्थान के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 200 (जानबूझकर झूठे तथ्यों को सच की तरह प्रकट करना) और 295 (किसी भी वर्ग के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) शामिल है। दास पर आईपीसी की धारा 505 (सार्वजनिक शरारत वाले बयान), 499 (मानहानि) और 120बी (समान इरादे से आपराधिक साजिश) के तहत भी मामला दर्ज किया गया था।

## गुजरात हाईकोर्ट ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर पर रोक वाली याचिका खारिज की

एजेंसी। अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने मस्जिदों में अजान या इबादत के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी एक जनहित याचिका को पूरी तरह से मिथ्या धारणा पर आधारित करार देते हुए इसे मंगलवार को खारिज कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी. माई की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान यह भी पूछा कि क्या याचिकाकर्ता यह दावा कर सकता है कि किसी मंदिर में आरती के दौरान घंटियों और घड़ियाल का शोर बाहर नहीं सुनाई देता है। बजरंग दल नेता शक्ति सिंह झाला की ओर से दायर याचिका में दावा किया गया है कि लाउडस्पीकर के माध्यम से अजान के कारण होने वाला ध्वनि प्रदूषण लोगों, खासकर बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और अन्यथा असुविधा का कारण बनता है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका में दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। अदालत ने बताया कि अजान दिन के अलग-अलग घंटों में एक बार में अधिकतम दस मिनट के लिए की जाती है। अदालत ने यह भी कहा, हम यह समझने में असफल हैं कि सुबह लाउडस्पीकर के माध्यम से अजान देने वाली मानव आवाज ध्वनि प्रदूषण पैदा करने के स्तर (डेसीबल) तक कैसे पहुंच सकती है, जिससे बड़े पैमाने पर जनता के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। अदालत ने कहा, हम इस तरह की जनहित याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। यह वर्षों से चली आ रही आस्था और प्रथा है जो पांच-दस मिनट के लिए होती है।

इसने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, आपके मंदिर में, ढोल और संगीत के साथ सुबह की आरती भी सुबह तीन बजे शुरू होती है। क्या आप कह सकते हैं कि घंटे और घड़ियाल का शोर केवल मंदिर परिसर में ही रहता है, मंदिर के बाहर नहीं फैलता? अदालत ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के स्तर को मापने के लिए एक वैज्ञानिक तरीका है, लेकिन याचिका में यह दिखाने के लिए कोई डेटा नहीं दिया गया है कि 10 मिनट की अज़ान से ध्वनि प्रदूषण होता है।

# 600 से अधिक गामा-किरण विस्फोटों का पता लगा

## जीआरबी ब्रह्मांड में सबसे ऊर्जावान विस्फोट है

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** की एस्ट्रोसैट अंतरिक्ष दूरबीन ने 600 से अधिक गामा किरण विस्फोटों (जीआरबी) का पता लगाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिनमें से प्रत्येक विस्फोट किसी विशाल तारे की मृत्यु या न्यूट्रॉन तारों के विलय का प्रतीक है। सीजेडटीआई के प्रमुख अन्वेषक दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, 600वें जीआरबी का पता लगाना प्रक्षेपण के आठ साल बाद और निर्धारित जीवनकाल के बाद भी कैडमियम जिंक टेलुराइड इमेजर (सीजेडटीआई) के निरंतर जारी असीमित प्रदर्शन का एक बड़ा उदाहरण है।

एस्ट्रोसैट के माध्यम से जीआरबी अध्ययन का नेतृत्व करने वाले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के पीएचडी छात्र गौरव वरातकर ने कहा कि लघु महाविस्फोट (मिनी बिग-बैंग्स) कहे जाने वाले जीआरबी ब्रह्मांड में सबसे ऊर्जावान विस्फोट हैं, जो सूर्य द्वारा अपने पूरे जीवनकाल में उत्सर्जित की जाने वाली ऊर्जा से अधिक ऊर्जा मात्र कुछ सेकेंड में उत्सर्जित करते हैं। जीआरबी एक सेकेंड के एक अंश से लेकर कई मिनट तक रहता है।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 2015 में प्रक्षेपित एस्ट्रोसैट की कार्य अवधि पांच साल के लिए निर्धारित थी, लेकिन यह अवलोकन कार्य में खगोलविदों के लिए अब भी अच्छी स्थिति में बना हुआ है। यह उपग्रह भारत की पहली समर्पित बहु-तरंगदैर्ध्य अंतरिक्ष वेधशाला है, जो पराबैंगनी किरणों से लेकर एक्स-रे तक विभिन्न तरंगदैर्ध्य में अंतरिक्ष संबंधी वस्तुओं का एक साथ अवलोकन करने के लिए उपकरणों से लैस है।

आईआईटी-मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर वरुण भालेराव ने कहा, एस्ट्रोसैट ने जो हासिल किया है उस पर हमें गर्व है। इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए, कई संस्थान एक साथ आए हैं और अगली पीढ़ी की जीआरबी अंतरिक्ष दूरबीन दक्ष के निर्माण का प्रस्ताव रखा है, जो दुनियाभर में ऐसे किसी भी उपग्रह से कहीं बेहतर होगी।

दक्ष दूरबीन इतनी संवेदनशील होगी कि सीजेडटीआई ने जो काम आठ साल में किया है, वह एक साल में ही इतना काम कर लेगी। एस्ट्रोसैट के सीजेडटीआई डिटेक्टर द्वारा 600वें जीआरबी का पता 22 नवंबर को लगाया गया था।

इस बारे में दुनिया भर के खगोलविदों को सूचित किया गया था जो इस तरह की घटना पर अपने शोध में इसका उपयोग कर सकते हैं और इससे इन उच्च-ऊर्जा से जुड़ी चरम स्थितियों का पता लगाने के लिए खगोलविदों को महत्वपूर्ण डेटा मिल सकता है। वरातकर ने कहा, डेटा को देखना आश्चर्यजनक है और अरबों साल पहले हुए इन विस्फोटों को सबसे पहले देखने का का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 600वें जीआरबी के बाद से, सीजेडटीआई ने तीन और ऐसी घटनाओं का पता लगाया है जिनमें नवीनतम घटना सोमवार की है।

# गेनो में शादी समारोह में समधी की गोली मारकर हत्या

## बिसरख के एक फॉर्म हाउस में 1 करोड़ रुपये की देनदारी को लेकर पुराने विवाद में मेहमानों की भीड़ में गोली मारी

● गोली चलने के बाद फॉर्म हाउस में मची भगदड़, मौके का फायदा उठा आरोपी भागे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शादी समारोह में गोली लगने से मृत व्यक्ति लाल घेरे में।

**ग्रेटर** नोएडा में समधी ने ही समधी की हत्या कर दी। दोनों यहां एक शादी में शामिल होने के लिए आए थे। इस बीच दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद मेहमानों के बीच ही पिस्टल निकालकर शेखर यादव ने गोली मार कर अपने समधी अशोक यादव की हत्या कर दी। शादी में गोली चलने से भगदड़ मच गई। रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस घायल को नजदीकी अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना बिसरख थाना क्षेत्र के एक फॉर्म हाउस की है। आरोपी शेखर यादव ने 3 साल पहले अपनी बेटी की शादी अशोक यादव के बेटे से की थी। हालांकि, शादी के बाद से दोनों में अलगाव हो गया था। सोमवार को विनोद यादव की बेटी की शादी थी। विनोद का दोस्त होशियारपुर का रहना वाला अशोक यादव शादी में पहुंचा। वह गांव का पूर्व प्रधान था। दूसरा पक्ष यानी अशोक के समधी शेखर यादव भी इस शादी में पहुंचे थे। शेखर यादव हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र के रजवाड़ा गांव का रहने वाला था। फिलहाल, गाजियाबाद में परिवार के साथ रहता था। रिश्तेदारों और पुलिस ने बताया कि शेखर यादव ने बेटी की शादी अशोक के बेटे से की थी। शादी में करोड़ों रुपए खर्च हुए थे। लेकिन, शादी के तुरंत बाद पति.पत्नी में विवाद होने लगा। मामला पुलिस तक पहुंच गया। पति.पत्नी अलग हो गए। इसके बाद पंचायत हुई। इसमें एक करोड़ रुपए देने पर समझौते की बात हुई। तय हुआ कि लड़का पक्ष यानी अशोक, लड़की पक्ष यानी शेखर को एक करोड़ रुपए देगा। हालांकि, अशोक ने पूरी रकम नहीं दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात को दोनों एक शादी में पहुंचे। यहां पहले तो दोनों ने एक.दूसरे से बात नहीं की। लेकिन, थोड़ी देर बाद शेखर यादव ने अशोक पर समझौते के एक करोड़ पूरे नहीं देने का आरोप लगाया। इसी बात पर दोनों में बहस शुरू हो गई। दोनों रिश्तेदारों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद शादी के कार्यक्रम स्थल पर ही रात करीब 9;30 बजे शेखर और उसके 2 अन्य साथियों ने अशोक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। शादी में गोली चलते ही अफरा.तफरी मच गई। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### 8 लोगों पर एफआईआर

**शादी** समारोह में हुए अशोक यादव हत्याकांड मामले में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम में गठित की गई है। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एडीसीपी सेंट्रल ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि अशोक यादव के परिजनों ने शेखर सहित आठ लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीम में गठित की है।

### इंदिरापुरम में गला रेतकर युवक की हत्या

**गाजियाबाद।** बीती रात इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में हुई एक संगीन वारदात के दौरान बदमाशोंध्हत्यारों ने 25 वर्षीय युवक की हत्या गला रेतकर कर दी। इस सनसनीखेज वारदात का पता उस समय चला कि जब अभय खण्ड कॉलोनी में रहने वाले लोग मार्निंग वॉक के लिये ग्रीन पार्क में पहुंचे। वहां पर एक युवक की रक्तरंजित लाश देखकर जहां सुबह की सैर करने वाले लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। सूचना इंदिरापुरम थाना पुलिस को दे दी। मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची इंदिरापुरम थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर शिनाख्त व हत्या की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिये।

## संक्षिप्त समाचार



जीएल बजाज कॉलेज में मंच थिरकते अभिनेता विक्की कौशल व अन्य

### सैम बहादुर के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचे विक्की कौशल

**नोएडा।** फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और शान्या मल्होत्रा अपनी पूरी टीम के साथ अपनी आने वाली फिल्म सैम बहादुर का प्रमोशन करने ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलेज पहुंचे। फिल्म का टीजर ट्रेलर कॉलेज में लॉन्च किया गया। फिल्म के टाइटल सॉन्ग बढ़े चलो पर सभी कलाकार छात्रों के साथ जमकर थिरके। इस बीच कारगिल वॉरियर सूबेदार आजाद सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर 18 ग्रेनिडियर्स की विजय गाथा के बारे में बताया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण देश के जयघोष से गुंजायमान हो गया। विक्की कौशल ने छात्रों के उत्साह की तारीफकरते हुए कहा की आप सभी ने हमारी हर फिल्म को सराहा है। उसी तरह से इस फिल्म को भी प्यार दें और मूवी जरूर देखने जाएं। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल और सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल ने दोनों कलाकारों को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कई अधिकारी. कर्मचारी भी आये पुलिस के रडार पर

**गाजियाबाद।** सामूहिक विवाह योजना के तहत अनेक लोगों ने फर्जीवाड़ा करके सरकारी पैसा डकार लिया था। उक्त सनसनीखेज प्रकरण का पता चलने पर एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह की टीम ने सिहानी गेट थाना पुलिस के साथ मिलकर न केवल कई जालसाजों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था बल्कि अपने स्तर पर जांच करनी भी शुरू कर दी थी। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि उक् जालसाजी में श्रम विभाग के कई अधिकारियों.कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध हो सकता है। उसके बाद एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह की टीम ने अपनी जांच का घेरा श्रम विभाग के संदिग्ध कर्मचारियों पर भी कसना शुरू कर दिया।

### यूएई की यात्रा के लिए मेयर को मिला वीजा

**गाजियाबाद।** नगर निगम में पहली बार कोई मेयर दुबई में पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए जा रहे कदमों का बखान करेंगी। इसके लिए पहले मेयर को यूएई की ओर से आमंत्रित किया गया। अब वहां की सरकार ने मेयर को आमंत्रित करने के लिए विधिवत तौर पर उन्हें वीजा भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेयर सुनीता दयाल का दुबई का सफर 30 नवंबर से शुरू हो जाएगा। मेयर को यूएई ने अगले महीने की आठ तारीख तक अपने देश में बुलाया है। इसके बाद ही यूएई सरकार की ओर से मेयर सुनीता दयाल को बीजा जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेयर सुनीता दयाल का 30 नवंबर को यूएई का सफर करने का रास्ता साफहो गया है।

## बीटेक छात्र ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना क्षेत्र की निंबस सोसाइटी में एक बीटेक के छात्र ने अपने फ्लैट में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सोमवार शाम को बीटा 2 पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की निंबस सोसाइटी में एक फ्लैट के अंदर एक युवक का शव पंखे से लटका हुआ है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उस शव को नीचे उतारा। पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो पता चला कि मृतक युवक का नाम आदित्य त्रिपाठी था और वह ग्रेटर नोएडा के लॉयड कॉलेज से बीटेक कर रहा था। वह बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह रायबरेली का रहने वाला था। यहां पर वह दोस्तों के साथ पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया और जांच पड़ताल की गई।

### महिला से लूटा मोबाइल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख में बाइक सवार बदमाशों ने महिला से मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पीड़ित महिला दीपांशी कौर की शिकायत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दीपांशी से 26 नवंबर को एनसीआर मोनार्क सोसायटी के बाहर बाइक सवार दो बदमाशों मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

## गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आए तीन लोग, दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** थाना मसूरी क्षेत्र में इन्द्रगढ़ी फाटक के पास तीन लोग ट्रेन की चपेट में आ गए। जिनमें से दो की मौके पर मौत हो गई और एक को संजय नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। भर्ती व्यक्ति के परिजन उसे वहां से ले गए हैं। तीनों लोग शादी के समय फार्म हाउस में काम किया करते थे।

एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि जिला लखीमपुर खीरी निवासी आशीष उम्र 30 वर्ष, जिला सीतापुर निवासी राम भोले उम्र 26 वर्ष और जिला लखीमपुर खीरी निवासी छोटेलाल उम्र 28 वर्ष इन्द्रगढ़ी फाटक के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान तीनों ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसमें से आशीष और राम भोले की मौत हो गई जबकि तीसरे शख्स छोटेलाल को संजय नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक परिजनों को सूचना देने पर छोटे लाल के परिजन उसे अस्पताल से किसी और अस्पताल में ले गए। वहीं बाकी दोनों शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना सोमवार शाम की है।

## नोएडा के डीएम मनीष वर्मा ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**गौतमबुद्धनगर** के डीएम मनीष वर्मा ने निर्देश दिये है कि जिला अस्पताल में डाक्टर व अन्य स्टाफ समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हों तथा वरिष्ठ अधिकारी एटेंडेंस रजिस्टर की रोजाना मॉनीटरिंग करें। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को नोएडा के सेक्टर.79 स्थित जिला अस्पताल का दौरा करने के बाद उक्त निर्देश दिये। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बाल रोग विभाग, एआरवी, डिस्पेंसरी, जन औषधि स्टोर एवं ओपीडी डिपार्टमेंट का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं मानकों के अनुरूप बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए और प्रदेश सरकार द्वारा जो स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका भी पात्र व्यक्तियों तक भरपूर लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका की मॉनिटरिंग करें एवं डॉक्टर व स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी निर्धारित समय अनुसार अपनी.अपनी ड्यूटियों पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी में सभी दवाओं की उपलब्धता रखी जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी दवा को बाहर से खरीदने की जरूरत ना पड़े, उनको सभी दवाएं अस्पताल डिस्पेंसरी से ही उपलब्ध हो सके। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाओं को मांनको के अनुरूप सुदृढ़ रखा जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और अस्पताल परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीएमएस डॉ रेनू अग्रवाल तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पिछड़ों के लिए सिर्फ सपा ने ही किए काम: कश्यप

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप सपा के गाजियाबाद कार्यालय पहुंचें। जहां जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने उनका स्वागत किया। राजपाल कश्यप ने इस दौरान कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में जिले में एलिवेटेड रोड, बिजली घरों का निर्माण, साइकिल ट्रैक का निर्माण, फुटओवर ब्रिज, फ्लाईओवर आदि विकास कार्य कराए गए हैं। राजपाल कश्यप ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जितने कार्य किए हैं उतने किसी भी राजनीतिक पार्टी ने पिछडे समाज के लिए नहीं किए हैं। इस दौरान जिला महासचिव अमन यादव, मधु चौधरी, राजदेवी चौधरी गुलाब यादव, मनोज पंडित, ललित गुर्जर, अरुण यादव, ताहिर हुसैन, अमित बालियान, सौदान गुर्जर, आशु चौधरी, दीपक शर्मा, प्रशांत सागर, वसीम, कृष्ण कुमार यादव, अनुष्का सिंह, रानू कश्यप आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**नोएडा।** नोएडा में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सड़क दुर्घटना की अन्य घटनाओं में तीन और लोगों की मौत हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के गैस गोदाम के पास सोमवार शाम को एक उत्तर प्रदेश रोडवेज बस की चपेट में आकर दीपक कुमार की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सेक्टर 58 थाना क्षेत्र में ही एक अन्य सड़क हादसे में हर्षमणि देवी (26) गंभीर रूप से घायल हो गईं बाद में उनकी अस्पताल में मौत हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीटा-दो क्षेत्र में हुए अन्य सड़क हादसे में शिशुपाल सिंह (49) की मौत हो गई। वहीं, नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में राजेश कश्यप (51) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि फेज-दो थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में ईस्माइल की मौत हो गई।

### शादी से लौट रहे युवकों से मारपीट

**नोएडा।** हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहे नोएडा के चार युवकों के साथ रोडरेज की घटना में मारपीट की गई। आरोपी मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित युवकों ने नोएडा के थाना सेक्टर.126 में दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है।

## पुलिस को देख भाग रहा बदमाश मुठभेड़ में हुआ लंगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जबकि एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

बदमाश के पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, कारतूस व लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ बिसरख गोल चक्कर पर चेकिंग करने के दौरान पुलिसकर्मियों ने काले रंग की पल्सर बाइक के दो युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार बाइक मोड़कर भाग निकले। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने पीछा किया। सेक्टर. 2ए3 की तरफ रास्ता बंद होने के कारण हड़बड़ी में बाइक फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा।

### हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स को लेकर गाजियाबाद में 50 से अधिक छापेमारी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जैसे ही हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट बैन किया, उसके तुरंत बाद गाजियाबाद में खाद्य एवं औषधि विभाग ने छापेमारी शुरू कर दी थी। छापेमारी में मुख्य रूप से बड़े स्टोर, डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर और मॉल विभाग के निशाने पर थे। छापेमारी में 09 जगह हलाल सर्टिफइड प्रोडक्ट मिले थे।

जिनको जब्त कर लिया गया था और जब्त माल में से एक पैकेट जांच के लिए भेजा गया था। गाजियाबाद में तैनात असिस्टेंट फूड कमिश्नर विनीत कुमार बताते हैं की सरकार के हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट के बैन के आदेशों के बाद तुरंत गाजियाबाद में छापेमारी शुरू की गई थी।

## महिला डॉक्टर ने अपने डॉक्टर पति को बताया नपुंसक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** की रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने पति को नपुंसक बताकर मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला के मुताबिक शादी के बाद उसके पति ने कभी भी उसके साथ ना तो शारीरिक संबंध बनाए ना कभी इसका प्रयास किया। इसके साथ ही महिला डॉक्टर ने अपने ससुराल वालों पर दहेज मांगने और मारपीट करने का भी आरोप लगाया है।

गाजियाबाद की रहने वाली महिला डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जिला गौतमबुद्धनगर निवासी एक डॉक्टर के साथ उसकी शादी 15 जुलाई 2021 को हुई थी। दोनों का यह दूसरा विवाह था। महिला और पुरुष दोनों का तलाक हो चुका था। महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया है की शादी के समय इसे 64 लाख रुपए खर्च कराए गए। शादी के बाद जब अपनी ससुराल पहुंची तो उनकी सास ने सारे जेवरात ले लिए।

उनके परिवार में हुई शादी में इनको नकली ज्वेलरी पहननी पड़ी। आरोप है की शादी के बाद कभी उनके पति ने शारीरिक संबंध नहीं बनाए तथा प्रयास तक नहीं किया। इनका पति बेडरूम से दूर भागता है। पूछने पर कहता है कि उसे पहली शादी का मेंटल ट्रॉमा है। महिला ने आरोप लगाया है कि जब भी वह अपने पति के पास जाती तो जानवरों की तरह पिटाई करता और उसके साथ अत्याचार करता। महिला डॉक्टर के मुताबिक जब उसने ससुराल में इसका जिक्र किया तो सब ने उसे चुप रहने की सलाह दी।

इसके बाद पति ने टेस्ट ट्यूब बेबी के तहत बच्चा पैदा करने के लिए कहा, लेकिन उसमें भी अपनी जांच 3 महीने तक नहीं करवाई। साथ ही महिला डॉक्टर का आरोप है कि वह अपने पति के साथ प्रैक्टिस करती थी, लेकिन जो भी नगद पैसे आते वह पति रिसेप्शन से ले लेता और ऑनलाइन पैसे उसकी सास के अकाउंट में जाते।

### राहुल पंवार बने नोएडा के बेसिक शिक्षा अधिकारी

**नोएडा।** शासन ने शिक्षा विभाग के पांच अधिकारियों का विभिन्न स्थानों पर स्थानांतरण किया है। इसी के तहत राहुल पंवार को गौतमबुद्धनगर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए बनाया गया है। पंवार यहीं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं।

इसी कड़ी में राम प्रवेश को लखनऊ का बीएसए, उपासना रानी वर्मा को कन्नौज का बीएसए तथा हरिकेश यादव को ललितपुर का बीएसए, रामपाल को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के तौर पर तैनात किया गया है। सभी अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये हैं।

## ग्रेटर नोएडा में 2 सोसाइटी में लिफ्ट अटकने से दर्जनों फंसे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा और नोएडा समेत पूरे एनसीआर की विभिन्न सोसायटियों में लगी लिफ्ट के अटकने के मामलों में कोई कमी नहीं आ रही है। सोसायटी मैनेजमेंट इनकी ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा में फिर से दो लिफ्ट अटक गई, जिस कारण एक दर्जन नागरिक करीब आधा घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहे।

ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख कोतवाली क्षेत्र की लॉ रेजिडेंशियल सोसायटी में लगीं दो लिफ्ट अचानक से अटक गई। लिफ्ट के अंदर 8 स्कूली बच्चे सहित 12 नागरिक मौजूद थे। सभी के सभी लिफ्ट में ही फंसे रहे। लिफ्ट दूसरे और तीसरे फ्लोर के बीच अटकी थी। आधा घंटे बाद सोसायटी के लोगों ने सभी को लिफ्ट से बाहर निकाला। लॉ रेजिडेंशियल सोसायटी में रहने वाले एक नागरिक ने बताया कि दो अलग.अलग लिफ्ट में स्कूली बच्चे अपने परिजनों के साथ आधे घंटे से अधिक समय तक अंदर फंसे रहे। लिफ्ट के अटकने के दौरान इमरजेंसी बटन भी काम नहीं कर रहा था। उन्होंने ने बताया कि दो अलग.अलग लिफ्टों में कुल 12 लोग फंसे थे।

### दवा के पैसे मांगने पर अस्पताल कर्मी को पीटा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दवाई के पैसे मांगने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर अस्पताल कर्मी की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट की पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाना दनकौर में आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कराया है।

दनकौर के बाबा सूखामल डालचंद केयर अस्पताल के मैनेजर उमेश कुमार ने बताया 25 नवंबर की रात्रि को ऊंची दनकौर निवासी सत्ते अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। दवाई लेने के बाद कर्मचारी शोएब के पैसे मांगने पर वह भड़क उठा और गाली गलौज कर देख लेने की धमकी देकर चला गया।

## गौतमबुद्धनगर के दनकौर में आवारा पशुओं का आतंक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**दनकौर** कस्बे में आवारा पशुओं के आतंक से लोग काफी परेशान हैं। मुख्य मार्गों पर जमावड़ा लगा होने से लोगों पर हमला करते रहते हैं। पिछले कुछ महीनों में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी नगर पंचायत के अधिकारी इस तरफकोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कस्बे के बिहारी लाल चौक, धनौरी रोड, झाझर रोड, बस अड्डा रोड, कोतवाली चौक लंबा बाजार, टीन का बाजार और सब्जी मंडी समेत मुख्य मार्गों पर आवारा पशु खड़े रहते हैं। जो लोगों पर हमला करते रहते हैं। जब भी कोई वहां से वाहन चालक या पैदल व्यक्ति निकलता है, तो यह उस पर हमला भी कर देते हैं। पिछले कुछ महीनों में कई लोग इनके हमलों से गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। स्थानीय लोगों को कहना है कि कभी.कभी तो यह मुख्य मार्गों पर जमावड़ा लगा कर बैठ जाते हैं। जिसकी वजह से किसी की भी हिम्मत उनको वहां से हटाने की नहीं होती है। सोमवार की देर रात भी कस्बे के कई मार्गों पर आवारा पशु जमावड़ा लगाकर खड़े रहे। जिसकी वजह से लोगों को अन्य रास्तों से जाना पड़ा। स्थानीय निवासी राजू उपाध्या, त्रिलोक और ओमवीर ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों से भी शिकायत की गई है। उसके बावजूद भी इस तरफकोई ध्यान नहीं दिया जाता है। विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की शिकायत डीएम से करने को कहा है। लोगों को कहना है कि पिछले कुछ महीनो में काफी ज्यादा आवारा पशुओं का आतंक बढ़ने से लोग कस्बे में आने से भी डरने लगे हैं। कई बार इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यालय पहुंचकर भी शिकायत की गई है। लेकिन नगर पंचायत का अधिकारी मामला प्राधिकरण का बताकर लोगों को वहां से टरका कर भेज देते हैं।

## लड़की की जबरन शादी पर हाई वोल्टेज ड्रामा

● भाभी ने तय कराई थी ननद की शादी, आगरा जाने पर विवाद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

माता-पिता की मौत के बाद एक नाबालिक लड़की की जबरदस्त शादी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा में नाबालिक किशोरी की भाभी ने अपने एक परिचित से किशोरी की शादी तय कर थी। किशोरी को जबरन आगरा लेकर जाया जा रहा था।

नोएडा के एक सीएनजी पंप पर नाबालिक किशोरी ने आरोपियों के चंगुल से छुटकारा हंगामा कर दिया। जिसके बाद सड़क पर जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने किशोरी के अपहरण सहित अन्य धाराओं में महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना ईकोटेक 3 के प्रभारी ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि कैंप के पास स्थित सीएनजी पंप पर कुछ लोग एक किशोरी को जबरन कार में बैठाने का प्रयास कर रहे हैं और मौके पर काफी भीड़ जमा है। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान 17 वर्षीय किशोरी रागिनी काल्पनिक नाम ने बताया कि वह जेजे कॉलोनी दिल्ली की रहने वाली है और उसके माता.पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने भाई दिलखुश व भाभी सलोनी के साथ वर्तमान में इसको मेट्रो सेंटर के पास गुड़गांव में रह रही है। उसकी भाभी सलोनी अपने दोस्त पवन ठाकुर व चांदनी शर्मा के साथ मिलकर साजिश के तहत उसकी शादी अनजान शख्स जयदेव से कराना चाहते हैं।

किशोरी के मुताबिक वह नाबालिक है और भाभी द्वारा कराई जा रही शादी से खुश नहीं है। इसके बाद पुलिस ने मौके से अजय पुत्र गोपाल, जयदेव पुत्र गीतम सिंह व बबीता शर्मा पत्नी नरेंद्र शर्मा को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़ी गई बबीता शर्मा, जयदेव की रिश्ते की बुआ लगती है। ग्राम मोहम्मदपुर थाना सिकंदरा जनपद आगरा की रहने वाली बबीता शर्मा ने बताया कि जयदेव उसके पास ही रहता है और उसकी शादी नहीं हुई है। जयदेव ने शादी करने को कहा तो उसने अपने भाई की सगी साली चांदनी शर्मा से बातचीत की।

चांदनी के दोस्त पवन ठाकुर ने शादी के लिए रागनी को दिखाया। रागिनी के पसंद आने पर उन्होंने शादी संबंधी कुछ रस्मे चिपियाना में पूरी की। फेरों के लिए आगरा का स्थान नियत हुआ था।

### बिल्डर-बैंक मैनेजर ने लोन के 60 लाख रुपये

**नोएडा।** नोएडा में आशियाना का सपना देखने वाले जमा पूंजी ठगों के हाथों गंवा रहे हैं। ठगों के इस गिरोह में बिल्डरों का साथ जाने.माने बैंकों के मैनेजर व कर्मचारी भी दे रहे हैं। ऐसी ही एक ठगी का शिकार हुए व्यक्ति ने बिल्डर, दो बैंकों के मैनेजर व कर्मचारियों पर 60 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है।

न्यायालय के आदेश के बाद पीड़ित ने थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। मथुरा जिले के ग्राम मुकंदपुर निवासी वेदपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने मैसर्स यूनिवर्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की आवासीय योजना में वर्ष 2019 में अपने व पत्नी रीना देवी के नाम दो फ्लैट बुक कराए थे। बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर व कर्मचारियों ने उन्हें 2 साल के भीतर उन्हें फ्लैट पर कब्जा देने का आश्वासन दिया था।

# देश से नफरत मिटाना के लिए मोदी को हराना जरूरी: राहुल

**एजेंसी।** हैदराबाद

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि उनका लक्ष्य देश में नफरत खत्म करना है और इसके लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराना जरूरी है। उन्होंने यहां नामपल्ली में एक चुनावी सभा में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), प्रधानमंत्री मोदी और कट्टरपंथियों ने पूरे देश में नफरत फैला दी है।

राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का नारा दिया था। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ 24 मामले दर्ज कर दिए गए क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता का कहना था, पहली बार ऐसा हुआ कि मानहानि के मामले में दो साल की सजा मिली। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई।

मेरा सरकारी घर छीन लिया गया। मैंने कहा कि मुझे यह नहीं चाहिए। मेरा घर देश के करोड़ों गरीबों के दिलों में है। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई



करने वाली उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने सोमवार को गांधी को केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित 2018 के मानहानि मामले में तलब किया। राहुल गांधी ने यहां नामपल्ली की रैली में अपने भाषण में उत्तर प्रदेश की अदालत द्वारा उन्हें समन भेजे जाने का कोई जिक्र नहीं किया।

कहा, लड़ाई वैचारिक है और मैं इससे समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर भी हमला बोला और सवाल किया कि आखिर हैदराबाद के सांसद के खिलाफ कितने मामले दर्ज हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती हैं, लेकिन क्या कोई एजेंसी ओवैसी के पीछे पड़ी है? उन्होंने दावा किया, सवाल उठता है कि ओवैसी के खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है और इसका जवाब यह है कि एआईएमआईएम अध्यक्ष, प्रधानमंत्री मोदी की मदद करते हैं।

### राहुल ने एआईएमआईएम पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया

**राहुल** गांधी ने एआईएमआईएम पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने और विभिन्न राज्यों में भाजपा की मदद करने के लिए अपने उम्मीदवार उतारने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य देश से नफरत मिटाना है और इसके लिए दिल्ली में मोदी को हराना होगा। उनका कहना था, अगर मोदी को दिल्ली में हराना है तो सबसे पहले बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को तेलंगाना में हराना होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बीआरएस, भाजपा और एआईएमआईएम एक साथ काम कर रहे हैं।

### तेलंगानाः ऑटो ड्राइवर्स के बीच पहुंचे राहुल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार प्रचार में जुटे हुए हैं।

28 नवंबर को राहुल ने हैदराबाद के जुबली हिल्स में ऑटो चालकों, गिग वर्कर्स और स्वच्छता कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान सभी वर्कर्स ने उनके साथ अपनी तकलीफें साझा की। जिसका वीडियो भी सामने आया है। राहुल के साथ पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और जुबली हिल्स से कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद अजहरुद्दीन भी मौजूद थे। अजहरुद्दीन राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वर्कर्स से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने ऑटो की सवारी करते हुए ऑटो ड्राइवर से भी बात की।

---

## इंदिरा गांधी का शासन मुठभेड़ों और हत्याओं से भरा था: के चंद्रशेखर राव

**एजेंसी।** वारंगल (तेलंगाना)

**मुख्यमंत्री** के.चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस द्वारा तेलंगाना की सत्ता में आने पर इंदिरम्मा राज्यम (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शासन) वापस लाने संबंधी टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री का शासन मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से भरा हुआ था।





तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले मतदान में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवारों के पक्ष में यहां आयोजित अपनी 95वीं चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है, तो शहर को अतिरिक्त नागरिक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अगर बीआरएस राज्य में सत्ता में आती है, तो वृद्धावस्था पेंशन मौजूदा 2,000 से बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। इंदिरा गांधी के शासन का संदर्भ देते हुए राव ने आरोप लगाया, आज कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि अगर वे जीते तो इंदिराम्मा राज्यम लाएंगे। इंदिराम्मा राज्यम कौन चाहता है? इंदिराम्मा राज्यम में क्या हुआ था? यदि यह इतना अच्छा होता, तो एनटीआर को पार्टी क्यों बनानी पड़ती और दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल की पेशकश क्यों करनी पड़ती।

इंदिराम्मा राज्यम आपातकाल, मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से भरा था। उन्होंने आरोप लगाया कि 1969 में कांग्रेस शासन के दौरान तेलंगाना को अलग राज्य बनाने के आंदोलन के दौरान लगभग 400 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जहां तक प्रति व्यक्ति आय का सवाल है, आज तेलंगाना देश में शीर्ष स्थान पर है, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात से भी आगे है। उन्होंने कहा कि यहां एक विशाल टेक्सटाइल पार्क बन रहा है जो एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

---

## डाक मतपत्र खोलना अक्षम्य अपराध: कमलनाथ

### बालाघाट के अफसरो को दे दी कड़े शब्दों में चेतावनी

**एजेंसी।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के बालाघाट में डाक मतपत्रों को खोलने के मसले पर सियासत गर्मा गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने एआरओ हिम्मत सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस मसले पर अधिकारियों को सख्त शब्दों में हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि बालाघाट में जो हुआ है, वह कदाचरण की श्रेणी में आता है।

बालाघाट में सोमवार को एआरओ हिम्मत सिंह ने डाक मतपत्रों की पेटी खुलवाकर विधानसभावार सॉर्टिंग करवाई थी। कांग्रेस ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को शिकायत की थी और आरोप लगाया है कि डाक मतपत्रों में हेराफेरी की गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी मामले की जानकारी मंगाई थी।



भाजपा के प्रवक्ता बालाघाट जिला प्रशासन की कार्रवाई का बचाव करते हुए कांग्रेस के आरोपों पर सवाल उठा रहे हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा लोकतंत्र के बुनियादी उसूल हैं। सोमवार को बालाघाट में डाक मतपत्रों को जिस तरह से खोला गया, वह गंभीर कदाचरण है। उसके बाद सरकारी मशीनरी और जिम्मेदार अधिकारियों ने जिस तरह से इस कृत्य को सही साबित करने की कोशिश की, वह और भी अक्षम्य अपराध है। मैं चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारियों को याद दिलाना चाहता हूं कि इस समय वह निर्वाचन आयोग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं, जो मध्य प्रदेश सरकार से अलग एक स्वायत्त संस्था है। वे इस समय किसी पार्टी या मंत्री के मातहत काम नहीं कर रहे हैं। सभी अधिकारी-कर्मचारियों से निवेदन है कि वह किसी भी असंवैधानिक या गैरकानूनी आदेश का पालन न करें और सिर्फ वही कार्य करें जो करना उनका प्रशासनिक दायित्व है। एक-एक अधिकारी और कर्मचारी की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट जनता के पास है। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करता हूं कि वह अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए कड़े से कड़े संघर्ष के लिए तैयार रहें। तीन दिसंबर को मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर जनता की मुहर लग जाएगी। इसलिए वे निर्द्वंद्व होकर अपने कार्य में जुट जाएं। सत्यमेव जयते।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि जब चुनाव आयोग के ही स्पष्ट निर्देश हैं कि डाक मतपत्रों की भी गणना तीन दिसंबर के दिन सुबह आठ बजे होगी तो बालाघाट में 27 नवंबर को स्ट्रॉन्ग रूम कैसे खोला गया, क्या इस कार्य के लिए चुनाव आयोग के ही निर्देश थे? कलेक्टर आरओ कह रहे हैं कि कांग्रेस को कुछ कंफ्यूजन है तो फिर नोडल अफसर को सस्पेंड क्यों किया गया? असली दोषी तो वही कलेक्टर है,जिनसे उक्त कृत्य की अब निर्वाचन पदाधिकारी जांच करवाएंगे! क्या राज्य की पूरी जनता मूर्ख और समझदार सिर्फ आप ही हैं? मिश्रा ने तो अनुपम राजन पर भी भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा दिया।

### भाजपा ने साझा किया कांग्रेस प्रतिनिधि के हस्ताक्षर वाला कागज

**भाजपा** प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने बालाघाट बैलेट पेपर वाले मामले में कांग्रेस के आरोपों को झूठ बताया है। उन्होंने कहा कि खुद कांग्रेस के संगठन मंत्री का बयान सामने आ चुका है कि गफ़लत हो गई थी , हम संतुष्ट है। साथ ही यह है वो हस्ताक्षर वाला प्रमाण, जिसमें कांग्रेस के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पोस्टल बैलेट पेपर के बंडल जमाने का कार्य किया गया था। अब झूठे आरोप लगाने वाले कांग्रेस के नेता माफी मांगे। हालांकि, कांग्रेस के स्थानीय नेताओं का आरोप है कि तीन बजे स्ट्रॉन्ग रूम खोला जाना था। उसे डेढ़ बजे ही खोल दिया गया। जब हम पहुंचे तो वहां डाक मतपत्रों के बंडल बनाए जा रहे थे। हमारे प्रतिनिधि वहां मौजूद थे तो स्ट्रॉन्ग रूम को सील करने की बात पर ही उन्होंने संतुष्टि जताई है।

### एआरओ को निलंबित करने की यह बताई वजह

इससे पहले कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने एआरओ हिम्मत सिंह को निलंबित करने की भी यही वजह बताई थी। गिरीश मिश्रा का कहना है कि हिम्मत सिंह ने तीन बजे स्ट्रॉन्ग रूम खोलने की मौखिक अनुमति ली थी। उन्होंने डेढ़ बजे ही स्ट्रॉन्ग रूम खोल दिया। यह नियमों के विपरीत है। इसी वजह से उन्हें निलंबित किया गया है।

---

## तेलंगाना प्रचार अभियान थमा 30 नवंबर को होगा मतदान

**एजेंसी।** हैदराबाद

**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया और अब 30 नवंबर को राज्य में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, शाम पांच बजे चुनाव प्रचार अभियान थम गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने विभिन्न पाबंदियां लगा दी हैं।

निर्वाचन आयोग ने नौ अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसके बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। राज्य में 3.26 करोड़ पात्र मतदाता हैं। राज ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए 2.5 लाख से अधिक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में तैनात होंगे। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में है जबकि कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए जी जान लगा रही है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी सत्ता में आने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी है। चुनाव में बीआरएस प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर), उनके पुत्र केटी रामा राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और भाजपा के लोकसभा सदस्य बंदी संजय कुमार, डी. अरविंद और सोयम बापूराव समेत 2,290 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## सोनिया ने की तेलंगाना के लोगों से समर्थन की अपील

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन एक वीडियो संदेश जारी कर प्रदेश के मतदाताओं से उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की और कहा कि दोराला तेलंगाना (सामंतियों का तेलंगाना) को प्रजाला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) बनाकर तेलंगाना मां के शहीद बेटों का सपना पूरा करना है।

लोगों का यह आह्वान भी किया कि वे बदलाव के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाएं। उनके संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के प्रमुख रहते वर्ष 2014 में नए तेलंगाना राज्य का गठन हुआ था।



तेलंगाना में कांग्रेस समर्थक आमतौर पर उन्हें सोनिया अम्मा के नाम से पुकारते हैं। सोनिया गांधी ने वीडियो संदेश में कहा, तेलंगाना की मेरी बहनों और प्यारे भाइयों नमस्कारम, मैं आप सबके बीच नहीं आ पाई, लेकिन मैं आप सबके दिल के बहुत करीब हूं। तेलंगाना मां के शहीद बेटों का सपना पूरा होते देखना चाहती हूं। मैं दिल से चाहती हूं कि दोराला तेलंगाना को हम सब प्रजाला तेलंगाना में बदल दें। आपके सपनों को साकार करें और आपको एक सच्ची और ईमानदार सरकार दें। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा, आपने मुझे सोनिया अम्मा कहकर अपार श्रद्धा और सम्मान दिया है। मुझे मां समान माना, इस प्रेम और आदर के लिए मैं आपकी सदा आभारी रहूंगी और आपके प्रति हमेशा समर्पित रहूंगी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, तेलंगाना की अपनी बहनों, माताओं, बेटों-बेटियों और भाइयों से मेरी गुजारिश है कि इस बार अपनी पूरी शक्ति बदलाव लाने के लिए इस्तेमाल करें। कांग्रेस के लिए वोट करें। तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है।

### मतगणना में गड़बड़ी की आशंका

## सरकारी कर्मचारियों पर दबाव बना रही भूपेश सरकार: बीजेपी

**एजेंसी।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** चुनाव खत्म होने के बाद अब दावों, कयासों और आशंकाओं का दौरा चल रहा है। इसी कड़ी में वरिष्ठ बीजेपी विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर मतगणना में गड़बड़ी की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार मतगणना में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों पर काउंटिंग में कांग्रेस को फायदा पहुंचाने के लिए दवाब बना रही है।

उन्होंने संदेह जताया कि मतगणना के दौरान धांधली कर निर्दलीय और अन्य प्रताशियों के मतों को कांग्रेस के प्रत्याशियों के खाते में जोड़ा जा सकता है। हालांकि इस प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भाजपा अपने पोलिंग एजेंट्स को तैयार कर रही है।

सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उनको विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ भाजपा के पक्ष में माहौल दिखाई दे रहा है। यहां के युवाओं, महिलाओं और किसानों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इसके लिए बृजमोहन अग्रवाल ने जनता का आभार जताया है।

---

# दिल्ली में बारिश के चलते हवा बेहद खराब, हनुमानगढ़ में प्रदूषण गंभीर

**हनुमानगढ़ में प्रदूषण के कारण अभी भी संकट की स्थिति बनी हुई है, जबकि बारिश के बावजूद दिल्ली समेत छह शहरों में हवा बेहद खराब है**

**देश** में हनुमानगढ़ सहित सात शहरों में हवा अभी भी जीवंत बनी हुई है। हनुमानगढ़ में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, जहां प्रदूषण पर अभी भी आपत्तिजनक स्थिति बनी हुई है। वहीं बारिश के बावजूद दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार जरूर आया है लेकिन अभी भी हवा दमघोंटू है। दूसरी तरफ अगर देश में सबसे ज्यादा साफ शहर की बात करें तो अरियालूर में हवा सबसे ज्यादा साफ रही। जहां एक्यूआई 18 दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ कई शहरों में प्लास्टिक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, स्थिति किस दर्जर की कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी के स्वामित्व में है, इसी तरह से लगाया जा सकता है कि बड़े शहरों को पीछे छोड़ दिया जाए हनुमानगढ़ में एयर स्टुअर्ट 400 के पार है। वहीं, दिल्ली में भी बिल्डर 312 दर्ज किया गया है, ऐसा नहीं है कि प्रदूषण का खतरा केवल शहरों तक ही सीमित है, इस मामले में छोटे शहर भी पीछे नहीं हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो छपरा-बठिंडा समेत छह शहरों की हवाएं बेहद खराब हैं। वहीं सबसे खतरनाक सीकर समेत 35 शहरों में हालात खराब हैं, जहां प्रदूषण का स्तर 200 के पार है।

कुछ शहरों में तो हालात इतने खराब हो गए हैं कि वहां दुस्वार तक



सांस लेना शुरू हो गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 28 नवंबर 2023 को जारी रिपोर्ट के अनुसार देश के 242 में से 30 शहरों में हवा बेहतर रही। जहां 80 शहरों में एयरोस्पेस संतोषजनक थी। वहीं, 90 शहरों में एयरोस्पेस मध्यम रही।

सिंगरौली-प्रयागराज में 35 शहरों में प्रदूषण का स्तर दमघोंटू शामिल है, जबकि पाइपलाइन-छपरा में छह शहरों में प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। जहां हनुमानगढ़ (408) में प्रदूषण का संकट स्थिति स्तर तक पहुंच गया है, कुल मिलाकर देखें तो इन शहरों में स्थिति खराब है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां एयरक्वालिटी बेहद खराब श्रेणी में है, जहां एयर स्केल 83 रैंक 312 पर पहुंच गया है। दिल्ली के बेडरूम में 250, गुड़गांव में 196, ग्रेटर में 274 पर पहुंच गया है। देश के अन्य प्रमुख शहरों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो मुंबई में एयरोस्क्राइटर डिटेक्टर 61 दर्ज किया गया है, जो प्रदूषण के संतोषजनक स्तर को दर्शाता है। जबकि लखनऊ में यह 246, चेन्नई में 44, चंडीगढ़ में 163, बेंगलुरु में 83, जयपुर में 141 और पटना में 230 दर्ज किए गए।

### देश के इन शहरों में हवा रही सबसे साफ

देश के प्रमुख जिन 30 शहरों में एयरोस्पेस 50 या अन्य नीचे यानी बेहतर रहे, उन्हें अनंतपुर 38, अरियालूर 18, बागलकोट 46, बेलगाम 46, चामराजनगर 42, चेंगलपट्टू 28, शहर 44, चिकबलपुर 32, चिकमगलुरु 32, चित्तूर 42 , कुडालोर 29, एलूर 39, गडग 46, होसुर 47, कडपा 30, कलबुर्गी 40, कांचीपुरम 20, करौली 44, कोल्लम 49, मैसूर 48, पलाकालाईपेरुर 26, पुडुचेरी 41, रामानगर 43, मयापुरम 31, सलेम 32, शिवमोगा 49, सिल्चर 38, तिरुवनंतपुरम 39, थूथुकुडी 37 और रेस्तरां 50 शामिल हैं। वहीं आगरा, अमायरपुर, अजमेर, अकोला, अमरावती, गोवर्धन (महाराष्ट्र), बदलापुर, बारां, बेलापुर, बंगले, भिवंडी, बीदर, बिलासपुर, ब्रजराजनगर, ढोली, छात्र, चित्तौड़गढ़, कोयंबटूर, दावणगेरे, धारवाड़, जवाहराबाद, गांधीनगर, गंगटोक, हसन, हावेरी, हुबली, हैदराबाद, इंफाल, जबलपुर, जलगांव, जालना, झालावाड़, आंशिक रूप से, कल्याण, कजाकिस्तान, काशीपुर, खुर्जा, कोमा, कोल्हापुर, कोप्पल, कोरबा, कोटा, तालिकूर, मदिकेरी, मैहर, मंडी खंड, मंगलौर, मिलुपारा, मुंबई, नासिक, पलवल, पंचकुला, इंस्टीट्यूट, पुणे, रायचूर, राजसमंद, त्रिपुरा, ऋचा, सागर, सांगली, सवाई माधोपुर, शिलांग, सिलीगुड़ी, सिरोही, शिवसागर, सोलापुर, टेनेसा, ठाणे, त्रिशूर, तिरुपुर, तुमकुरु, तुमीडीह , टोक्यो, उडुपी, उल्हासनगर, वटवा, विजय विश्व, वृन्दावन और याद आदिगीर 80 शहरों में हवाई कीटोकीम रही, जहां से 51 से 100 के बीच प्रवेश किया गया।

### एयरोवेस्कुलर डिटेक्टर के इस तरह समझें

देश में वायु प्रदूषण के स्तर और वायु गुणवत्ता की स्थिति को आप इस अध्ययन से समझ सकते हैं जिसके अनुसार यदि हवा साफ है तो उसे प्रमाणित करने में 0 से 50 के बीच प्रवेश होता है। इसके बाद एयरोनोक्विसी के दस्तावेज़ होने की स्थिति तब बनती है जब असेम्बली 51 से 100 के बीच होती है। इसी तरह 101-200 का मतलब है कि वायु प्रदूषण का स्तर मध्यम श्रेणी का है, जबकि 201 से 300 के बीच की वायु गुणवत्ता की खराब स्थिति को खत्म करना है।

-साभार-डीटीई

## एनजीटी ने 21 राज्यों और केंद्रशासित उपभोक्ताओं से उत्तर मांगा

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अपना जवाब मांगा है। इसके साथ ही ट्रिब्यूनल ने केंद्रीय जंगली प्राधिकरण, जल शक्ति मंत्रालय और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

बता दें कि जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है उनमें आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, बिहार, गुजरात, त्रिपुरा और झारखंड आदि शामिल हैं। इस मामले में अगली सुनवाई नौ फरवरी 2024 को होगी। ऐसे में एक हफ्ते पहले तक सभी राज्यों और केंद्रशासित उद्यमियों को अपना जवाब देना होगा। यह मामला 26 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित एक खबर के आधार पर कोर्ट स्वत: रोमन में लिया गया है। इस खबर में कहा गया है, संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि भारत में 2025 तक निम्न स्तर तक पहुंच जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में गंगा घाटी के कुछ हिस्से पहले ही किसानों की कमी से खत्म हो रहे हैं। और वो चरम सीमा को पार कर चुके हैं। वहीं, पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक भूस्खलन का खतरा गंभीर रूप से गिर सकता है। वहीं सेंट्रल टाइगर अथॉरिटी ने अपनी 22 नवंबर, 2023 की रिपोर्ट में कहा है कि देश में हॉर्स की स्थिति




**जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पेट्रोलियम कंपनियों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है उनमें आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, बिहार, गुजरात, त्रिपुरा और झारखंड शामिल हैं**

में सुधार के लिए सरकार द्वारा सभी उपाय किए गए हैं।

हालांकि एनजीटी के मुताबिक सेंट्रल बोर्ड बोर्ड की 2022 की वार्षिक जारी रिपोर्ट में कोर्ट के कंसॉलिडरी रिपोर्ट से कुछ अलग ही तस्वीरें पेश की गई हैं। उदाहरण के लिए, रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि 2022 में डुप्लिकेट से पहले के जल स्तर की 2019 में इसी अवधि के दौरान चल रहे जल स्तर से तुलना करने पर पाया गया है कि विश्लेषण में 69.7 प्रतिशत आंकड़े शामिल हैं, 11,744 कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का संकेत दिए गए हैं, जबकि करीब 29 प्रतिशत प्रति माह की गिरावट आई है। रिपोर्ट से कई क्षेत्रों में जंगलों के हो रहे भारी दोहन का पता चला है, विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात जैसे क्षेत्रों में, जहां शुष्क जलवायु के जंगल कम रिचार्ज होते हैं, उद्योग के कारण से दबाव बढ़ रहा है। वहीं अन्य देशों के प्रायद्वीपीय जंगलों, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ प्रायद्वीपों में बड़े पैमाने पर दोहन में भूसा देखा गया है। रिपोर्ट में सींच, मिट्टी के प्रकार, कृषि जलवायु क्षेत्र, जल संरक्षण और जल संसाधनों से बने पुनर्भरण पर ध्यान दिया गया है।

# स्मिथ और जम्पा तीसरे टी-20 मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया लौटे

## भारत के खिलाफ आखिरी तीन मैच से पहले कंगारू टीम में कई बदलाव



**एजेंस। केनबेरा**

**भारत** के खिलाफ खेले जा रहे पांच मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी तीन मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया में कई बदलाव किए गए हैं। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा गुवाहाटी में तीसरे टी-20 मैच से पहले ही ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया की विजेता टीम के हिस्सा रहे छह खिलाड़ियों को आखिरी तीन मैचों से आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। एडम जम्पा और स्टीव स्मिथ गुवाहाटी में तीसरे टी-20 मैच से पहले ही ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। वहीं ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोयनिस, जोश इंग्लिस और शॉन एबट के तीसरे मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटने का प्रोग्राम है। बता दें, जम्पा ने वर्ल्ड कप 2023 में 23 विकेट लिए और एक एडिशन में बतौर स्पिनर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड की बराबरी की। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट टीम में शामिल हो चुके हैं। वो दोनों आज रात खेले जाने वाले तीसरे टी-20 के लिए उपलब्ध हैं। वहीं, बेन ड्वारशुइस और स्पिनर क्रिस ग्रीन चौथे मैच से पहले रायपुर में टीम में शामिल होंगे। क्रिस ग्रीन के पास डेब्यू करने का मौका है। वहीं, ड्वारशुइस को एक इंटरनेशनल मैच का अनुभव है। फिलिप तीन वनडे और 10 टी-20 मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं मैकडरमॉट 5 वनडे और 23 टी-20 इंटरनेशनल खेले हैं।

### हेड-टु-हेड रिकॉर्ड

भारत ने 23 नवंबर को विशाखापट्टनम में खेले गए पहले मैच में मेहमान टीम को 2 विकेट और 26 नवंबर को दूसरे मैच में 44 रन से हराया। मेजबान भारत और कंगारू टीम के बीच अब तक टी-20 फॉर्मेट में कुल 10 सीरीज खेली गई हैं। इसमें पांच में भारत जीता और दो में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है।

# अदिति ने सत्र का अपना दूसरा यूरोपीय टूर खिताब जीता

**पायनियर समाचार सेवा। मार्बेला**



**भारत** की स्टार गोल्फर अदिति अशोक ने अंतिम दौर में बोगी रहित प्रदर्शन करते हुए एंडालूसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डि एस्पाना टूर्नामेंट जीता, जो सत्र का उनका दूसरा लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) खिताब है। अदिति ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने रविवार को नीदरलैंड की एने वान डैम (68) को दो शॉट से हराया। यह अदिति का मौजूदा सत्र का दूसरा और कॅरिअर का पांचवां एलईटी खिताब है।

टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहीं अदिति ने मौजूदा सत्र में केन्या में भी खिताब जीता था। भारत की ही दीक्षा डागर (67) 10 अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहीं। मौजूदा सत्र में सिर्फ आठ प्रतियोगिताएं खेलने वालीं अदिति रेस टू कोस्टा डेल सोल रैंकिंग में चौथे जबकि दीक्षा तीसरे स्थान पर रहीं। रेस टू कोस्टा डेल सोल रैंकिंग में त्रिचाट चेंग्लाब शीर्ष पर रहीं।

# गायकवाड की शतकीय पारी के आगे जूझते नजर आए आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी



**एजेंसी। गुवाहाटी**

भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 223 रन का टारगेट दिया। खबर लिखे जाने तक जवाब में ऑस्ट्रेलियाई ने चार ओवर में बिना नुकसान के 46 रन बना लिए हैं। ट्रैविस हेड और एरोन हार्डी क्रीज पर थे। इससे पहले, गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में मंगलवार को भारतीय टीम ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 222 रन बनाए। पारी के आखिरी ओवर में 30 रन बने।

ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने 57 बॉल पर 123 रन की पारी खेली। उन्होंने टी-20 करियर का पहला शतक जमाया। गायकवाड ने सिक्स के साथ सेंचुरी पूरी की। गायकवाड ने अपनी पारी में 13 चौके और 7 छक्के जमाए। तिलक वर्मा 31 रन पर नाबाद रहे, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 39 रन की पारी खेली। डेथ ओवर्स यानी 17-20 ओवर में भारतीय बल्लेबाजों ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जेसन बेहरनऑफ किफायती रहे, उन्होंने 17वें ओवर में केवल 7 रन दिए। इसके बाद एरन हार्डी के ओवर में तिलक वर्मा और गायकवाड की जोड़ी ने 25 रन बनाए। आखिरी ओवर में मैक्सवेल के सामने गायकवाड ने शानदार बल्लेबाजी की और पूरे 30 रन बनाने के साथ ही अपना पहला शतक भी पूरा किया। गायकवाड और वर्मा के बीच 141 रन की पार्टनरशिप हुई। मैक्सवेल का ओवर ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 इतिहास में सबसे महंगा ओवर था।

### मिडिल ओवर्स में ऋतुराज गायकवाड की हाफ सेंचुरी

**ईशान** किशन और यशस्वी जायसवाल के विकेट के बाद मिडिल ओवर में सूर्यकुमार यादव और ऋतुराज गायकवाड ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 57 रन की पार्टनरशिप हुई। 11वें ओवर में सुर्यकुमार यादव आउट हो गए। यहां से तिलक वर्मा ने उनका साथ दिया। 14वें ओवर में गायकवाड ने अर्धशतक रपूरा किया। मिडिल ओवर्स में भारत ने 105 रन बनाए और एक विकेट खोया।

### पावरप्ले में टीम इंडिया की धीमी बल्लेबाजी

**पावरप्ले** टीम इंडिया के लिहाज से औसत रहा। 6 ओवर में भारतीय बल्लेबाज 2 विकेट पर 43 रन ही बना सके। ओपनिंग करने उतरे यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड की जोड़ी ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और पहले ही ओवर में 14 रन बना डाले। उसके बाद बेहरनडर्फ ने पारी के दूसरे ओवर में जायसवाल (6 रन) को आउटकर टीम इंडिया को पहला झटका दिया। अगले ही ओवर में केन रिचर्ड्सन ने ईशान किशन को जीरो पर पवेलियन लौटाया। यहां भारतीय बल्लेबाज दबाव में दिखे।

## बुमराह के खामोश स्टेटस पर लग रही अटकलें

मुंबई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली जिसके बाद से सोशल मीडिया पर उसके बारे में कई अनुमान लगाए जा रहे हैं।

बुमराह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया, कभी-कभी खामोशी सबसे अच्छा जवाब होता है। यह स्टेटस उनकी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) से जुड़ी है। इंस्टाग्राम स्टोरी आमतौर पर 24 घंटे तक रहने के बाद अपने आप हट जाती है। बुमराह को भावनाओं पर काबू रखने और कम बोलने वाले क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है। उन्हें अपनी गेंदबाजी से जवाब देना ज्यादा पसंद है। वह भारतीय टीम की किसी भी श्रृंखला के दौरान मैच से पहले या बाद की कुछ बातचीत के अलावा मीडिया से बचते रहे है। वह सोशल मीडिया पर भी ज्यादा सक्रिय नहीं रहते हैं। इस इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रतिक्रिया को लेकर बुमराह से संपर्क नहीं हो सका। बुमराह ने चोट के कारण लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहने बाद खेलों में शानदार वापसी की है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने रणसिंघे को बर्खास्त किया

## रोशन ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को किया था सस्पेंड

### हरिन फर्नांडो को सौंपी गई जिम्मेदारी





**एजेंसी। ढाका**

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति रानिल विमसिंघे ने सोमवार को खेल मंत्री रोशन रणसिंघे को बर्खास्त कर दिया। बता दें, वर्ल्ड कप 2023 में खराब प्रदर्शन के बाद रणसिंघे ने छह नवंबर को पूरे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) बोर्ड को निलंबित कर दिया और विश्व विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अगुआई में अंतरिम समिति गठित कर दी थी।

इसके बाद अपील कोर्ट ने एक दिन बाद स्पष्ट को बहाल कर दिया था। रोशन रणसिंघे के बाहर होने से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा एसएलसी के निलंबन को हटाने में आसानी हो सकती है, हालांकि यह निश्चित नहीं है। पर्यटन एवं भूमि मंत्री हरिन फर्नांडो को रोशन की जगह खेल एवं युवा मामले की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले, सोमवार को रोशन ने संसद में राष्ट्रपति के खिलाफ आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि देश के क्रिकेट प्रशासन में भ्राचार उजागर करने के कारण उनकी जान को खतरा है।

वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रोशन ने छह नवंबर को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को बर्खास्त कर दिया था। श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक अंतरिम बोर्ड का गठन भी किया था। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था कि देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके बाद अपील कोर्ट ने एक दिन बाद एसएलसी को बहाल कर दिया था।

# कुछ भी आसान नहीं पर भारत टी-20 विश्वकप के बड़े दावेदारों में: रवि शास्त्री

**एजेंसी। मुंबई**



**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अगले साल होने वाले टी 20 विश्व कप खिताब के लिए भारत को बड़ा दावेदार करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि चैंपियन बनने के लिए इस टीम को आखिरी दो नॉकआउट मैचों में विजेता बनना होगा। भारतीय टीम को वनडे विश्वकप में शानदार अभियान के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

शास्त्री ने एक कार्यक्रम के इतर कहा, 'कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। यहां तक कि महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भी विश्वकप जीतने के लिए छह विश्वकप का इंतजार करना पड़ा। आप विश्वकप (आसानी से) नहीं जीतते, एक विश्वकप जीतने के लिए आपको बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

उस बड़े दिन (फाइनल) अच्छा प्रदर्शन करना होता है।' उन्होंने कहा, ' फाइनल में पहुंचने के बाद यह मायने नहीं रखता कि आपने टूर्नामेंट में पहले क्या किया है।' उन्होंने कहा, ' जब आप शुरुआती बाधा को पार कर लेते हैं तो सिर्फ शीर्ष चार टीम होती हैं और आपको आखिरी दो मैच में अच्छा करना होता है। उन दो मैचों में अगर आपका प्रदर्शन अच्छा रहा तो आप चैंपियन बनते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा ही किया, वे अपने शुरुआती दो मैच हार गए थे लेकिन उन्होंने जब अच्छे प्रदर्शन की जरूरत थी तब अच्छा किया।

भारत के इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि आगामी टी-20 विश्वकप के लिए भारत के पास कई युवा खिलाड़ी हैं। टी 20 विश्वकप का आयोजन चार जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होगा। उन्होंने कहा, 'वनडे प्रारूप में शायद यह आसान नहीं होगा क्योंकि आपको फिर से टीम का गठन करना होगा। लेकिन टी-20 क्रिकेट (विश्व कप) में भारत गंभीर चुनौती पेश करेगा।

## पंजाब ने हरियाणा को राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीती

**चेन्नई।** पंजाब ने गत चैम्पियन हरियाणा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर मंगलवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीत ली।

पंजाब और हरियाणा का स्कोर निर्धारित समय तक 2 . 2 से बराबर था। पंजाब ने शूटआउट में 9.8 से जीत दर्ज की। पंजाब के लिए हरजीत सिंह ने 13वें मिनट में पहला गोल किया। हरियाणा के संजय ने 25वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। पंजाब और भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा लेकिन आठ मिनट बाद हरियाणा के रजत ने बराबरी का गोल कर दिया। शूटआउट में हरियाणा के लिए संजय, दीपक और अभिषेक ने गोल किए। पंजाब के लिए हरमनप्रीत, सिमरनजीत और सुखजीत सिंह ने गोल किए। मुकाबला सडन डैथ में चला गया और सातवें पेनल्टी शूटआउट में सिमरनजीत ने विजई गोल दागा। तमिलनाडु ने कर्नाटक को पेनल्टी शूटआउट में 5 . 3 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# आजम पर लगे जुर्माने को पीसीबी ने माफ किया

**पायनियर समाचार सेवा। कराची**



**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के दौरान अपने बल्ले पर फलस्तीन के झंडे का इस्तेमाल करने पर विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान पर लगाए गए 50 प्रतिशत मैच फीस के जुर्माने को मंगलवार को पूरी तरह से माफ कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान के बेटे आजम पर दो दिन पहले पीसीबी मैच रेफरी ने मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया था क्योंकि उन्होंने अपने बल्ले से फलस्तीन के झंडे का स्टीकर हटाने से इनकार कर दिया था।

आजम मैच के दौरान अंपायर के निर्देशों का पालन करने में बार-बार विफल रहे। यह पीसीबी के खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहायक कार्मिक के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4 का उल्लंघन है। पीसीबी ने जुर्माना पूरी तरह से माफ करने का कोई कारण नहीं बताया। बोर्ड ने इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी कि आजम आगामी मैचों में अपने बल्ले से स्टीकर हटाने के लिए सहमत हुए है या नहीं। पीसीबी ने एक संक्षिप्त विज्ञप्ति में कहा, मैच अधिकारियों द्वारा आजम खान पर लगाए गए 50 प्रतिशत जुर्माने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने समीक्षा की है और उसे माफ कर दिया है। पीसीबी ने कहा, कराची व्हाइट्स टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज को नेशनल बैंक टी20 कप 2023-24 मैच के दौरान कराची स्टेडियम में लाहौर ब्लूज के खिलाफ लेवल-एक के अपराध का दोषी पाया गया था। इसके कारण मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। इस मैच का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण हो रहा था।

### जुर्माने को लेकर हुई थी सोशल मीडिया पर अलोचना

आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को अपने उपकरण या पहनाने पर बिना अनुमति के किसी तरह के प्रदर्शन या व्यक्तिगत संदेश देने की अनुमति नहीं है। इसके लिए पीसीबी क्रिकेट संचालन विभाग द्वारा पहले से मंजूरी की जरूरत है। इस जुर्माने से सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया और क्रिकेट प्रशंसकों और लोगों ने जुर्माना लगाने के लिए बोर्ड की आलोचना की।





# हॉकी शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने स्पेन में आगामी पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारी के मद्देनजर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए मंगलवार को 39 सदस्यीय कोर ग्रुप टीम की घोषणा की। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए नए दृष्टिकोण के साथ तैयारी करना चाहते हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। अब टीम 15 दिसंबर से वालेंसिया में पांच देशों का टूर्नामेंट खेलेगी। विश्व चैम्पियन जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन टूर्नामेंट की अन्य टीम हैं। पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर बुधवार से बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शुरू होगा। फुल्टन ने कहा, हांगझोउ एशियाई खेलों के सफल अभियान के बाद लंबा ब्रेक रहा। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया और मुझे भी कुछ युवा और उभरते हुए खिलाड़ियों को करीब से खेलते हुए देखने का मौका मिला। कहा, हम अब पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों में नए दृष्टिकोण के साथ बेंगलुरु के साइ केंद्र में एकजुट होंगे। फुल्टन ने कहा, जैसा कि मैंने कहा है कि यह एक प्रक्रिया है और हम एशियाई खेलों के अभियान पर गौर करेंगे और समझेंगे कि हम बतौर टीम कैसे बेहतर कर सकते हैं और इस दिशा में ही आगे काम करेंगे। राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में वो सभी 18 खिलाड़ी हैं जिन्होंने पिछले महीने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, पिछले हफ्ते काफी अच्छे रहे क्योंकि हमने परिवार के साथ समय बिताया और चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने घरेलू राज्य के लिए भी खेले।

## रोनाल्डो ने दिखाई खेल भावना पेनल्टी लेने से किया इनकार

**रियाद।** अल नासर के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोमवार को यहां खेल भावना का शानदार नजारा पेश करते हुए ईरान के पर्सेपोलिस क्लब के खिलाफ एशियाई चैम्पियंस लीग (एसीएल) के गोलरहित ड्रॉ मुकाबले में खुद को मिले पेनल्टी मौके को रद्द करने में मदद की। रोनाल्डो मैच के शुरुआत में ही बॉक्स के अंदर गिर गए और रैफरी ने तुरंत ही पेनल्टी प्रदान कर दी। लेकिन रोनाल्डो ईमानदारी दिखाते हुए इस पेनल्टी का विरोध कर रहे पर्सेपोलिस के खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए। फिर रैफरी मा निंग ने पिच के पास लगे मॉनिटर पर इसकी जांच की और अपने फैसले को पलट दिया। अल नासर के डिफेंडर अली लाजिमी को मैच के 17 मिनट के अंदर ही लाल कार्ड दिखा दिया गया जिससे टीम 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर थी। अल नासर ग्रुप ई विजेता के तौर पर पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इसी ग्रुप में कतर के अल दुहेल ने ताजिकिस्तान के इस्तिकलोल को 2-0 से हराकर पहली जीत हासिल की जिसमें कीनिया के स्ट्राइकर माइकल ओलुंगा ने दोनों गोल दागे। ग्रुप सी में सऊदी अरब चैम्पियन अल इतिहाद ने उज्बेकिस्तान के एजीएमके को 2-1 से हराकर नॉकआउट चरण में क्वालीफाई किया।



## नामीबिया ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई।** नामीबिया ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को बताया कि नामीबिया अफ्रीका क्षेत्र क्वालीफायर अंकतालिका में 10 अंक और प्लस 2 . 643 के रनरेट के साथ शीर्ष पर रहा। टी20 विश्व कप अगले साल चार से 30 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि नामीबिया पांचों मैच जीतकर शीर्ष पर रहा और तीसरी बार यह टूर्नामेंट खेलेगा। इसने अपनी वेबसाइट पर कहा, नामीबिया दस अंक लेकर शीर्ष पर है और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बना ली है।

# आज इंग्लैंड के खिलाफ मौके का फायदा उठाना चाहेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी। मुंबई**



**भारतीय** महिला ए टीम बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। श्रृंखला यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेली जाएगी, जिसका दूसरा मैच एक दिसंबर और तीसरा मैच तीन दिसंबर को होगा। ये टीम के इन तीन मैचों के बाद भारत और इंग्लैंड की सीनियर महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेंगी।

सीनियर टीम के सभी मैच मुंबई में होंगे जिसकी शुरूआती छह दिसंबर को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। भारतीय महिला क्रिकेटरों के लिए यह व्यस्त सत्र होने वाला है क्योंकि इंग्लैंड के बाद आस्ट्रेलिया का भारत में एक लंबा दौरा होगा, जिसमें एकमात्र टेस्ट के अलावा तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। भारत की महिला सीनियर टीम की घोषणा अभी की जानी है। भारत ए टीम की अगुआई केरल की मीनू मणि करेंगी। ए टीम की खिलाड़ियों के लिए यह श्रृंखला प्रेरणा का काम करेगी क्योंकि इसके प्रदर्शन से वे खुद को सीनियर टीम में चयन के लिए दावेदार बनाना चाहेंगी। मणि ने चार महीने पहले जुलाई में बांग्लादेश के दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था जिससे इस 24 साल की आल राउंडर के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

वह महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेली थीं। इस ए श्रृंखला में ध्यान भारत की संभावित खिलाड़ी कर्नाटक की श्रेयंका पाटिल पर भी लगा होगा, जिन्होंने साल के शुरू में महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था और वह महिलाओं की कैरेबियाई प्रीमियर लीग से करार करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बनी थीं। पंजाब की बल्लेबाज कनिका आहूजा के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाहें होंगी जिन्होंने एसीसी महिला एमर्जिंग टीम्स कप के फाइनल में 30 रन बनाकर और दो विकेट झटककर हरफनमौका प्रदर्शन किया था। युवा ऑफ स्पिनर मन्नत कश्यप पर भी निगाहें लगी होंगी जबकि जी त्रिशा, दिनेश वृंदा और जी दिव्या से भी अच्छा प्रदर्शन करने की आस है। इंग्लैंड ए ने अभी अपनी टीम घोषित नहीं की है जो ओमान में ट्रेनिंग शिविर के बाद यहां आई है।

### भारत महिला ए टीम

मीनू मणि (कप्तान), कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), श्रेयंका पाटिल, जी त्रिशा, वृंदा दिनेश, ज्ञानानंदा दिव्या, आरुशी गोयल, दिशा कसाट, राशि कनौजिया, मन्नत कश्यप, अनुषा बारेड्डी, मोनिका पटेल, काश्वी गौतम, जिन्तिमणि कलिता, प्रकाशिका नाइक।